हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

Koylanchal samvad news

रांची, सोमवार, 30 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 138

www.koylanchalsamvad.com

अमित शाह की हरियाणा में 5 लाख नौकरियों की गारंटी:बोले- लेटर...

इजराइल के खौफ से सारी दुनिया सहमी, संयुक्त राष्ट्र...

फूलगोभी की अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए...

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्णः कृषि मंत्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने अच्छी तरह से शोध किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम बनाये जाने की जरुरत बताई। चौहान ने डिजिटल रूप से हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद कहा कि कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संस्थान को विस्तार कार्य के हर पहलू पर ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम न केवल पारंपरिक होने चाहिए, बल्कि आज की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सक्षम होने चाहिए।उन्होंने फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चौहान ने झारखंड के डाल्टनगंज में प्रदेश में अरहर खेती में गिरावट आने को लेकर चिंता व्यक्त की और घोषणा की कि केंद्र दालों की खरीद करेगा।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक आतंकी ढेरः एनकाउंटर का दूसरा दिन; शनिवार को हेड कॉन्स्टेबल की मौत हुई थी

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बिलावर तहसील स्थित कोग-मंडली में रविवार को दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।



अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर एक आतंकी मारा गया है। उसका शव बरामद हो गया है। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस आनंद जैन ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शनिवार, 28 सितंबर को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। उन्हें तीन से चार विदेशी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। देर शाम आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल बशीर अहमद की मौत हो गई। डीएसपी और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर घायल हुए थे। दोनों अधिकारियों की हालत अभी स्थिर है। कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में भी शनिवार, 28 सितंबर को एनकाउंटर हुआ। इसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए। साउथ कश्मीर के डीआईजी जाविद इकबाल मट्टू ने भास्कर को बताया कि आदिगाम एनकाउंटर में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है।

### जम्मू में भाषण देते हुए बेहोश हुए खड़गेः बोले- इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं; जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहूंगा

**श्रीनगरः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कल कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत



बिगड़ गई। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं। लेकिन इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शनिवार को सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में पुलिस हेड कॉन्स्टेबल शहीद हो गया था। डीएसपी और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर घायल हुए थे। दोनों अधिकारियों की हालत अभी स्थिर है। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस आनंद जैन ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शनिवार, 28 सितंबर को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। उन्हें तीन से चार विदेशी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। रविवार को दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी था।

# मन की बात के 10 साल पूरे होने पर पीमए मोदी ने कहा- कार्यक्रम मंदिर में पूजा करने जैसा, सभी मीडिया को धन्यवाद

## पीएम बोले- बाइडेन ने अपनापन दिखाया, 300 कलाकृतियां लौटाईं, इनमें देवी-देवता, बुद्ध, श्रीकृष्ण की मूर्तियां शामिल

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 114वें एपिसोड में कहा- हमारी यात्रा को 10 साल हो चुके हैं। यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था। 10 साल पूरे होने के समय नवरात्रि का पहला दिन होगा। मन की बात के कई पड़ाव हैं, जिन्हें मैं भूल नहीं सकता। यह कार्यक्रम मेरे लिए मंदिर में पूजा करने जैसा है। पीएम मोदी ने कहा कि हाल की अमेरिका यात्रा के को लेकर बहुत मैसेज मिले। हमारी प्राचीन कलाकृतियों को लेकर बहुत चर्चा हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनापन दिखाया। उन्होंने भारत को करीब 300 कलाकृतियों वापस लौटाई। इनमें से कुछ 4 हजार साल पुरानी हैं।



### मोदी की मन की बात की प्रमुख बातें

**1. कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर**

मन की बात मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर पूजा करना। मैं सभी मीडिया को धन्यवाद करता हूं, क्योंकि उन्होंने इस कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाया है। यूट्यूबर्स ने इस पर कई कार्यक्रम किए हैं। मुझे अच्छा लगता है जब लोग ये कहते हैं कि उन्होंने मन की बात को स्थानीय भाषा में सुना। इस यात्रा के दौरान कई ऐसे साथी हैं, जिनका निरंतर सहयोग मिलता रहा है। एक धारणा ऐसी घर कर गई है, कि जब तक चटपटी नकरात्मक बातें न हों तब तक उसे तवज्जोह नहीं मिलती। मन की बात ने इसे गलत साबित किया है। चकोर पक्षी बारिश की बूंद ही पीता है। मन की बात में भी लोग देश के लोगों की उपलब्धियों को ध्यान से सुनते हैं। हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं कीर्तिमान जुड़ जाते हैं। हमारे देश में कई लोगों का जीवन निस्वार्थ सेवा में लगा है। उनके बारे में जानकार मैं गर्व से भर जाता हूं।

**2. जल संरक्षण पर**

पिछले कुछ सप्ताह से देश के अलग हिस्सों में जबरदस्त बारिश हो रही है। ये हमें जल संरक्षण के बारे में याद दिलाता है। मुझे खुशी है कि इसके लिए कई लोग पहल कर रहे हैं। यूपी के झांसी में एक ऐसी ही पहल हुई है। यहां हमेशा पानी की किल्लत रहती है। यहां की महिलाओं ने जल सहेली बनकर मृतप्राय हो चुकी गुरारी नदी को बचाया है। इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू को भरकर पानी को बचाया। नदी को पानी से लबालब भर दिया। इससे क्षेत्र के लोगों की जल समस्या दूर हुई है। मुझे मध्यप्रदेश के दो प्रयासों की जानकारी मिली है। डिंडोरी के रैपुरा गांव में शारदा आजीविका स्वसहायता समूह ने फिश पार्लर शुरू किया है। छतरपुर में भी महिलाओं ने गांव के तालाब को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया।

**3. स्वच्छता अभियान पर**

देश के हर हिस्से में स्वच्छता को लेकर कोई न कोई प्रयास चल रहा है। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के 10 साल हो रहे हैं। ये महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि है, जो पूरे जीवन भर इसके लिए प्रयासरत रहे। मेरा आप सबसे आग्रह है कि आप भी अपने परिवार दोस्तों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लें।

**4. अमेरिकी यात्रा पर पीएम मोदी ने कहा**

हम सभी को अपनी विरासत पर गर्व है। मेरी अमेरिकी यात्रा के दौरान अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 कलाकृतियों को वापस लौटाया है। इनमें फूलदान, देवी-देवता, बुद्ध, श्रीकृष्ण की मूर्तियां शामिल हैं। पशु, महिला-पुरुष की टेराकोटा मूर्तियां भी हैं। वापस की गई चीजों में भगवान विष्णु की कलाकृतियां भी हैं। इनमें से बहुत सी कलाकृतियों को तस्करी और दूसरे तरीकों से देश के बाहर ले जाया गया। ये विरासत को खत्म करने जैसा है। पिछले कई सालों में इनकी घर वापसी हुई है। मुझे विश्वास है जब हम अपनी विरासत पर गर्व करते हैं तो दुनिया भी उसका सम्मान करती है। इसलिए आज विश्व के कई देश हमारी कलाकृतियों को वापस दे रहे हैं।

**5. ओडिशा की संथाली भाषा पर**

संथाली को डिजीटल इनोवेशन से नई पहचान देने का प्रयास किया गया है। भारत के अलावा नेपाल भूटान और बांग्लादेश में इसे बोलने वाले मौजूद हैं। ओडिशा के मयूरभंज के रामजी ने एक ऐसा प्लेटफार्म बनाया है, जहां संथाली भाषा का साहित्य पढ़ा जा सकता है। जब उन्होंने मोबाइल का इस्तेमाल शुरू किया तो उन्हें यह दुख हुआ कि संथाली को लेकर उसमें कुछ नहीं था।

**6. मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने पर**

इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान के 10 साल पूरे हुए हैं। मैं बात कर रहा हूं 'मेक इन इंडिया' की। आज मुझे ये देखकर बहुत खुशी मिलती है कि गरीब, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है।त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प भी जरूर दोहराइए। कुछ भी खरीदेंगे, वो मेड इन इंडिया ही होना चाहिए, कुछ भी गिफ्ट देंगे, वो भी मेड इन इंडिया ही होना चाहिए।

**7. एक पेड़ मां के नाम अभियान पर**

जब हमारे दृढ़ संकल्प के साथ सामूहिक भागीदारी का संगम होता है तो पूरे समाज के लिए अदभुत नतीजे सामने आते हैं। इसका सबसे ताजा उदाहरण है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान। ये अदभुत अभियान रहा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल कर दिखाया है।

## हेमंत सोरेन ने पप्पू यादव के पिता को दी श्रद्धांजलि

# सांसद बोले- हेमंत मेरे दिल की गहराइयों में हैं, हम दोनों का रिश्ता सगे भाई जैसा

**पूर्णियाः** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के पिता का 17 सितंबर को निधन हो गया था। आज प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ है। सभा रंगभूमि मैदान में जारी है। इसमें झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शामिल हुए। साथ ही सांसद मीसा भारती भी कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम अतिथियों के आगमन तक चलेगा। खाद्य एवम उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, भू राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जयसवाल भी प्रार्थना सभा में पहुंचे। सांसद के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि दी।



हेमंत सोरेन ने सांसद के पिता के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस वक्त वे कोई भी राजनीतिक बयान नहीं देंगे। सांसद पप्पू यादव के पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं। दुख के इस घड़ी में वे उनके साथ हैं। वहीं, पप्पू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हेमंत देश के ऐसे इकलौते मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सिस्टम के खिलाफ लड़ा। जेल गए फिर जेल से बाहर निकलकर सरकार बनाई। हेमंत मेरे दिल की गहराइयों में हैं। हम दोनों का रिश्ता सगे भाई का है।

### खान सर ने सांसद से की मुलाकात

सभा से पहले शनिवार को खान जीएस एकेडमी के डायरेक्टर और फेमस टीचर खान सर ने शनिवार रात सांसद से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान खान सर ने कहा कि पप्पू यादव सांसद ही नहीं बल्कि जन नेता हैं। इसलिए वे लोगों के बीच काफी पॉपुलर हैं। उनके समर्थकों की कमी नहीं है। परिस्थिति कैसी भी हो वो सबके साथ खड़े रहते हैं। पिता के स्पोर्ट से सभी आगे बढ़ते हैं। शिक्षक इस कठिन घड़ी में उनसे मिलने और दुःख बांटने पहुंचे है। उनके पिता के निधन की खबर सुनकर वे मर्माहत हुए।

### सांसद ने लोगों के लिए एम्बुलेंस किया समर्पित

सांसद ने दो एम्बुलेंस भी समर्पित किया है। इसका मकसद है कि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। 20 गाय, 300 बकरियां और 200 सिलाई मशीनें गरीबों को दान की है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### दानिश रिज़वान ने भी सांसद से की मुलाकात

एमएलसी कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव, हम पार्टी के प्रवक्ता दानिश रिजवान ने सांसद से मुलाकात की। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक कोटे के पूर्व अध्यक्ष मिन्नत रहमानी और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नेता सौरभ पाण्डेय भी अर्जुन भवन स्थित सांसद कार्यालय पहुंचे। वे करीब 1 घंटे तक अर्जुन आवास यहां रहे। दिलीप जायसवाल, लेसी सिंह, मंत्री जमा खान, शाहनवाज हुसैन, रामकृपाल यादव, आलोक रंजन झा, तारिक अनवर, दिनेश चंद्र यादव, आनंद मोहन ने सांसद से मुलाकात की।

# झारखंड में कांग्रेस का चुनावी अभियानः गांधी जी की 155 वीं जयंती से होगी शुरुआत, दो चरणों में कार्यक्रम

**रांचीः** कांग्रेस का चुनावी अभियान पूरे प्रदेश में गांधी जी के 155 वीं जयंती के अवसर पर औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा। पिछले एक महीने में 24 जिलों में 25 "संवाद आपके साथ" कार्यक्रम किए गए। जिसका समापन हो गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने को लेकर लोगों की बातें सामने आई। अब लोगों से सीधा संवाद होगा। ये बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कही। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर समितियों की बैठक चल रही है। इसी कड़ी में पूरे झारखंड के डेलिगेट्स, प्रखंड अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं की वृहद बैठक कल यानी 30 सितंबर को होगी। जिसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सप्तगिरि शंकर, उलका सिरीबेला प्रसाद, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे।

इसी दिन मेनिफेस्टो कमेटी के लोगों से भी वरीय नेतागण मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सत्य,अहिंसा,शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी की जयंती को पूरे विश्व स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी जयंती पर चुनावी अभियान प्रारंभ करने के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी जी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों का स्मरण एवं विस्तृत चर्चा किया जाएगा। वहीं देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान देने वाले टाना भगतों का विशाल कार्यक्रम बीजूपाड़ा में सोमा टाना भगत की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा।

### दो अक्टूबर से शुरू हो जाएगा अभियान

सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2 अक्टूबर से अभियान प्रारंभ होगा। राज्य के नेताओं की चार टीम बनाई गई हैं,जो पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलाएगी। जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे तथा सीट बंटवारे के पश्चात दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलेगा। विधानसभा स्तर पर संवाद यात्रा हर टोला, गांव तक जाएगी। 15 अक्टूबर से जिला स्तर के नेता पंचायत में अभियान चलाएंगे। इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को लोगों तक पहुंचाना है। चुनाव में जाने के लिए हमारे पास सरकार के किए हुए कार्य पूंजी के रूप में है,हमारे नीतियों में भविष्य के विकास की झलक है।

# 38वें राष्ट्रीय खेल में शामिल खेलों को मान्यता देगा झारखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन

**रांचीः** झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन ने राज्य में खेलों के विकास के लिए कुछ अहम निर्णय लिए हैं. पिछले दिनों जेओए की आयोजित बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया था कि देहरादून में आयोजित होनेवाले 38वें नेशनल गेम्स में जो भी खेल शामिल होंगे, उन्हें झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन मान्यता प्राप्त खेलों की कैटेगरी के तहत मान्यता देगा. इसकी जानकारी देते हुए जेओए के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में गैर मान्यता प्राप्त खेलों को भी नेशनल गेम्स में जगह दी जा रही है और इसके तहत उनकी प्रतिस्पर्धा आयोजित हो रही है. अतः झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन उन सभी गैर मान्यता प्राप्त खेलों के विकास के लिए उन्हें मान्यता देगा जो आगामी 38वें नेशनल गेम्स में शामिल किये जायेंगे. यह मान्यता रिकॉगनाइज कैटेगरी के तहत बगैर वोटिंग के अधिकार के होगी. उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा और अपने सभी संबंधित कागजात जमा करने होंगे. झारखण्ड में एक से अधिक संघ होने की स्थिति में उन्हें आपस में समझौता करना होगा. गोवा नेशनल गेम्स में आयोजित किये गए विभिन्न खेलों के लिए भी आवेदन किया जा सकता है.

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का ऐलान, लोजपा लड़ेगी झारखंड चुनाव; अकेले या गठबंधन पर चल रहा विमर्श

**रांचीः** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गठबंधन में या अकेले चुनाव लड़ने सहित सभी विकल्पों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। यह बयान उस समय आया है जब हिमंत विश्व शर्मा का बड़ा बयान आया था। इसी के साथ पासवान ने अपने पिता को याद करते हुए भी इस चुनाव को जोड़ा।




### हिमंत विश्व शर्मा की घोषणा के बाद आया बयान

पासवान ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को घोषणा की थी कि भाजपा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के साथ मिलकर लड़ेगी। लोजपा (रामविलास) केंद्र में भाजपा वाली राजग सरकार का हिस्सा है।

### यह मेरे पिता की कर्मभूमि रही

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि लोजपा की प्रदेश इकाई गठबंधन या अकेले चुनाव लड़ने सहित सभी विकल्पों पर विचार-विमर्श कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोजपा (रामविलास) का मजबूत जनाधार है। पासवान ने कहा कि जब मेरा जन्म हुआ तब झारखंड एकीकृत बिहार का हिस्सा था। यह मेरे पिता की कर्मभूमि रही है। पार्टी ने राज्य में मजबूत जनाधार बनाया है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

### झारखंड मेरी जन्मभूमि, अकेले चुनाव लड़ने की सोच रहा

धनबाद रवाना होने से पहले रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए चिराग ने कहा कि झारखंड मेरी जन्मभूमि है. उन्होंने इस बात को बड़े ही तार्किक अंदाज में क्लीयर भी किया. बताया कि जब मेरा जन्म हुआ था तब झारखंड बिहार एक ही था. इस वजह से झारखंड भी मेरी जन्मभूमि है. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि तमाम पहलुओं पर विचार किया जा रहा है. एक तरफ गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने की सोच रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ पार्टी अकेले चुनाव लड़ने पर भी विचार कर रही है. चिराग ने कहा कि झारखंड मेरे पिता की कर्मभूमि रही है. पार्टी ने तय कर लिया है कि चुनाव हर हाल में लड़ा जायेगा.

चिराग पासवान ने कहा कि विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव में आरक्षण समाप्त करने का झूठा प्रचार किया और मतदाताओं को गुमराह प्रयास किया. चिराग ने कहा कि जब तक वह जिंदा है कोई भी गरीबों की हकमारी नहीं कर सकता है. दलितों, पिछड़ों से आरक्षण का हक नहीं छीन सकता है. चिराग ने कहा कि मेरा जन्म झारखंड में हुआ है. मेरे पिता रामविलास पासवान की जन्मभूमि भी झारखंड ही है. क्योंकि जब मेरे पिता एवं मेरा जन्म हुआ उस झारखंड भी बिहार में ही था. मेरे पिता की कर्मभूमि भी झारखंड ही रही है. विकसित झारखंड बनाने के लिए सिर पर कफन बांध कर निकले हैं. सभी युवा, मजदूर, किसान एकजुट हो कर मेरा साथ दें. मैं विकसित झारखंड का वादा पूरा करके दिखाऊंगा. सिंह मैंसन गेट पर बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने समर्थकों के साथ केंद्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया.

# रानी-ऐश्वर्या को बेस्ट एक्ट्रेस, शाहरूख को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड

दुबई के अबू धाबी में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड (आईफा 2024) चल रहा है. 27 सितंबर से चल रहा अवॉर्ड फंक्शन आज 29 सितंबर को समार्त होगा. फंक्शन के दूसरे भी अबू धाबी बॉलीवुड सितारों से जगमग रहा. हिंदी से लेकर साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स ने आईफा अवॉर्ड फंक्शन में धूम मचाया. बॉलीवुड की जानी मानी हस्तियां हेमा मालनी, रेखा, शाहरुख, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर, कृति सनेन, सिद्धांत चतुर्वेदी, ऐश्वर्या राय, अनन्या पांडे समेत कई सितारों ने चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. वहीं शाहरुख खान और विक्की कौशल ने होस्टिंग कर शो में समां बांध दिया. एक तरफ इस इवेंट में कई बड़े स्टार्स ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी. वहीं दूसरी तरफ कई स्टार्स को उनकी परफॉर्मेंस के लिए अवॉर्ड मिला. बॉलीवुड के किंग खान को फिल्म जवान के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया. वहीं मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस के आवॉर्ड से नवाजा गया.

### जानें किसे मिला कौन सा अवॉर्ड

- **बेस्ट एक्टर** : शाहरुख खान
- **बेस्ट एक्ट्रेस**: रानी मुखर्जी
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर** : अनिल कपूर
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस** : शबाना आजमी
- **बेस्ट परफॉर्मेंस इन नेगेटिव रोल** : बॉबी देओल
- **बेस्ट फिल्म** : **एनिमल** – भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रणय रेड्डी वांगा
- **बेस्ट डायरेक्टर** : विधु विनोद चोपड़ा – 12वीं फेल
- **बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन** : प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, अशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर
- **बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल** : भूपिंदर बब्बल – अर्जन वैली
- **बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल** : शिल्पा राव – चलेया

### बॉलीवुड की इन हस्तियों को स्पेशल से नवाजा गया

- भारतीय सिनेमा में आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट्स : हेमा मालिनी
- डेब्यूटेंट ऑफ द ईयर : अलिजेह अग्निहोत्री
- **बेस्ट स्टोरी** : इशिता मोइत्रा, शशांक खेतान, सुमित रॉय

## वार्ड सदस्य संघ ओरमांझी ने लिया हड़ताल वापस



ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का एक 30 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल वार्ड सदस्य संघ, ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यम राज कुशवाहा एवं महासचिव सोना लाल महतो के नेतृत्व में खिजरी के माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप जी से मिला और अपनी सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। जिसमें मानदेय बृद्धि, दैनिक भत्ता और यात्रा भत्ता का नियमित भुगतान, 5 लाख का दुर्घटना बीमा,कार्यकारिणी समिति द्वारा पंचायत के योजनाओं के लिए वेंडर एवं लाभुक समिति का चुनाव करना और सरकारी योजनाओं का लाभ वार्ड सदस्यों को भी देने का मांग किया गया। विधायक जी ने मांग पत्र को पढ़ा और कहा कि आप लोगों का सभी मांग जायज है और मैं झारखंड सरकार के पास आपसभी की बातें रखूंगा और आपलोगों का मांग पूरा करने का प्रयास करूंगा। विधायक जी के विश्वास पूर्ण आश्वासन के पश्चात सभी वार्ड सदस्यों ने विचार विमर्श करके अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य करमु पाहन, मगनु मुण्डा,जगरनाथ बेदिया, किरण देवी, योगिता देवी, निशा टोप्पो, रेहाना खातुन,सोनी प्रवीण,महेंद्र उरांव, संजय वेदिया, भोला महली, शंकर मुंडा, सुनीता देवी,नकुल उरांव,यमुना देवी एवं अन्य गणमान्य वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## निवर्तमान वार्ड पार्षद सह जिला योजना समिति सदस्य ने मृतक के परिजनों को दाह संस्कार में किया सहयोग



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) :विश्रामपुर नप के वार्ड 12 झगरुआ गांव निवासी ललन विश्वकर्मा (70) की मौत आज हो गयी। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। मृतक के परिजनों ने निवर्तमान वार्ड पार्षद सह जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा से अंतिम क्रिया-कर्म हेतु लकड़ी की मांग की। जिसके बाद संजय बैठा ने मृतक ललन विश्वकर्मा के दाह संस्कार के लिय परिजनों को मदद किया। दाह-संस्कार के लिये अपनी ओर से लकड़ी उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर मुरारी विश्वकर्मा,तारकेश्वर,असर्फी विश्वकर्मा,विश्वनाथ,नन्हक साव,जयराम यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की हुई बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार को बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अंचलाधिकारी श्रवन झा ने की व संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया।इस मौके पर बरही डीएसपी सुरजीत कुमार,थाना प्रभारी राजेश भोक्ता,बिडीओ रोश्मा डूंग डूंग, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवर प्रसाद, मौजूद थे।बरही डीएसपी सुरजीत कुमार ने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, फायर सेफ्टी को लेकर उचित व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से बेरीकेटिंग, वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए पूजा कमेटी को निर्देश दिया। थाना प्रभारी राजेश भोक्ता ने दुर्गा पूजा का पर्व आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। कहा कि कोई भी भ्रामक खबर न फैलाएं. ऐसे लोगों पर पैनी नजर पुलिस की रहेगी तथा मामला संज्ञान में आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।वहीं सरकारी गाइडलाइन की जानकारी पूजा समिति के पदाधिकारियों को दी गई। इस अवसर पर विभिन्न पूजा समिति के उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया।इस मौके पर इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य युसूफ अंसारी, डालेश्वर पंडित, जिप सदस्य प्रतिनिधि यमुना साव, कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, दिनेश प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि सरजू प्रसाद, बीरेंद्र शर्मा, मनोज यादव, मुंशी पासवान, रामखेलावन यादव, अवध राय, विकास यादव, सूरज मोदी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## युवक का शव घघरा तालाब में मिला,परिजनों ने हत्या कि आशंका जताई



ओरमांझी।ओरमांझी थाना क्षेत्र के सिलदीरी गांव निवासी साजिद अंसारी 39वर्षीय युवक का शव रविवार क्रो गुमला के घाघरा चुनरी तालाब में रविवार कि सुबह लगभग 10 बजे मिला,जिससे स्थानीय पुलिस के मौजूदगी में ग्रामीणों ने मछली मारने वाले जाल से शव क्रो तालाब से बाहर निकाल कर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार क्रो वह दिन के दो बजे घर से निकला था,शाम होने पर घर वापस नहीं आने पर उसकी खोजबीन की गई , देर रात खोजबीन करने के बाद सुबह 10बजे शव मिलने कि सूचना हम लोगों को मिली, परिजनों को जब खबर मिली तो वह घटनास्थल पर जाने की कोशिश करने लगे,मगर पता चला कि घटना स्थल से शव क्रो उठा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. जिसके बाद परिजन रिम्स पहुंचे, युवक का शव अपने घर से 120 किलोमीटर दूर पर मिलने से लोग अचंभित हैं, परिजन ने हत्या का आशंका जता रहे हैं.मृतक युवक के गांव में मातम का माहौल है,परिजनों का तो रो-रो कर बुरा हाल है .मालूम हो कि मृतक युवक खेलगांव स्थित टेक्सटाइल फैक्ट्री ओरिएंट क्राफ्ट में सिलाई का काम करता था, और अपने घर का लालन पालन किया करता था, युवक का दो बेटा और एक बेटी है तीनों बच्चे छोटे छोटे है,वहीं घर में बूढ़ी माँ और उनकी पत्नी है, घर का कोई कमाने खाने वाला नहीं बचा है,कहां जा रहा है कि घर के चिराग बुझाने से बूढी मां और बाल बच्चों के लालन पालन में काफी दिक्कत होगा।

## नदी में नहीं है पुल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शनःपुल नहीं तो वोट नहीं, लगाए नारे

गिरिडीहः गिरिडीह के गावां प्रखंड के चेरवा गांव के ग्रामीणों ने पुल और सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। दरअसल सेरुआ पंचायत में एक चेरवा गांव बसा है। यहां गांव जाने के लिए सकरी नदी से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे बरसात के समय में लोगों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ता है। हालांकि गांव जाने के लिए एक और रास्ता है। लेकिन वह 2-3 किमी दूर पड़ता है। इस कारण लोग इसी नदी से होकर आवाजाही करते हैं। यह नदी आधा दर्जन से अधिक गांवों के साथ तिसरी प्रखंड को भी जोड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि यहां पुल और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद-विधायक के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के पास गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई पहल नहीं हुआ और अब चुनाव आ गया है। इस कारण हमलोग वोट बहिष्कार करने की घोषणा कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने पुल नहीं तो वोट नहीं के साथ नारेबाजी की।

# कार्डायबकॉन 2024 सम्मेलन का आयोजन किया गया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : रविवार 29 सितम्बर 2024 को वार्षिक आयुर्विज्ञान सम्मेलन कार्डायबकॉन 2024 का आयोजन किया गया । इस सम्मेलन में झारखण्ड एवं पड़ोसी राज्य के गणमान्य चिकित्सकों ने भाग लिया ।



डॉ मनीषा घई ने बताया कि शाकाहारी प्रोटीन का उपयोग श्रेयस्कर है । डॉ सबा ने प्रोटीन, काम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, वसा, मिनरल्स, विटामिन के साथ जल का सेवन महत्वपूर्ण है ।
डॉ जगनाणी ने ईसीजी में पी वेभ के महत्व में होनेवाले अरिद्मिया के डायगनोसिस एवं उपचार बताया । डॉ रोहित अग्रवाल ने टेलीमेडिसिन के मेडिकोलीगल आस्पेट्स को बताया एवं इससे रोगियों को बचना चाहिए।
डॉ कुशाग्र महंसरिया ने डिस्लिपिडीमिया में नूतन ओषधि इन्क्लीसिरान के उपयोग को बताया । डॉ एच एन राय ने हृदयाघात में एस्पिरीन, स्टैटीन एवं नाइट्रेट के महत्वपूर्ण बताया ।
डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप के नियन्त्रण को बच्चे के उचित ग्रोथ के लिए महत्वपूर्ण बताया । डॉ ए के सिंह एवं डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने एको पर डायस्टॉलिक डिसफंक्शन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ।
डॉ भदानी ने मधुमेह में इन्सुलिन के महत्व बताया कि रक्त शर्करा नियन्त्रण के लिए आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए । डॉ प्रज्ञा पन्त ने रीनल फेल्योर में ट्रांस्प्लाण्ट के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ।
डॉ साकेत सोनी ने उच्च रक्तचाप के उपचार में नूतन ओषधि के उपयोग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया । डॉ राजेश झा ने हृदयाघात में एञ्जियोप्लास्टी को लाभकारी बताया ।
डॉ दीपक गुप्ता ने ईसीजी से हृदयाघात के डायगनोसिस बताया । डॉ नुपुर वाणी ने टाइप वन डायबिटीज में ओषधि के साथ इन्सुलिन को आवश्यक बताया । डॉ ललित कपूर ने रोबोटिक कार्डियक सर्जरी की उपयोगिता बताई ।
डॉ जयन्त घोष ने गट माइक्रोबायोटा के उपयोग को मधुमेह एवं वृक्क रोग को लाभकारी बताया । डॉ अमर ने नवयुवक एवं नवयुवतियों में गड़बड़ जीवनशैली एवं शिथिलता को हृदयाघात का कारण बताया ।
डॉ अरविन्द आर्य ने रेजिस्टेंट हाइपरटेंशन का उपचार बताया । डॉ अजय पटवारी ने टाइप वन डायबिटीज के नूतन उपचार के साथ स्वस्थ्यकर जीवनशैली को आवश्यक बताया ।
डॉ सीमा पटवारी ने अनियन्त्रित मधुमेह डायबिटिक रेटिनोपैथी को कारक बताया । डॉ पंकज मिश्र ने सी के डी में डायलिसिस से क्वालिटी ऑफ लाइफ में होने वाले सुधार को बताया ।
डॉ पल्लवी मिश्र ने मधुमेह में हार्ट फेल्योर में रक्त शर्करा के नियन्त्रण एवं एस जी एल टी टू इन्हिबीटर्स की उपयोगिता बताई । डॉ सौरभ ने शल्य चिकित्सा के लिए स्वस्थ्य स्थिरता होना आवश्यक है अन्यथा जानलेवा हो सकता है ।
डॉ अजय छाबड़ा ने मधुमेह के नियन्त्रण में ओरल सिमाग्लुटाइड एवं एकार्बोज के महत्व को बताया । डॉ गगन गुंजन ने डायबिटिक फुट पर व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं ऑफ लोडिंग को आवश्यक बताया ।
डॉ आशुतोष मिश्र ने डायबिटीज रेमिशन के लिए मोटापे में कमी के महत्व को बताया । डॉ रवि कचेला ने ब्रैडीअरिद्मिया में पेसमेकर को उपयोगी उपचार बताया ।
डॉ अविनाश दूबे ने गर्भावस्था में रीनल डिजीज के उपचार को आवश्यक बताया । उन्होंने यह भी बताया कि उपचार रोगी के अनुसार होना चाहिए जिसमें कॉम्लीकेशन से बच सके
डॉ वी के ढाणढनिया ने मधुमेह में बीटा ब्लॉकर्स के लाभ को बताया । उन्होंने एवं डॉ अशोक वैद्य ने क्रमशः हृदय एवं वृक्क रोग में फिनरीनॉन की उपयोगिता बताई कि इससे हाईपरकैलिमिया का रिस्क कम होता है । साथ ही मेटाबॉलिक डीजीज में एस जी एल टी टू इन्हिबीटर्स की उपयोगिता बताई।

## सोनू कॉन्सेप्ट एकेडमी में जैक 10वीं कक्षा का गणित ओपन टेस्ट हुआ संपन्न कदाचार मुक्त परीक्षा हुई

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चतराः चतरा के नगवां बाईपास रोड स्थित झारखंड एकेडमिक काउंसिल ) कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए सोनू कॉन्सेप्ट एकेडमी में आयोजित गणित ओपन टेस्ट में अधिक संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस टेस्ट में छात्रों की संख्या ने रिकॉर्ड तोड़ दिया और एकेडमी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया।



इस टेस्ट में उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सोनू कॉन्सेप्ट एकेडमी के शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस टेस्ट के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।
इस कोचिंग संस्थान के निदेशक सोनू सर ने कहा कि यह ओपन टेस्ट एक मील का पत्थर है जो हमारे एकेडमी की प्रतिबद्धता और हमारे छात्रों को दर्शाता है|
निदेशक सोनू सर ने यह भी कहा कि दिसम्बर और जनवरी में class 10th की पूरी सिलेबस और सभी विषय की ओपन टेस्ट ली जाएगी इसके लिए विद्यार्थियों को और मेहनत करने के लिए सुझाव दिया और प्रेरित किया ।
इस टेस्ट के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे और छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार दिए जाएंगे। सोनू कॉन्सेप्ट एकेडमी के छात्रों ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और एकेडमी को गौरवान्वित किया है।

## भाजपा नेता अविनाश आर्या ने शुरू किया पदयात्रा बरही विधानसभा क्षेत्र की जन समस्याओं को बनाया मुद्दा

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चौपारण (हजारीबाग) प्रबुद्ध समाजसेवी भाजपा नेता अविनाश आर्या ने बरही विधानसभा क्षेत्र के चोरदाहा पंचायत से अपनी विकास पद यात्रा का शुभारंभ किया। इस यात्रा के क्रम में चोरदाहा, संझा, चौपारण महाराजगंज,बारा, केंदुआ मोड़ बेंदुआरा, नीमा, दैहर और बेढ़ना आदि गांव का दौरा किया। इस क्रम में अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क कर उनके बीच जागरूकता लाने का काम किया।
विशेष रूप से बरही विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर लोगों से उन्होंने परिचर्चा की। बरही विधानसभा




क्षेत्र में रोजगार के लिए युवाओं के पलायन की समस्या पर श्री आर्या काफी मुखर दिखे। इसके अलावे रोजगार के अभाव में लोगों के द्वारा कई तरह के अवैध कार्य मजबूरी में किया जा रहे हैं इस विषय पर भी उन्होंने चर्चा की। विदित हो कि अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति क्षेत्र में अपनी पहचान बन चुके अविनाश आर्या किसी परिचय के मोहताज नहीं है। इनके द्वारा बरही विधानसभा क्षेत्र में कई उल्लेखनीय सामाजिक कार्य किए गए हैं जो अपने आप में एक मिसाल हैं। आज की यह यात्रा विकास के मुद्दों से जनता को रूबरू कराने का एक छोटा सा प्रयास है। आज की यात्रा चोरदाहा पंचायत से आरंभ होकर बेला पंचायत में समाप्त हुई ।

## विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने तीन सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का किया शिलान्यास

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने आज विश्रामपुर प्रखंड में तीन सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का शिलान्यास किया। जिसमे पीडब्ल्यूडी रोड से बघमनवा,विश्रामपुर से घरटिया व विश्रामपुर से कौडिया सड़क शामिल है। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता बघमनवा पंचायत की मुखिया मंजू देवी व संचालन भाजपा नेता मनीष कुमार ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विकास के मामले में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड में सबसे अव्वल है। यहां हमने गांव - गांव,गली - गली सड़कों का जाल बिछवा दिया है। क्षेत्र का हर गांव एक दूसरे से जुड़ चुका है। सभी गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग से जुड़ गया है। यातायात को सुगम बनाने हेतु सभी नदी नालों पर पुल पुलिया का निर्माण करवा दिया गया है। विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर स्थित है। हर गांव में बिजली पहुंचा दी गई है। श्री चंद्रवंशी ने शिलान्यास समारोह में



उपस्थित जनसमूह से अपील किया कि काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। इससे पहले विधायक श्री चंद्रवंशी ने बघमनवा पंचायत सचिवालय में कार्यक्रताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र यादव,मनोज शुक्ला,गोपाल सिंह,उप मुखिया सुनिता देवी,वार्ड सदस्य शोभा देवी,सुषमा देवी,मानो देवी,उदय यादव,शिवकुमार साव,संजय यादव,धर्मेंद्र पाल,ललन पटेल,प्यारी यादव,राजेन्द्र यादव, रामनाथ विश्वकर्मा,संतोष विश्वकर्मा,अजय यादव,सीताराम पाल,मंगर पाल,लखन पाल,उपेंद्र पाल,मुकेश पाल,गोबिंद रजक, राजेन्द्र साव,लखन साव,बलराम साव,बबलू पाल,प्रेम यादव,बिरजू पाल, भीखम पाल,बलराम प्रसाद गुप्ता,अनीरूद बैठा,गोविंद बैठा,सतेंद्र विश्वकर्मा,विजय बवाली,संजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया

तमाड़ - तमाड प्रखंड क्षेत्र के तोड़ाग मैदान में आदिवासी समुदाय द्वारा जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में हजारों की संख्या मे आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए जिसमे पांच सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया। दिउड़ी दिरी मामले को लेकर पुरे झारखंड के गाँव मुहल्ले कसवो चौक चौराहे में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन एक अक्टूबर को आदिवासी समुदाय व्दारा किया जायेगा। साथ ही स्थानीय विधायक का भी पुतला दहन किया जायेगा।दिउड़ी मन्दिर मामले में गिरफ्तार पूर्ण चंद्र सिंह मुंडा राधा कृष्ण सिंह मुंडा की रिहाई। दिउड़ी मन्दिर ट्रस्ट को भंग किया जाय।



आदिवासी समुदाय के धामिर्क स्थलों के संरक्षण के लिए धार्मिक ट्रस्ट का गठन। जनाक्रोश रैली में झारखंड सहित उड़ीसा, बंगाल के आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। रैली को धर्म गुरु बंधन तिग्गा,देव कुमार धान, प्रेम शाही, लक्ष्मी नारायण सिह मुडा, राजेश मुन्डा करम सिंह मुंडा सुरज मुन्डा भुवनेश्वर मुन्डा अनिल मुन्डा दिना साडील रामधन मुन्डा मानिक सरदार सिदाम मुन्डा सोमा पातर रायमनी मुन्डा सहित कई महिलाओं ने भी सम्बोधित किया।

## चतरा उपायुक्त नियोजन अधिनियम 2021 का अवहेलना करने वाले नियोजकों के प्रति सख्त

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चतराः जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले के विभिन्न नियोजकों को झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन से संबंधित 2021 के तहत नोटिस निर्गत किया है। उपायुक्त द्वारा जारी किए गए नोटिस में नियोजकों को सख्त चेतावनी दी गई है।
उल्लेखनीय है कि 12 सितंबर 2022 से यह अधिनियम झारखंड प्रदेश में प्रभावी हो गया है। इस अधिनियम के तहत 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले निजी क्षेत्र के नियोजकों को 40 हजार मासिक वेतन/ पारिश्रमिक तक वाले 75 प्रतिशत पदों को स्थानीय उम्मीदवारों से भरा जाना अनिवार्य बनाया गया है। यह अधिनियम सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों कि आउटसोर्सिंग एजेंसी पर भी लागू होता है। इस अधिनियम के अनुपालन के क्रम में महेंद्र प्रसाद केशरी सिमरिया एवं वोल्टेक ओ एंड एम सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, एनटीपीसी टंडवा चतरा को अधिनियम एवं तत्संबंधीनियमावली की विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु नोटिस दिया गया था। उक्त के अनुपालन नहीं करने की स्थिति में उपायुक्त रमेश घोलप ने शास्ति(दण्ड) की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इसी तरह एनटीपीसी के कई कॉन्ट्रेक्टर को तीन दिनों के अंदर अधिनियम/नियमावली के अनुपालन के लिए झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन कराने का निर्देश दिया।

## भाजपा की विधानसभा स्तरीय मंडल पदाधिकारियों की तैयारी को लेकर हुई बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा में भाजपा की दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में विधानसभा स्तरीय मंडल पदाधिकारियों की तैयारी को लेकर बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, सुनील मेहता, कोडरमा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो उपस्थित थे।बैठक आगामी दो अक्टूबर को हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर किया गया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से दो अक्टूबर को हजारीबाग ग़ांधी मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील किया। विधायक अमित यादव ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से भारी संख्या में कार्यकर्ता सभा मे भाग लेंगे. इस अवसर पर बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, विवेक किशोर, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, वीरेंद्र राणा, विजय कुमार, महेश अग्रवाल, मुकेश यादव, बिकी मंडल, राजकुमार साव, छोटीलाल प्रसाद, टिंकू प्रसाद, संजय कुमार, सुधीर सिंह, मनोज साव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## कैनल रुट के सड़क का समतलीकर करवाने का कार्य राजा पीटर ने किया गया




तमाड़. - तमाड़ विधानसभा की लाइफ लाइन कहे जाने वाले कैनल रुट के सड़क का समतलीकर करवाने का कार्य का शुभारंभ पुर्व मंत्री राजा पीटर की और से किया गया।आज पेडाईडीह मोड़ से जेसीबी मशीन से सभी गड्ढों में मुरम मिट्टी से समतलीकरण कार्य शुरू हुआ।बता दें कि कैनल रुट का सड़क काफी जर्जर अवस्था में है। जब राजा पीटर विधायक थे तब इस सड़क का मरम्मती करण करवाया था। इसके बाद पिछले दस वर्षों से ये सड़क काफी खराब है एम्बुलैंस वाले भी इस रास्ते पर नहीं जाना चाहते हैं।राजा पीटर के क्षेत्र दोरे के दौरान लोगों से जल्द इस सड़क का अपने खर्चे पर समतलीकरण कार्य करवाने का आश्वासन दिया था।पर बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था।आज मौसम साफ होते ही कार्य शुरू कर दिया गया। पूर्व मंत्री राजा पीटर निजी कार्य से दिल्ली में हैं ऐसे में उनके समर्थक नीतीश पांडे बंटी मुंडा कौशिक चक्रवर्ती गौतम शुक्ला धनंजय स्वांसी गौरांग सिंह मुंडा अटकु चौधरी संतोष जायसवाल अशोक ठाकुर आशीष पांडे रमेश महतो शक्ति महतो पूर्व मुखिया देवचरण सिंह मुण्डा मनोहर महतो आशापुर्ण महतो लबु महतो राकेश महतो प्रेमा महतो प्रधान महतो अनंत सेठ सुधीर महतो ललन सिंह मुंडा के उपस्थिति में कार्य शुरू किया था। राजा पीटर के द्वारा करवाए जा रहे कार्य को लेकर क्षेत्र वासियों में खुशी देखी जा रही है।

## शिक्षाविद अशोक पांडेय से मिले पूर्व मंत्री,जाना कुशलक्षेम



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद अशोक पांडेय से आज पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उनके भंडार गांव स्थित पैतृक आवास पर जाकर मिले। श्री चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय का कुशलक्षेम जाना। श्री पांडेय ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हे गुलदस्ता भेंट करते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। श्री चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय को क्षेत्र में अपने द्वारा कराए जा रहे विकास योजनाओं के बारे में बताया। अशोक पांडेय ने विधायक श्री चंद्रवंशी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाने पर बधाई दी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,शुशील पांडेय,गणेश पांडेय,नरेंद्र पांडेय, उदय पान्डेय,दिलीप पासवान,दिलीप चन्द्रवंशी,प्रकाश पांडेय,सतेंद्र शर्मा, राजमुनी भुईया सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्राद्ध माह के पितृ पक्ष के द्वादशी श्राद्ध दिवस पर 169 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : श्राद्ध माह के पितृ पक्ष के द्वादशी श्राद्ध दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1100 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।
परमहंस संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम• आर• एस•श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि•) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।
गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे संस्था के सक्रिय सदस्य बैंकट कविता गाडोदिया के सौजन्य से अपने पूर्वजो की



स्मृति में वैंकट कविता गाडोदिया , पुरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए राहगीरों एवं बच्चों के बीच 169 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया।
संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान अन्नपूर्णा माता एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ ने भजन संकीर्तन कर मंदिर मे उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 169 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे मे संस्था ने पुड़ी,आलु परवल की सब्जी भेजिटेबल पुलाव,केसरीया खीर एवं चिप्स का वितरण किया।
जैसे ही संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ वहा उपस्थित श्रद्धालुओ ने और संस्था के सदस्यों ने श्री प्राणनाथ प्यारे की जय। श्री राज श्यामा जी की जय। गुरू जी महाराज की जय। के जय जयकारो से पूरा का पूरा मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा था।
रविवार दिनांक 29 सितंबर 2024 को 12 सुबह से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओ के उत्साह मे कोई कमी नही थी। दोपहर 12 बजे से ही मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओ का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आना शुरू हो गया था।आज इस बारिश मे भी लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ,राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में पुड़ी,आलु परवल टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरीया खीर एव चिप्स का वितरण कर सेवा की गई।
169 वें प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, ओमप्रकाश सरावगी,नवल टिबडेवाल, विष्णु सोनी,मनीष सोनी, पवन पोद्दार, धीरज कुमार गुप्ता,चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## कुख्यात अपराधी प्रकाश रिनपास के कैदी वार्ड से कारोबारी को दे रहा था धमकी, दो मोबाइल बरामद

रांची : जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी प्रकाश मिश्रा रांची रिनपास के कैदी वार्ड में रहकर खुलेआम मोबाइल का इस्तेमाल कर रहा था. इतना ही नहीं वह पिछले कुछ दिनों से जमशेदपुर के कारोबारी को फोन पर रंगदारी के लिए धमकी दे रहा था. जमशेदपुर एसएसपी की सूचना पर रांची जिला प्रशासन की टीम ने रविवार की सुबह रिनपास के कैदी वार्ड में छापेमारी की और प्रकाश मिश्रा के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किये. बताया जा रहा है कि प्रकाश मिश्रा पहले रांची के होटवार जेल में बंद था. इसी दौरान वह मानसिक बीमारी की बात कहकर रिनपास में भर्ती हो गया. वहीं से वह खुलेआम मोबाइल का उपयोग कर रहा था और कारोबारी को धमकी दे रहा था. इस मामले में रांची डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर पुलिस से मिली सूचना के बाद एसडीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था. टीम ने छापेमारी कर दो मोबाइल, चाकू समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है. जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र जेम्को में बीते 17 अगस्त की शाम बाइक से आये बदमाशों ने सिद्धि इंटरप्राइजेज के पार्टनर महेश मिश्रा पर अंधाधुंध फायरिंग की थी. इस हमले में वे बाल-बाल बच गये थे. लेकिन उनके साथ गाड़ी में बैठे सूरज यादव (26) को गोली लगी थी. मौके पर बदमाशों ने 12 राउंड गोलियां चलायी थी, जो महेश मिश्रा की गाड़ी के बोनट और शीशे में लगी थी. फायरिंग करने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गये थे. इस हमले में होटवार जेल में बंद प्रकाश मिश्रा का हाथ था. प्रकाश मिश्रा ने घाघीडीह जेल में बंद नीरज दुबे और उसके सहयोगियों से हाथ मिला लिया है और महेश मिश्रा पर हमला करवाया है.

## पीएम मोदी के मन की बात है जन जन की आवाज : संजय कुमार जायसवाल



रांची : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने बूथ संख्या 26 पर पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना. उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो देशभर के लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है. हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं और देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं. इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार देश के करोड़ों श्रोता हैं. मन की बात में नई-नई जानकारियां हासिल होती है एवं प्रेरणा का संचार होता है. मौके पर महानगर उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला के मंत्री शुभम जायसवाल, सुखदेवनगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जायसवाल, ओम प्रकाश, अविनाश राय बबीता देवी, सरला देवी, सविता देवी, पुष्पा देवी, प्रिंस राय, उज्जवल राय, आनंद गुप्ता, संतोष चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## धनबाद के एयरोड्रम ग्राउंड में सोमवार को स्किल कॉन्क्लेव, सीएम हेमंत लेंगे हिस्सा



रांची : धनबाद के बलियापुर स्थित एयरोड्रम ग्राउंड में सोमवार को जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन व परिवहन भत्ता वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. समारोह में स्टॉल्स के माध्यम से संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और जिला प्रशासन व चुनिंदा औद्योगिक संस्थानों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी. साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा.

## रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी में अहिंसा सप्ताह की शुरुआत




रांचीः झारखंड रखा शक्ति यूनिवर्सिटी में रविवार को अहिंसा सप्ताह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन यूनाइटेड नेशन के निर्देशों के अनुसार किया गया. अहिंसा सप्ताह के पहले दिन निबंध और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम डॉ रुचि गौतम और यशवंत नारायण के देख रेख में वर्चुअल माध्यम से किया जा रहा है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ हेमेंद्र भगत रहे. इस दौरान डॉ हेमेन्द्र ने अहिंसा को एक सकारात्मक ऊर्जा देने वाला मूल शब्द बताया. गौतम बुद्ध और जैन समाज का उदाहरण देते हुए समाज की ओर भी प्रकाश डाला. वहीं शिक्षकों ने बच्चों को प्रेरित करते हुए महात्मा गांधी की जीवन से सिख लेने को कहा और बताया कि इस सप्ताह के आयोजन का मुख्य केंद्र है एक शांति पूर्ण समाज बनाना. निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने आज के समाज में ईमानदारी और अहिंसा के प्रयोग विषय का उल्लेख करते हुए निबंध लिखा. जिसमे अनामिका कुमारी ने प्रथम, मुस्कान कुमारी झा और राहुल सेनापति ने द्वितीया स्थान प्राप्त किया. वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में शांति शब्द को मूलाधार रखकर बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और शिवम कुमार श्रीवास्तव ने प्रथम और अर्पिता आनंद ने द्वितीया और कृति रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

## हर माह जिला परिषद की हो बैठक, लिखा गया पत्र

रांचीः जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त, लातेहार को पत्र लिखकर जिला परिषद की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का आग्रह किया है. उन्होंने लिखा है कि झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 के अध्याय 5 की धारा 69 की कंडिका 4 में स्पष्ट वर्णित है की जिला परिषद की बैठक प्रत्येक माह में कम से कम एक बार बुलाई जाएगी . यदि अध्यक्ष किसी माह में बैठक बुलाने में असफल रहता है तो जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पिछली बैठक की तिथि के 25 दिन की समाप्ति के बाद जिला परिषद की बैठक की सूचना जारी करेगा . परंतु लातेहार जिले में अधिनियम का उल्लंघन आम बात हो गई है . वर्ष 2024 में 8 महीने में मात्र दो बार जिला परिषद की बैठक बुलाई गई है, जो झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 का सरासर उल्लंघन है .

# 81 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पदाधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देशानुसार राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों का बैचवार दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन भवन में रविवार को संपन्न हुआ. इस सत्र में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएलएमटी को राष्ट्रीय स्तर एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण सत्र में पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन के उनके पहले के अनुभव एवं आयोग द्वारा समय-समय पर जो प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं, उसका एक मात्र उद्देश्य है निर्वाचन प्रक्रिया सहज बनाते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया जा सके.

### पीपीटी की सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव के माध्यम से पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी

प्रशिक्षण सत्र में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया के लिए, तैयार उचित मापदंड एवं दिशा निर्देशों पर बिंदुवार पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी साथ ही इन पीपीटी की सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी. कहा गया कि इस रिवीजन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन दिशा निर्देशों का अनुपालन ही सुगम्य मतदान कराने के लिए एक मात्र मूल मंत्र है. प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों द्वारा मतदान दलों के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों, मतदान दलों के लिए ईवीएम/वीवीपैट, मतदाता मतदान समय प्रबंधन, मतदान दिवस पर वेब-कास्टिंग, बीएलओ के मतदान की पूर्व संध्या और मतदान दिवस, वालंटियर, माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका की जानकारी दी गयी.

### विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया

साथ ही सेक्टर अधिकारी की गलतियां, त्रुटियां और आईटी अनुप्रयोग, पोस्टल बैलेट, एफएसटी के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, सामग्री प्राप्ति केंद्र अधिकारी और कर्मचारियों के कर्तव्य, मतदान दिवस निगरानी प्रणाली ऐप, फॉर्म भरना, सील करना और पैकिंग करना जैसे विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण देने वालों में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक गीता चौबे, महेंद्र कुमार, देव दास दत्ता, मृत्युंजय कुमार एवं सुनील कुमार सिंह, जिला स्तरीय प्रशिक्षक सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी शामिल थे.

# राज्य कर्मियों के 62 वर्ष सेवा पर मुहर, कैबिनेट आयेगा प्रस्ताव

रांचीः झारखंड राज्य कर्मियों के 62 वर्ष की उम्र सीमा करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी मुहर लगा दी है. अगली कैबिनेट में इसका अनुमोदन कराने की तैयारी की जा रही है. लंबे समय से राज्य के सरकारी कर्मचारी इसकी मांग झारखंड सरकार से कर रहे हैं. सचिवालय के विभिन्न संगठनों के अलावा झारखंड के अन्य कर्मचारी संघ के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उम्र सीमा बढ़ाने की अनुरोध किया जा रहा. राज्य सरकार के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है और राज्य कर्मियों की उम्र सीमा को 60 साल से 2 साल बढ़कर 62 वर्ष करने का प्रस्ताव बनाया है. सूत्रों के अनुसार इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंजूरी मिल गई है. यह प्रयास हो रहा है कि विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के पहले इसका संकल्प भी जारी कर दिया जाए. राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में फिलहाल लगभग दो लाख अधिकारी और कर्मचारी काम कर रहे हैं. गृह विभाग में करीब 76 हजार, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 51 हजार कर्मी कार्यरत हैं. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में 8300, भू-राजस्व विभाग में 6700, विधि विभाग में 5800, जल संसाधन में 4 हजार कर्मी काम कर रहे हैं. हेमंत सरकार के पुरानी पेंशन योजना लागू करने के फैसले से करीब 1.23 लाख कर्मियों को सीधा लाभ पहुंचा था. इसका लाभ सभी स्थाई कर्मियों को मिलेगा.

### आगामी महीनो में रिटायर होने वाली कर्मियों को होगा फायदा

राज्य सरकार अगर उम्र सीमा बढ़ाने का निर्णय लेती है इसका लाभ अक्टूबर माह से रिटायर होने वाले कर्मियों को मिल जाएगा. हालांकि 30 सितंबर को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी इससे वंचित हो सकते है.

## नामकुम अंचल जांच करने पहुंचे सदर एसडीओ, सीओ ने ताला तोड़ लिया था प्रभार




रांची : नामकुम अंचल कार्यालय का ताला तोड़ सीओ का प्रभार लेने के मामले की जांच करने के लिए आज रविवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार वहां पहुंचे. उनके साथ जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद हैं. रांची डीसी ने एसडीओ को मामले की जांच कर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है.

### सीओ ने नामकुम अंचल का ताला तोड़ लिया था प्रभार

बता दें कि भू-राजस्व विभाग ने शुक्रवार देर रात 91 अंचल अधिकारियों का तबादला किया था. कोडरमा सदर में पदस्थापित सीओ राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया. इसके बाद शनिवार को राम प्रवेश कुमार नामकुम अंचल प्रभार करने पहुंचे. लेकिन अंचल में ताला लगा था. जिसके बाद सीओ ने ताला तोड़कर सीओ प्रभार ग्रहण किया था. सीओ का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मामले में संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये. जिसकी जांच करने रविवार को जिला प्रशासन की टीम सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में नामकुम अंचल पहुंची.

# डी फार्मा आयुर्वेद के 30 सीटों के लिए फॉर्म निकला, 30 अक्टूबर है लास्ट डेट

रांचीः झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद ने डी फार्मा(आयुर्वेद) में नामांकन के लिए आवेदन जारी कर दिया है. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर रखी है. विद्यार्थियों का नामांकन राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी महाविद्यालय, साहिबगंज में होगा. इसके लिए 30 सीटें निर्धारित की गई हैं. नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं अंक पत्रों की छायाप्रति संग्लन करना अनिवार्य है. साथ ही जिस संस्था में अध्ययन किया हो उस संस्था के प्रधान द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, मैट्रिक का प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र छायाप्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है. साथ ही मैट्रिक के प्रमाण पत्र में किसी भी तरह का स्पेलिंग मिस्टेक नहीं होना चाहिए.

### सिर्फ स्थानीय ही कर सकते हैं आवेदन

जारी आदेश के आदेश के अनुसार सिर्फ स्थानीय ही आवेदन कर सकते हैं. आदेश के अनुसार राज्य के स्थानीय निवासी उम्मीदवार ही आवेदन देने के पात्र होंगे. स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले अभ्यर्थी आवेदन समर्पित करने के पात्र नहीं होगें. साक्षात्कार की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी. निर्धारित साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गये पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अंतर्गत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर आरक्षण व अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा. प्राप्तांक के आधार पर सामान्य मेधा सूची तैयार की जाएगी.

## रांची के थड़पखना में प्रतिबंधित मांस की सूचना पर लोगों में आक्रोश, पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग



रांचीः लालपुर थाना क्षेत्र (रांची) के थड़पखना में बीच सड़क पर प्रतिबंधित मांस होने की सूचना रविवार को सामने आयी. इसके बाद स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में उबाल देखा गया. विधायक सीपी सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में कहा कि ऐसी घटना हिंदू समाज की भावनाओं पर सीधा प्रहार है. यह घटना रांची में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़ा करती है. पुलिस प्रशासन झामुमो–कांग्रेस के तुष्टिकरण की नीति के तहत ऐसे आरोपियों पर हमेशा ठोस कार्रवाई करने से दूर भागती है. सीपी सिंह ने पुलिस प्रशासन से मांग करते कहा कि हिंदपीढ़ी क्षेत्र में जिन होटलों में प्रतिबंधित मांस परोसा जा रहा है, उन्हें तुरंत सील किया जाए एवं आरोपियों को पकड़ कर सरकार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें. अगर जल्द ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो हिंदू समाज सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा. पुलिस और प्रशासन को अपनी कार्यशैली में सुधार करना होगा नहीं, तो उन्हें जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा. हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

गौरतलब है कि प्रतिबंधित मांस ओल्ड हजारीबाग रोड में श्री दुर्गा टावर, ब्लू चीप (आदित्य बिरला कैपिटल के सामने) दिन के 11 बजे फेके जाने की जानकारी सामने आयी है इसके बाद लोगों ने थड़पखना रोड जाम कर दिया वे पुलिस प्रशासन से इस पर त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर होगा तंबाकू मुक्त क्षेत्र

रांचीः बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और इसके 91 मीटर के दायरे में तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर ने पहल की है. एम्स के वाइटल स्ट्रैटेजिस तंबाकू कंट्रोल प्रोजेक्ट के मुख्य अन्वेषक और एम्स देवघर के निदेशक प्रो. डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने इसके लिए पहल कर क्रमबद्ध रूप से अभियान चलाने की योजना बनाई है. उन्होंने स्थानीय स्टेकहोल्डर्स संताल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर, आईएमए देवघर, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर, बाबा मंदिर प्रशासन, देवघर नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग देवघर के साथ मिलकर बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए काम शुरू कर दिया है. इस योजना के आलोक में रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और इसके 100 गज की परिधि में तंबाकू के सेवन, खरीद-बिक्री और विज्ञापन पर रोक से संबंधित स्टीकर पोस्टर लगाए गए. श्रद्धालुओं, स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों को जागरूक करने के मकसद से सामूहिक जागरूकता अभियान चलाया गया. संताल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर के सौजन्य से अवेयरनेस पोस्टर लगाने की शुरुआत देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार, चेंबर के अध्यक्ष आलोक मल्लिक, एम्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ संदीप भट्टाचार्य, पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा मंटू, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर एम्स के डॉ. विनायगामूर्ति, डॉ अरशद अयूब और डॉ. उज्जवल कुमार, चेंबर के उपाध्यक्ष पीयूष जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रिंस सिंघल, कार्यकारिणी सदस्य संजय मालवीय, लक्ष्मण पटेल, कनिष्क कश्यप, बाबा मंदिर क्षेत्र दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, बाबा मंदिर सफाई कार्य एजेंसी के सचिव एस.पी. भुईयां बिलास सहित अनेक लोग उपस्थित होकर बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में स्टीकर पोस्टर चिपकाए. एम्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ संदीप भट्टाचार्य ने बताया कि एम्स निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय के निर्देशन में यह अभियान लगातार चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्र में पुरोहितों, दुकानदारों को काउंसलिंग के माध्यम से बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करने को कहा जाएगा. बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार ने कहा कि एम्स और चेंबर का यह पहल बहुत प्रशंसनीय है. उन्होंने देवघर के लोगों से अपील किया कि बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में सभी सहयोग करें. उन्होंने मंदिर के आसपास के दुकानदारों को तंबाकू सामग्री नहीं बेचने की हिदायत दी. बाबा मंदिर और इसके 100 गज के दायरे में तंबाकू की खरीद-बिक्री और विज्ञापन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाएगा. चेंबर अध्यक्ष आलोक मल्लिक और पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा मंटू ने सभी लोगों से बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करने तथा बाबा मंदिर की पवित्रता को कायम रखने पर सबकी भागीदारी पर जोर दिया.

## ऊर्जा निगम के हजारों कमी 03 अक्टूबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल



रांचीःराज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन आउटसोर्स व्यवस्था से काफी दुखी हैं और वह मानते हैं कि इस व्यवस्था को खत्म किया जाना चाहिए जिसको लेकर सरकार गंभीर है । उक्त जानकारी अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्री इरफान अंसारी ने कही। श्री अंसारी झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त जानकारी दी। इरफान अंसारी ने कहा कि पूरे राज्य के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स व्यवस्था से मुख्यमंत्री दुखी हैं और इसके समाधान की दिशा में वह कोई उचित कदम उठाएंगे इस बात का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है आउटसोर्स खत्म हो और उसको लेकर हमारा जो भी प्रयास होगा हम करेंगे। इरफान अंसारी ने बताया कि कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय की वार्ता कराई थी इस दौरान अजय राय ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को लिखित ज्ञापन संघ की ओर से सौपा और उनसे अपने छे सूत्री मांगों पर कारवाई की मांग की । इस अवसर पर अजय राय ने मुख्यमंत्री का ध्यान झारखंड ऊर्जा निगम की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि निगम के अंदर विगत 20 17 से आउटसोर्स व्यवस्था लागू है जिसके कारण इसमें काम करने वाले विद्युत कर्मियों की हालत बद से बदतर हो गई है और इस पर लगाम लगाया जाना राज्य सरकार का दायित्व बनता है। उन्होंने संगठन के 6 सूत्री मांगों से अवगत कराया। अजय राय प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि 3 अक्टूबर से पूर्व अगर मांगे मांग ली जाती है तो ठीक है नहीं तो आगामी 3 अक्टूबर से झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे जिसकी तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक की वार्ता सकारात्मक रही है मगर हमारी मांगो पर जब तक लिखित आदेश हो नहीं जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा इस अवसर पर संघ के अमित कुमार शुक्ला सुरेंद्र सिंह मुकेश साहू अनिकेत सिंह मधुकर शुक्ला सहित काफी संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद थे।

## अंतर राज्य महिला क्रिकेट टूर्नामेंट : बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन



रांची : चंडीगढ़ में एक अक्टूबर से शुरू हो रहे अंतर राज्य महिला क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 19 के लिए बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन किया गया है. पलक ने एनसीए कैंप में भी हिस्सा लिया. बता दें कि पूर्व में पलक झारखंड राज्य महिला क्रिकेट टीम की अंडर 15 की कप्तान रह चुकी है. इसके साथ अंडर 19 और अंडर 23 टीम में प्रतिभा बिखेर चुकी है. पिछले दिनों उनको झारखंड में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. पलक लेफ्ट हैंड बैटर के साथ दाएं हाथ की गेंदबाजी भी करती हैं, जिससे टीम को बतौर ऑलराउंडर बैलेंस मिलता है. इस उपलब्धि पर उनके कोच कुमार पंचित ने उनको शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की.

# अब तक फोर्थ ग्रेड कर्मियों को प्रमोशन व एसीपी का लाभ नहीं मिला, सरकार से फिर की गयी मांग

रांचीः विधानसभा चुनाव सामने है. झारखंड सरकार अपने कर्मियों के बीच तोहफे की बरसात कर रही है. उम्र सीमा बढ़ाने पर भी निर्णय करीब है. लेकिन इन सब के बीच सचिवालय के फोर्थ ग्रेड कर्मचारी छूट जा रहे हैं. उनको सालों से प्रोन्नति व एसीपी का लाभ नहीं दिया जा रहा है. कार्मिक व वित्त विभाग में फाइलें पड़ी हुई है. नतीजतन समूह घ के कर्मचारी लाभों से वंचित रह जा रहे हैं. हालांकि, कर्मियों का कहना है कि हर स्तर पर सहमति पहले से मिली है पर अभी तक इसका आदेश नहीं जारी किया गया है. अधिकारी अड़चन डाल रहे हैं. सारी स्थिति से इस बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य आला स्तर के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है, यह उम्मीद की जा रही है कि चुनावी मौसम में सरकार उनकी जायज मांग को सुन लें.

### क्या है मांग

झारखंड राज्य के समूह घ के कर्मचारियों को 1.1.2006 से प्रोन्नति देना है, जिसमें वेतनमान 4000-6000 में 10 वहीं पास मैट्रिक उर्तीण को संचिका में आदेश हो जाने के बाद भी आदेश निर्गत नहीं किया गया. यह प्रस्ताव सालों से कार्मिक विभाग में लंबित है. इसके अलावा प्रथम एसीपी वेतनमान 4000-6000 की संचिका में भी सभी स्तरों पर से आदेश हो जाने के बाद भी वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी नहीं किया गया है. फोर्थ ग्रेड कर्मियों के बीच इसको लेकर काफी रोष है और कहना है कि कुछ अधिकारियों की वजह से उन्हें बेवजह लाभों से वंचित किया जा रहा है. आदिवासी-मूलवासियों को हक से भी वंचित किया जा रहा है.

### सात बार विभागों ने सहमति दिया

वित्त तथा कार्मिक द्वारा समूह घ कर्मियों को मैट्रिक एवं समकक्ष उत्तीर्ण को लिपिक संवर्ग में घोषित वेतनमान 4000-6000 एवं 5200-20200 ग्रेड पे 2400 करने पर सात बार सहमति मिल चुकी है. पूर्व कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव राम सेवक शर्मा के द्वारा दिए गये स्पष्ट आदेश में यह गया कि चतुर्थवर्गीय कर्मियों की मागों को मानने में कोई अड़चन प्रतीत नहीं होती है. वहीं, सात अगस्त 2014 में प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी कहा गया कि सीमित प्रतियोगिता परीखा के लिए कोई बाध्यता नहीं है. यानि प्रमोशन के लिए इस परीक्षा को देना आवश्यक नहीं है. ऐसे में वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, राजस्व पर्षद की फाइलों में सहमति के बाद भी आदेश जारी नहीं हो सका. अब भी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा कराने पर जोर देने से मामला फंसा हुआ है.

## सोनाहातु में फाइनेंस एजेंट से लूटकांड करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

रांचीः सोनाहातु थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए लूटपाट का पुलिस ने खुलासा किया है जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. बुंडू में भारत फाइनेन्स इनक्लूजन लिमिटेड कम्पनी में कार्यरत कलेक्शन एजेन्ट आकाश कुमार शर्मा को बीते 23 सितंबर को कुछ अज्ञात अपराधियों ने घर लौटते वक्त लूट पाट कर ली थी. जिसमें हथियार के बल पर चार अपराधकर्मियों के द्वारा कलेक्शन किया हुआ कुल एक लाख दो हजार तीन सौ साठ रुपए कैश, एक फोन, दो बायोमेट्रिक मशीन, एक मोटर साईकिल की चाभी, तथा काले रंग का बैग लूट लिया था. रांची के वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुसंधान आरंभ किया गया जिसमें मैनूवल इनपूट तथा तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से गुप्त सूचना पर कांड में शामिल चार अभियुक्तों में से एक अभियुक्त अनगड़ा थाना क्षेत्र के बिसा नया टोली शम्भू बड़ाईक को बिसा गांव से गिरफ्तार किया गया तथा इस लूट कांड में शामिल अन्य तीन साथियों के बारे में बताया गया.

## करंट लगने से 6 साल की बच्ची की मौत:शेखपुरा में 440 वोल्ट की तार से लगा झटका, शिव मंदिर के पास खेल रही थी

शेखपुरा. शेखपुरा के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत महसार गांव में करंट लगने से छह वर्षीय बालिका रिया कुमारी की मौत हो गई। बच्ची की पहचान गांव के ही अजीत महतो की बेटी के रूप में हुई है। सूत्रों ने बताया कि बच्ची गांव के दक्षिण दिशा में अवस्थित शिव मंदिर के पास खेल रही थी। उसी दौरान पास में टूटे करंट युक्त 440 वोल्ट क्षमता वाले विधुत तार के चपेट में आ गई। वह बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद आनन-फानन में ग्रामीणों ने बच्ची को घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा लाया। चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। बच्ची को मृत घोषित किए जाने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जबकि पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक बच्ची गांव के दिव्यांग व्यक्ति की बेटी थी। दिव्यांग पिता गांव में ही मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद सिरारी थाना पुलिस ने बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पंचायत के मुखिया मथुरा यादव पीड़ित परिवार से मिला। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार उचित सरकारी मुआवजा देने की मांग की। उधर, थाना अध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक बालिका तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी। बड़ी बहन आठ साल और छोटी बहन तीन साल की है।

## पुलिस ने की 2.5 लाख रुपए की शराब जब्त:सहरसा में मछली के जीरे में हो रही थी तस्करी, कारोबारी फरार

सहरसा. सहरसा में पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी में लदे 379 लीटर विदेशी शराब को पकड़ा है। कारोबारी मछली के आड़ में शराब को लेकर आ रहे थे तभी पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर पकड़ लिया। हालांकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। सदर थाना के थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने रविवार को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुप्त सुचना मिली थी कि एक पिकअप गाड़ी से शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद गोबरगढ़ा मत्स्यगंधा झील के पास वाहन जांच के लिए टीम को तैनात किया गया। इस दौरान पिकअप गाड़ी में बैठा शराब कारोबारी पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। इधर पिकअप गाड़ी में पीछे जाकर देखने पर ऊपर मछली का जीरा लदा था और नीचे विदेशी शराब मौजूद था। इसकी कीमत 2.5 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा शराब अधिनियम एक्ट के तहत सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस उस शराब कारोबारी को लेकर जांच में जुटी है।

## दर्जनों गांव में घुसा कोसी का पानी:सहरसा में एक दर्जन से अधिक घर बहा, 2.5 लाख लोग प्रभावित

सहरसा. सहरसा के नौहट्टा प्रखंड में रविवार को कोशी नदी का जलस्तर 74.40 मीटर पार कर गया, जिससे तटबंध के भीतर दर्जनों गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कोशी नदी की तेज धारा ने कई परिवारों के घर बहा दिए। नदी में इस साल का सबसे बड़ा जलस्तर दर्ज किया गया, जिसमें 6 लाख 61 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे इलाके में साढ़े तीन लाख लोग प्रभावित हुए हैं। नौहट्टा प्रखंड के हाटी पंचायत के कई वार्डों में पानी प्रवेश कर गया, जिससे 10 घर नदी में बह गए। कैदली, बकूनिया, डरारह, नौला और सतौर पंचायतों में भी बाढ़ का पानी भर गया, जबकि शाहपुर पंचायत आंशिक रूप से प्रभावित है। झखराहा टोला के निवासी दिवाकर सिंह ने बताया कि कोशी की तेज धारा के कारण कई घर बह गए हैं और हालात चिंताजनक हैं। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा है। नौहट्टा प्रखंड के अंचलाधिकारी मोनी बहन ने आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी और उन्हें बाढ़ आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। लोग ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं, पर स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## दहेज के लिए महिला की हत्या का आरोप:नवादा में घर में संदिग्ध हालत में मिली लाश

नवादा. नवादा के वारिसलीगंज प्रखंड के चदीपुर मकनपुर गांव में एक विवाहिता की हत्या करने का आरोप ससुराल के लोगों पर लगा है। मृतक की पहचान अजय सिंह की 30 वर्षीय बेटी आरती कुमारी के रूप में की गई है। परिजन ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने जहर देकर मारा है। हत्या में पति सहित ससुराल वाले अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने मृत अवस्था में शव को बरामद किया है। 13 साल पहले हिंदू रीति रिवाज के साथ धूमधाम से विवाह हुआ था। परिजन बोले कि दहेज को लेकर महिला को प्रताड़ित करते थे। दहेज के लिए ही हत्या की गई है। परिजन ने कहा कि लगातार प्रताड़ित करते थे कभी-कभी पैसा भी मांगा करता था। पैसा दे भी देते थे, लेकिन धीरे-धीरे डिमांड बढ़ती चली गई। बहन द्वारा फिर पैसा नहीं मांगा गया, जिसके कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक शख्स को एक बेटा और एक बेटी भी है। महिला की मौत के बाद ससुराल वाले सभी लोग घर बंद करके भाग गए थे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ अंदर प्रवेश करके शव को बाहर निकाला है। वारसलीगंज की थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह ने बताया कि इस पूरे मामले पर आवेदन के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले सौंप दिया गया है।

## 8 प्रखंड के 58 स्कूल 2 अक्टूबर तक बंद:बेतिया में डीईओ ने जारी किया आदेश

बेतिया. पश्चिम चंपारण जिले में बाढ़ प्रभावित आठ प्रखंडों के 58 स्कूल 2 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल बंदी का यह निर्णय जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश और वाल्मीकिनगर बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने को लेकर लिया गया है। मालूम हो कि लगातार बारिश और गंडक बैराज से अधिक पानी छोड़े जाने से जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद विद्यालयों में आवाजाही का रास्ते बंद हो गया है। इससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विद्यालय आने जाने में कठिनाई हो रही है। इसको देखते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने ठकरांहा, मधुबनी, पिपरासी, बगहा दो, बगहा एक, लौरिया, नौतन और भितहा के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, कर्मियों और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए 58 स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण ने संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को बंद किए गए सभी 58 स्कूलों के शिक्षकों को उक्त अवधि में प्रखंड के दूसरे स्कूलों में नामांकित छात्रों के अनुपात में प्रतिनियोजित करने का भी आदेश दिया है। जिला शिक्षा कार्यालय से जारी किए पत्र में आठ प्रखंडों के 58 स्कूलों को बाढ़ और जल जमाव के कारण 2 अक्टूबर तक बंद करने का आदेश दिया है। इसमें ठकराहां प्रखंड के 8, बगहा एक के 9, बगहा दो के 11, लौरिया के 6, मधुबनी और नौतन के 7-7 और पिपरासी और भितहा प्रखंड के 5-5 स्कूल शामिल है।

## सीएम आवास अपराधियों का अड्डा, नीतीश कुमार सबके सरदार:छपरा में रोहिणी बोलीं

छपरा. छपरा में रविवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमाल किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों की सरकार है। सीएम आवास अपराध का अड्डा बन गया है और सबके सरदार नीतीश कुमार हैं। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार रोहिणी छपरा पहुंची। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने चुनावी हिंसा में मारे गए राजद कार्यकर्ता चंदन यादव के परिजनों से मुलाकात की। रोहिणी ने चाचा नीतीश कुमार को सुझाव देते हुए कहा, 'घर से बाहर निकलिए और हालात देखिए।' रोहिणी ने कहा कि दिनदहाड़े सब के सामने चंदन यादव की हत्या कर दी गई थी। अभी तक हत्यारा पकड़ा नहीं गया है। चंदन का हत्यारा आज भी रोड पर घूम रहा है। चंदन की मां आज भी रो रही है। उन्होंने कहा कि चंदन के परिवार को न्याय मिलनी चाहिए। छपरा पहुंचते ही रोहिणी सबसे पहले तेलपा मठिया स्थित चंदन के घर पहुंची। 35 मिनट तक बंद कमरे में परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद चुनाव के दिन घायल युवक के घर पहुंचकर परिजनों से मिली और जानकारी ली।

# दरभंगा में 22 हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित:पानी पीने को तरस रहे लोग, बांधों पर बने रेन कट को किया जा रहा दुरुस्त



दरभंगा. दरभंगा में किरतपुर प्रखंड में बाढ़ ने दुबारा दस्तक दे दी है। नेपाल से छोड़े गए कोशी नदी के पानी का असर किरतपुर प्रखंड के दर्जनों गांव में देखने को मिल रहा है। कोशी नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण किरतपुर प्रखंड के दर्जनों गांव वर्दीपुर सिरनिया, पकरिया, अमृतनगर, लक्ष्मीपुर, भंडरिया, कदवारा, कटरिया, राम खेतरिया सहित कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कोशी का पूर्वी तटबंध टूटने के कगार पर है। प्रशासन ने इस पर आवाजाही बंद करवा दी है। एनडीआरएफ मौके पर नहीं है। और न ही जल संसाधन विभाग का कोई कर्मी मौजूद है। स्थानीय लोगों की मदद से मिट्टी का बोरा तटबंध के किनारे रखा जा रहा है।

किरतपुर प्रखंड के नरकटिया गांव के पास बांध के ऊपर से नदी का पानी बह रहा है। अभी तक कोई राहत शिविर इलाके में नहीं चलाया गया है। जबकि 24 घंटे पहले से ऐसा करने का निर्देश था। किरतपुर सीओ अब चालू करवाने की बात कह रहे हैं। लगभग 22 हजार की आबादी इस बाढ़ से ग्रसित है। सभी बांध पर आकर शरण लेने को मजबूर हैं। 2004 के बाद ये पहला मौका है जब बाढ़ ने इतनी बड़ी दस्तक दी है।

### बिजली नहीं रहने पर अंधेरे में रहने को मजबूर

लोगों को घर से निकलने में काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी से घिर जाने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीणों को पशुओं के लिए चारा जुटाने में हो रहा है। वहीं, स्थानीय लोग प्रवीण यादव ने बताया है कि दिन में तो किसी तरह रह लेते हैं। रात में बिजली नहीं रहने पर अंधेरे में रहने को मजबूर रहते हैं। पानी पीने को तरस रहे हैं। घर से निकला मुश्किल हो गया है।

### पशुओं के लिए नहीं जुटा पा रहे चारा

कई घरों को कोशी नदी अपने तेज बहाव में अपने साथ बहा ले गया है। घर को बहते देख भय उत्पन्न हो गई है। लोग दूर-दूर नाव से जाकर पशुओं के चारा लाकर पशु को खिला रहे हैं। स्थानीय लोग राम कुमार यादव ने बताया कि दूसरी बार बाढ़ का पानी आने से लोगों को कष्ट झेलना पड़ रहा है। 55 साल के उम्र में इतना पानी कोशी नदी में कभी नहीं देखा था। ग्रामीणों को राशन, दवाइयां, पशु चारा और अन्य जरूरत के कार्यों के चलते नदी की तेज धारा में नाव के जान को जोखिम में डालकर नाव सहारे निबटारा करना पड़ रहा है। लेकिन कोशी नदी के रूद्र रूप के कारण नाव तक जाना मुश्किल होता है। पानी का करंट ज्यादा होने के कारण लोगों को हिम्मत तक नहीं होती है।

### 16 नाव चालू करवा दिया गया

कोशी नदी में जलस्तर के बढ़ने की संभावना को लेकर बांध पर नजर रखी जा रही है। बांधों पर बने रेन कट को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इस कोशी बाढ़ को देखते हुए किरतपुर सीओ आशुतोष कुमार सन्नी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों का अब तक 16 नाव चालू करवा दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर और नाव दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आवश्यकता होने पर सामुदायिक किचन और पीने की पानी की व्यवस्था चालू करवा दी जाएगी। उन्होंने बताया है कि कोशी नदी में पानी का जलस्तर स्थिर हो गई है। लोगों को ऊंचे स्थान पर जाने को लेकर प्रशासन अलर्ट कर दिया है। अपवाह पर ध्यान न देनी की अपील की है। कोई भी सूचना मिले तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को जानकारी देने का अपील किया है।

# खड़े ट्रक से टकराई बस, 3 की मौत, 11 घायल: गया से पिंडदान कर यूपी लौट रहे थे तीर्थयात्री; ड्राइवर को नींद आने से हुआ हादसा



कैमूर. कैमूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 घायल हैं। घायलों में से 3 की हालत नाजुक हैं। सभी यूपी के बाराबंकी जिले के रहनेवाले हैं। हादसा मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास NH-2 पर रविवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। हादसे में बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सभी तीर्थयात्री अयोध्या, वाराणसी, पुरी में दर्शन के बाद गया में पिंडदान कर विंध्याचल जा रहे थे। तभी ये हादसा हुआ। एनएचएआई की मेडिकल टीम देवेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि ड्राइवर को नींद आने से ये एक्सीडेंट हुआ। मृतकों में बस का खलासी, पंडा और एक यात्री शामिल है। सभी घायल को इलाज के लिए स्थानीय पुलिस और एनएचएआई टीम ने अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया है।

एनएचआई के मेडिकल कर्मी देवेंद्र कुमार ने बताया कि कैमूर के बरौली में हादसा हुआ है। जहां बस में सवार तीन यात्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि लगभग 20 से 22 लोग घायल हो गए है। चालक को नींद आने से यह हादसा हुआ है। सभी यात्री यूपी के बाराबंकी के रहने वाले है और गया से लौट रहे थे। तभी एनएच-2 पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से बस की टक्कर हो गई।

बस मालिक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि हम लोग गया में पिंडदान कर विंध्याचल जा रहे थे। तभी ट्रक से हम लोगों के बस की टक्कर हो गई है। जिसमें तीन लोगों के मौके पर मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। पूरे हादसे को लेकर बस में सवार महिला यात्री ने बताया कि 18 सितम्बर को दो बस से हमलोग गांव से चले थे। सबसे पहले अयोध्या दर्शन के लिए हमलोग गए। वहां से भदरसा दर्शन किए। जिसके बाद सभी वाराणसी आए। यहां पूजा-पाठ के बाद पिंडदान करने के लिए गया गए।

### विंध्यांचल जाने के दौरान हुआ हादसा

बस सवारों ने बताया कि गया से दोनों बस के लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन किए और वहां से विंध्याचल के लिए जा रहे थे। इस दौरान आज हमारी बस खड़ी टेलर में जा टकराई.जिससे पिंडदान कराने वाले पंडा सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इधर बचे तीर्थयात्री को उनके घर भेजने के लिए प्रशासन द्वारा बस की व्यवस्था की जा रही है। मोहनिया थाने की पुलिस शिवजी सिंह ने बताया कि खड़े ट्रक में यात्री बस ने टक्कर मारी है। जिसमें तीन लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## भागलपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित: दुर्गा-पूजा को लेकर थाना परिसर में आयोजन



भागलपुर. भागलपुर के जगदीशपुर थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष गणेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद भी उपस्थित हुए। इसके अलावा बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। उन्होंने बैठक में आए लोगों का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल, मेला स्थान, मुख्य स्थान पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। इसमें पुलिस मित्र का सहयोग भी लिया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने मेला कमेटी के सदस्यों से भी सुझाव मांगे। इस पर जगदीशपुर मेला कमेटी के सदस्य भारतीय भूषण झा ने बताया कि मुख्य बाजार पर सजाने वाले दुकानों को नल के पार नहीं होना है। क्योंकि इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस काम के लिए स्थानीय पुलिस से भी सहयोग मांगी जाएगी। इस बैठक में इंस्पेक्टर रामचंद्र यादव, दरोगा बम बम कुमार, हरिनंदन कुमार, जनप्रतिनिधि मुखिया, प्रतिनिधि घनश्याम मंडल, मुखिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

## उचित सम्मान नहीं मिला तो, 243 सीट पर चुनाव लड़ेंगे: पशुपति पारस बोले- लोकसभा चुनाव के समय धोखा हुआ था; झारखंड में 1 सीट पर दावा



पटना. बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में एक साल से ज्यादा का समय बचा है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां अभी से ही चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। इस बीच राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर विधानसभा चुनाव में को उचित सम्मान नहीं मिला तो राज्य की सभी 243 सीटों पर हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा झारखंड में भी 1 सीट की मांग की है। पटना में दलित सेना के कार्यक्रम में कहा कि लोकसभा चुनाव के समय भी उचित सम्मान नहीं मिला था, धोखा हुआ था। झारखंड में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अच्छा काम कर रहे हैं। उम्मीद जताते हुए कहा कि उनकी सक्रियता के चलते कम से कम एक सीट जरूर मिलेगी।

### केंद्रीय कैबिनेट से दिया था इस्तीफा

बता दें, लोकसभा चुनाव के समय एनडीए में सीट बंटवारे से नाराज होकर पशुपति पारस ने बीजेपी पर धोखा देने का आरोप लगाया था। 19 मार्च को उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उसी दिन दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। लेकिन कुछ दिन बाद ही उनके सुर बदल गए थे। टिकट कटने के बाद इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि पशुपति कुमार पारस एनडीए से अलग होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। लेकिन इन सब के बीच पारस ने 30 मार्च को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर सभी अटकलों पर ब्रेक लगा दिया था।

### पीएम मोदी के साथ शेयर की थी पोस्ट

उन्होंने सोशल मीडिया X पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोटो पोस्ट की थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा- 'हमारी पार्टी रालोजपा एनडीए का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री मोदी हमारे भी नेता हैं और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400+ सीट जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से सरकार बनाएगी। साथ ही बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने में हमारी पार्टी का पूर्ण समर्थन है और रहेगा।'

## समस्तीपुर में पोल्ट्री फॉर्म कारोबारी की हत्या, 4 गोलियां मारीं:हाथ-पैर और गले की हड्डी तोड़ी

समस्तीपुर. समस्तीपुर में पोल्ट्री फॉर्म कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मरने के बाद बदमाशों ने कारोबारी के हाथ पैर और गले की हड्डी तोड़ दी। मृतक की पहचान राजेश कुमार सिंह(45) के रूप में हुई है। अपराधियों ने राजेश को सिर और हाथ में चार गोली मारी है। घटना शनिवार की रात ला हलई थाना क्षेत्र के रारियाही गांव की है। रविवार को आक्रोशित परिजनों और गांव वालों ने समस्तीपुर-पटना मार्ग को जाम कर दिया और जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई संजीत कुमार सिंह ने बताया कि उनके 'राजेश रोजाना की तरह रात करीब 9 बजे खाना खाने के बाद घर से करीब 100 मीटर दूर पोल्ट्री फॉर्म पर सोने के लिए जा रहे थे। संजीत ने बताया कि पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हाथ पैर और गले की हड्डी तोड़ने के बाद चार गोली मारकर हत्या कर दी गई। लाश को खेत में फेंक दिया। परिवार को काफी देर बाद मामले की जानकारी मिली। परिवार के लोग उन्हें उठाकर पटना के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय शव लेकर रविवार सुबह समस्तीपुर पहुंचे। मुर्गी फार्म कारोबारी की मौत की सूचना इलाके में आग की तरफ फैल गई । आक्रोशित लोगों ने समस्तीपुर-पटना सड़क को जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि इस मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी परिवार के लोग खुलकर कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

## नककटों ने तिरुपति के प्रसाद में मछली का तेल मिलाया: गया में धीरेंद्र शास्त्री बोले-हिन्दुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे; बिहार आकर अच्छा लगता है



गया. आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में मिलावट को लेकर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नककटों ने वैष्णव धर्म को बर्बाद करने के लिए तिरुपति महाराज के प्रसाद में मछली का तेल मिला दिया। बोधगया में शनिवार को अपने भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'अब शांति नहीं बल्कि सनातनी क्रांति की आवश्यकता है। ताकि, देश से जात-पात छुआछूत का भेदभाव मिट सके। हमारा उद्देश्य यह है कि हिंदुओं की बेटी-बहन पर अत्याचार नहीं हो। पाल घर जैसा कांड नहीं हो। रामायण नहीं जलाई जाए। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जैसा व्यवहार हुआ, वैसा भारत में नहीं हो।' इस दौरान उन्होंने बिहार और बिहार के लोगों की काफी तारीफ की और कहा कि 'मैं बिहार आता हूं तो दिल में बहार आ जाती है।' इसके आगे उन्होंने 160 किलोमीटर पदयात्रा करने की बात कही है। यात्रा बाबा बागेश्वर धाम से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि 21 से लेकर 29 नवंबर तक देश के गांव-गांव तक जायेंगे। सबको गले लगाएंगे। हम सभी धर्माचार्यों और संतो के साथ बैठेंगे, प्रार्थना करेंगे।

धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराने और उन्हें भागवत कथा सुनाने के लिए गया के बोधगया से 5 किलोमीटर दूर संबोधि रिट्रीट में ठहरे हैं। आज उनके कथा का दूसरा दिन है। उन्होंने बीती रात कथा भी सुनाई। पर्ची कटवाने वाले भक्तों की एंट्री पर अपनी सफाई भी दी। उन्होंने कहा, '56 हजार की पर्ची तो बहुत छोटी रकम है। 56 लाख होती तो हम कुछ सोचते भी। लोगों के बीच अफवाह फैलाई जा रही है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'हमारे लिए सभी भक्त समान हैं। यह अलग बात है कि यहां आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की गई। उसमें खर्च होता है और कोई मसला नहीं है।'

### पिछड़े लोगों से मिलने के लिए गांव-गांव जाएंगे

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'बड़े-बड़े लोग मुझसे मिल लेते हैं, लेकिन मैंने तय किया है कि पदयात्रा कर मैं गांव-गांव जाकर पिछड़े लोगों से मिलूंगा। भारत में यात्रा करके सनातनियों को एकजुट करके धर्म विरोधियों को तमाचा मारेंगे। ना तो मुझे चुनाव लड़ना है ना वोट लेना है। बाबा हमें बनाना नहीं है क्यों दाढ़ी हम कटा लेते हैं। मेरा मकसद बस इतना है कि भारत के हिंदुओं पर कोई अत्याचार नहीं कर पाए।' पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शुक्रवार की देर रात बोध गया के संबोधि रिट्रीट पहुंचे हैं। पितृपक्ष मेला के दौरान वो 6 दिनों तक इसी रिसोर्ट में रहेंगे। वो विशेष भक्तों को पिंडदान करायेंगे और भागवत कथा करेंगे। सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। वो 2 अक्टूबर तक बोध गया में रहेंगे लेकिन, इस दौरान बाबा का दिव्य दरबार नहीं लगेगा।

# गर्लफ्रेंड की किडनैपिंग का था आरोप, जेल में मौत:पिता बोले- हत्या हुई; लड़की वालों ने मरवाया

बेगूसराय. बेगूसराय जेल में बंद कैदी की मौत हो गई है। युवक का शव शनिवार रात शौचालय के पीछे फंदे से लटका मिला। वो अपनी नाबालिग गर्लफ्रेंड की किडनैपिंग के केस में जेल में बंद था। मृतक के पिता का कहना है कि बेटे की साजिश के तहत जेल में ही हत्या करवाई गई है। जबकि, प्रशासन इसे आत्महत्या बता रहा है। किडनैपिंग के केस में मृतक की मां भी जेल में है। मृतक की पहचान बखरी थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी परमानंद तांती के बेटे रणवीर कुमार (20) के रूप में हुई है। रणवीर का पड़ोसी गांव की एक नाबालिग लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अचानक लड़की 27 जुलाई को गायब हो गई। लड़की के पिता ने बखरी थाना में रणवीर कुमार, उसकी मां वीणा देवी और पिता परमानंद तांती पर बेटी के अपहरण का आरोप लगा शिकायत की थी।

रणवीर के परिवार का दावा है कि लड़की अपनी मर्जी से बेटे के साथ गई थी, लेकिन लड़की का परिवार दबंग किस्म का है। परिजनों ने लड़का के परिजनों पर दबाव बनाया कि लड़की को भेज दो। ऐसा करने पर केस में कंप्रोमाइज करवा देंगे। बार-बार दबाव बनाए जाने पर 12 अगस्त की देर शाम रणवीर ने लड़की को उसके गांव पहुंचा दिया, लेकिन लड़की के परिवार ने उसे नहीं छोड़ा।

### बेटे ने धमकी मिलने की बाद कही थी

मृतक के पिता परमानंद तांती का आरोप है कि कुछ दिन पहले जब वो रणवीर से जेल में मिलने गए तो वह ठीक था। किसी प्रकार के दबाव में नहीं था। उसने अपने पिता को कहा भी था कि पहले मम्मी की बेल करवा दीजिए। मम्मी की तबीयत खराब रहती है, उन्हें बाहर निकाल लीजिए। वहीं, पिछले शनिवार को जब वह मिलने गए थे तो रणवीर ने कहा था कि जेल में एक आदमी ने कहा है कि तुम्हारी जान को खतरा है, तुम अलर्ट रहना।

### फोन पर बेटे के मौत की मिली जानकारी

मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार रात करीब 11:30 बजे फोन आया और कहा गया कि रणवीर ने आत्महत्या कर ली है। पोस्टमॉर्टम हो गया है, लाश ले जाओ। हम लोगों को गाड़ी नहीं मिली कि तुरंत पहुंच सकें। करीब एक बजे रात लाश घर पहुंचाया गया। उसकी हत्या की गई है, जांच हो। परिवार की मांग है कि जेल में किसने धमकी दी थी। जिस कैदी ने अलर्ट किया था, वह पूरी बात जानता होगा। पुलिस और प्रशासन गंभीरता से जांच कर न्याय दें।

### जेल में रणवीर की मां को सुरक्षा मिले- विधायक

घटना की सूचना मिलते ही रविवार को बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि रणवीर की जेल के अंदर हत्या की गई है। जेल प्रशासन की लापरवाही से हत्या हुई है। मृतक की मां वीणा देवी की सुरक्षा की मांग हम जिला प्रशासन से कर रहे हैं, उसकी भी हत्या हो सकती है। मृतक की डेड बॉडी रात में 1 बजे सौंपी गई। यह संदिग्ध मामला है। जेल में मौत हुई थी तो उसी समय परिजनों को सूचना दी जानी चाहिए थी। मैं इसके न्यायिक जांच की मांग करता हूं। आखिर हत्या कैसे हुई, यह आत्महत्या नहीं है। इसकी हत्या हुई है।

### आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था रणवीर

जेल सुप्ररिटेंडेंट राजीव कुमार राय ने बताया कि रणवीर कुमार तांती प्रेम प्रसंग और आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था। रात में वह शौचालय के पीछे फंदे से लटका मिला। डॉक्टर को बुलाकर जांच कराई गई तो मृत घोषित कर दिया गया। सभी पहलू पर जेल प्रशासन जांच कर रहा है।

13 अगस्त को अपने 164 के बयान में लड़की प्रेम-प्रसंग की बात से मुकर गई। उसने जबरदस्ती भागने का स्टेटमेंट दे दिया। FIR दर्ज हो चुकी थी। इसलिए 14 अगस्त को रणधीर और उसकी मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रणवीर का पिता फरार हो गया। 15 अगस्त को मां-बेटा को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। उस दिन से दोनों के बेल (जमानत) की प्रक्रिया चल रही थी। सोमवार 30 सितंबर रणवीर और उसकी मां के बेल पर सुनवाई होनी थी।

## आयकर अधिनियम समीक्षाः सरकार निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। एक सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है। पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है।

## सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव आमंत्रित करेगी

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। एक सूत्र ने बताया, ''उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए।' एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है।

## टेक प्रोफेशनल्स के लिए भारत में अच्छा समय, एआई प्रतिभा में हम सबसे आगेः नैसकॉम चीफ


नैसकॉम की नयी चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि भारत प्रतिभा और कौशल के लिहाज से वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) मंच पर सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इस वजह से भारत कृत्रिम मेधा के परिवर्तनकारी युग में एक मजबूत स्थिति में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वालों के लिए यह भारत में रहने का सबसे अच्छा समय है। गंगाधरन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कार्यस्थल पर मानसिक और सामाजिक कल्याण के महत्व, एआई और जेनएआई के आर्थिक प्रभाव, और एआई से नौकरियां खत्म होने की चिंता जैसे कई प्रमुख मुद्दों पर बात की। उन्होंने संगठनों के अपने कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण को उच्च प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग के भविष्य के बारे में आशावादी हैं। इस साल अगस्त में नैसकॉम की नयी चेयरपर्सन के रूप में नामित की गईं गंगाधरन एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक हैं और इस केंद्र की स्थापना में उनकी प्रमुख भूमिका रही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र को दी 11,200 करोड़ रुपये की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र को बड़ी सौगात दी है. रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उन्होने महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उनका 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था. प्रधानमंत्री मोदी ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया. अधिकारियों के अनुसार, जिला न्यायालय से स्वारगेट के बीच भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ रुपये है. मोदी ने पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वारगेट-कटराज विस्तार की आधारशिला भी रखी, जिस पर लगभग 2,955 करोड़ रुपये की लागत आएगी. 5.46 किलोमीटर का यह दक्षिणी विस्तार पूरी तरह से भूमिगत है और इसमें तीन स्टेशन – मार्केट यार्ड, पद्मावती और कटराज शामिल हैं. मोदी ने बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र का भी उद्घाटन किया, जो राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 7,855 एकड़ क्षेत्र में फैली एक परियोजना है. यह महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर से 20 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है. अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के तहत विकसित यह परियोजना मराठवाड़ा क्षेत्र में एक जीवंत आर्थिक केंद्र के रूप में अपार संभावनाएं पैदा करती है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन चरणों में विकसित होने वाली इस परियोजना के लिए 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है.

## एमपी के मैहर में खड़े डंपर में बस घुसी :9 की मौत, 24 घायल; मृतकों में 7 उत्तर प्रदेश, एक महाराष्ट्र निवासी

सतना : मध्यप्रदेश के मैहर में शनिवार देर रात यात्री बस सड़क किनारे खड़े हाइवा डंपर से टकरा गई। हादसे में 2 साल के बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 24 घायल हो



गए। मृतकों में 7 उत्तर प्रदेश जबकि एक-एक महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के हैं। हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे नादन देहात थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे नंबर 30 पर हुआ। बताया जा रहा है कि आभा ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। बस काफी रफ्तार में थी। इसी दौरान चौरसिया ढाबा के पास सड़क किनारे खड़े बड़े डंपर यानी हाइवा से जा टकराई। 53 सीटर बस में 45 यात्री सवार थे। सूचना मिलते ही नादन और मैहर पुलिस के साथ ही एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों में से 9 को अमरपाटन, 7 को मैहर सिविल हॉस्पिटल जबकि 8 को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पूरी तरह पिचक गई। कई यात्री बस में ही फंस गए। रेस्क्यू में जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। गैस कटर से बस का दरवाजा काटकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। रात करीब 2 बजे रेस्क्यू पूरा हुआ। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शुरुआत में समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

# अमित शाह की हरियाणा में 5 लाख नौकरियों की गारंटीःबोले- लेटर डाकिया लाएगा, कोई दलाल-डीलर नहीं; हुड्डा बाप-बेटे में सीएम बनने का झगड़ा




**करनालः** हरियाणा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने रविवार, 29 सितंबर को 3 रैलियां की। गुरुग्राम के बादशाहपुर से शुरुआत कर उन्होंने महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी और करनाल के इंद्री में दौरे को खत्म किया। इन रैलियों में शाह ने कहा- राहुल गांधी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध कर रहे हैं। वह चुनाव की हार-जीत को रामलला के अपमान से जोड़ रहे हैं। राहुल गांधी अग्निवीर स्कीम को लेकर झूठ फैला रहे। यह स्कीम सेना को जवान रखने के लिए बनाई गई है। मैं हरियाणा और भारत सरकार की तरफ से गारंटी देता हूं कि हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी दी जाएगी।

शाह ने किसान सम्मान निधि 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार की जाएगी। हरियाणा में सरकार बनने के बाद यहां की माताओं-बहनों को नरेंद्र मोदी 2100 रुपए का चेक भेजेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार आते ही 5 लाख नौकरियां दी जाएंगी। मैं ये गारंटी लेता हूं कि इन नौकरियों का लेटर डाकिया लेकर आएगा, कोई दलाल या डीलर नहीं। शाह ने कहा- ये कांग्रेस विकास कैसे करेगी। एक अनार-सौ बीमार हो रखा है। तभी तो हुड्डा साहब कहने लगे हैं कि मैं सीएम बनूंगा। बेटा कहने लगा है आप बुड्ढे होने लगे हो, मैं बनूंगा। बहन सैलजा को कहते हैं कि आपके प्रत्याशियों की टिकट काट दी है, आप नहीं बन सकतीं। रही-सही कसर सुरजेवाला ने पूरी कर दी है, उन्होंने भी सीएम बनने का दावा ठोक दिया।

### कांग्रेस गरीब विरोधी पार्टी

कांग्रेस गरीब विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। इनके 60 सालों के राज में इन्होंने कभी इनकी सुध नहीं, लेकिन इनका विकास करने का सौभाग्य नरेंद्र मोदी को मिला।

### कांग्रेस ने राम मंदिर का मखौल उड़ाया

ये पार्टी राम मंदिर का मखौल उड़ाती है। अरे राहुल बाबा 75-75 साल तक रामलला को टैंट में रखा। ये मोदी जी ही थे, जिन्होंने राम मंदिर बनाया और राम लला को मंदिर में स्थापित किया।

### 36 बिरादरी के लिए कल्याण बोर्ड बनाएंगे

36 की 36 बिरादरी के लिए एक कल्याण बोर्ड बनाएंगे। ये कांग्रेस पार्टी न देश को सुरक्षित कर सकती है, न देश को विकसित कर सकती है। ये कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद ही देगी।

### शाह ने हरियाणा में बीजेपी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

गांव में लाल डोरे में मालिकाना हक हरियाणा ने दिया है। पढ़ी लिखी पंचायतें हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिया। सभी घरों में शौचालय भाजपा सरकार ने पहुंचाया। खर्ची पर्ची के बगैर नौकरी दी। पीएम सम्मान निधि के तहत करनाल के 51 हजार किसानों को 200 करोड़ रुपया दिया। 761 करोड़ रुपए से मेडिकल कॉलेज की सुविधा दी है। आने वाले पांच साल में करनाल में हम एक औद्योगिक मॉडल टाउन शिप बनाने का काम करेंगे।

### हरियाणा का विकास सिर्फ मोदी करेंगे, राहुल को एमएसपी का मतलब पता नहीं

ये हरियाणा का विकास नहीं कर सकते। हरियाणा का विकास सिर्फ नरेंद्र मोदी ही करेंगे। राहुल बाबा झूठ बोलते हैं, ये कहते हैं कि एमएसपी देंगे, लेकिन इन्हें तो इसकी एमएसपी का मतलब हीं नहीं पता। जहां जहां इनकी पार्टी की सरकार है वहां भी फसलों की एमएसपी पर खरीद नहीं होती है। ये हरियाणा है जहां 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद की जाती है।

### शाह बोले- कांग्रेस में एक अनार-सौ बीमार

ये कांग्रेस विकास कैसे करेगी। एक अनार सौ बीमार। तभी तो हुड्डा साहब कहने लगे हैं कि मैं सीएम बनूंगा। बेटा कहने लगा है आप बुड्ढे होने लगे हो, मैं बनूंगा। बहन सैलजा को कहते हैं कि आपके प्रत्याशियों की टिकट काट दी है, आप नहीं बन सकतीं। रही सही कसर सुरजेवाला ने पूरी कर दी है, उन्होंने भी सीएम बनने का दावा ठोक दिया।

### शाह बोले- किसानों को 6 की जगह 10 हजार देंगे

हमने तय किया है कि किसानों को जो छह हजार रुपया देते हैं, उसको हम दस हजार करने जा रहे हैं। ये माताएं बहने यहां बैठी हैं, गैस के सिलेंडर 500 रुपए में ही मिलेगा। इसके साथ साथ हर माता बहनों को 2100 रुपए का चेक नरेंद्र मोदी जी भेजेंगे।

## तमिलनाडु सीएम ने बेटे को डिप्टी सीएम बनायाः उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया कहा था; जेल से बाहर आए सेंथिल बालाजी भी मंत्री बने




**चेन्नईः** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बना दिया है। इसके साथ ही कैबिनेट में फेरबदल भी किया। वी सेंथिल बालाजी, आर राजेंद्रन, डॉ गोवी चेझियान और एसएम नासर ने स्टालिन सरकार में मंत्री बनाया गया है। रविवार को राजभवन में गवर्नर आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी समेत चारों डीएमके नेताओं को शपथ दिलाई। सेंथिल बालाजी की स्टालिन कैबिनेट में वापसी हुई है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद इस साल फरवरी में इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। उदयनिधि ने शपथ नहीं ली क्योंकि वे राज्य सरकार में पहले से मंत्री थे। सरकार ने कैबिनेट में उनका कद बढ़ा दिया है। उन्हें पहले ही डिप्टी सीएम मनोनीत किया जा चुका था। उदयनिधि पिछले साल सनातन धर्म पर अपने बयान को लेकर चर्चा में रहे थे। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से की थी। तमिलनाडु में ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब पिता सीएम और बेटा डिप्टी सीएम पद पर हैं। इससे पहले 2009-11 में मौजूदा सीएम एमके स्टालिन डिप्टी सीएम रहे थे। तब उनके पिता दिवंगत एम करुणानिधि मुख्यमंत्री थे। उदयनिधि अपने दादा और पिता के बाद राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका पाने वाले अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। उदयनिधि स्टालिन को उनके मौजूदा युवा कल्याण और खेल विकास विभाग के अलावा योजना और विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। बालाजी को कौन सा मंत्रालय दिया जाएगा, यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। ईडी ने बालाजी को 14 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। उस समय वे राज्य सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। इसके अलावा उनके पास आबकारी एवं निषेध विभाग भी था। वे 15 महीने जेल में रहे। 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दी थी।

### कई विभागों के मंत्री बदले, तीन मंत्रियों को हटाया गया

स्टालिन सरकार में कई मंत्रियों का विभाग भी बदला है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संभाल रहे आर. एस. राजकन्नप्पन को दूध एवं डेयरी विकास एवं खादी मंत्री बनाया गया है। तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. के पोनमुडी को वन मंत्री बनाया गया है। पर्यावरण मंत्री शिव वी. मेय्यानाथन को पिछड़ा वर्ग मंत्री बनाया गया है। डॉ. एम. मथिवेंथन जो वन मंत्रालय संभाल रहे थे। उन्हें अब आदि द्रविड़ कल्याण विभाग दिया गया है। वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु को पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन का अतिरिक्त विभाग दिया गया है। डेयरी विकास विभाग संभालने वाले मनो थंगराज सहित तीन मंत्रियों को हटाया गया है।

### 4 साल के पॉलिटिकल करियर में विधायक से डिप्टी सीएम बने उदयनिधि

पिता एमके स्टालिन की तुलना में उदयनिधि का राजनीतिक सफर अब तक आसान रहा है। उदयनिधि 2021 में 44 साल की उम्र में पहली बार विधायक बने। 4 साल के पॉलिटिकल करियर में वे विधायक से डिप्टी सीएम बन गए हैं। वे DMK की युवा शाखा के प्रमुख भी हैं। 2021 में राजनीति में एंट्री से पहले उदयनिधि तमिल फिल्मों में प्रोड्यूसर और एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बना चुके थे। उन्होंने साउथ सुपरस्टार कमल हासन और विजय जैसे टॉप स्टार को लेकर कई तमिल फिल्में बनाई हैं।

## हरियाणा चुनाव- राम रहीम ने 11वीं बार पैरोल मांगीः ईसी ने पूछा- इस वक्त परमिशन देना कितना सही



**चंडीगढ़ः** हरियाणा चुनाव के बीच साध्वियों के यौन शोषण और कत्ल केस में 20 साल कैद काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम ने सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी है। राम रहीम ने जेल विभाग को आवेदन कर 20 दिन की पैरोल देने के लिए कहा है। इस दौरान उसने उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहने की बात कही है। राम रहीम 13 अगस्त को ही 21 दिन की फरलो पर बाहर आया था। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगी हुई है। इस वजह से सरकार ने राम रहीम के आवेदन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास भेजा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर पैरोल को लेकर सवाल पूछे हैं। पत्र में पूछा गया है कि चुनाव के टाइम किसी दोषी को पैरोल पर रिहा करना कितना सही है? डेरा प्रमुख इस समय हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद हैं। चुनाव के लिहाज से देखें तो राम रहीम का हरियाणा के सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र और हिसार जिले में खासा प्रभाव है। इन चारों जिलों में करीब 36 विधानसभा सीटें आती हैं। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोटिंग होनी है। 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

जेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में पैरोल मांगने के लिए कारण बताने की जरूरत नहीं होती। केवल इमरजेंसी पैरोल के लिए कारण बताना जरूरी होता है। राम रहीम की साल 2024 में 20 दिन की पैरोल बची है। अधिकारी ने बताया कि पैरोल को आमतौर पर डिवीजनल कमिश्नर स्तर पर मंजूरी दी जाती है। हालांकि, आदर्श आचार संहिता के कारण जेल विभाग ने इस मामले को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दिया है।

## भाजपा तोड़ना चाहती है, लेकिन हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते

### -केजरीवाल ने जनसभा में साझा किए अपने अनुभव और किए वादे



**गुरुग्राम, (ईएमएस)।** गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी बीर सिंह की जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वे पिछले पांच महीने जेल में रहे, जहां उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का ध्यान नहीं रखा गया। केजरीवाल ने कहा, मैं शुगर का मरीज हूं, और जेल में 15 दिन से मेरी इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए गए थे। ये लोग मुझे हिम्मत तोड़ना चाहते थे, लेकिन मैं हरियाणा का हूं और हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते।

अपने भाषण में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता को आश्वास्त किया कि यदि उनकी सरकार बनती है, तो बिजली मुफ्त होगी। उन्होंने दिल्ली का उदाहरण पेश करते हुए कहा, दिल्ली में 24 घंटे फ्री बिजली, नो पावर कट और जीरो बिल आते हैं। साथ ही, उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सफल मॉडेल को देखकर उनके खिलाफ साजिश कर रही है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने दिल्ली में 12 लाख बच्चों को रोजगार दिया है और हरियाणा में भी ऐसा ही करने का वादा किया। हम हरियाणा का बकाया बिजली बिल फ्री करेंगे, स्कूल और अस्पताल बनाएंगे, और बिना रिश्वत के रोजगार देंगे, उन्होंने कहा।

### जनता में भरोसा जगाया

केजरीवाल की नीति और बातें सुन जनसभा में मौजूद लोगों ने जोश दिखाया, इस तरह से जनता में भरोसा जगाने में वो कामयाब दिखे हैं। केजरीवाल ने भरोसे के साथ कहा कि यह सुनिश्चित करें कि हरियाणा में कोई भी सरकार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बने। केजरीवाल ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, कि पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में भारत के युवाओं को कुछ नहीं दिया। भाजपा नेताओं से पूछें कि क्या उन्होंने उनके जीवन में समृद्धि लाई है। जनसभा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## कोलकाता रेप केस-डॉक्टर्स फिर से हड़ताल शुरू कर सकते हैंः सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद फैसला लेंगे

कोलकाताः कोलकाता में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले के बाद 42 दिन तक हड़ताल करने वाले जूनियर डॉक्टर्स फिर से हड़ताल कर सकते हैं। डॉक्टरों ने शनिवार रात को कहा कि सोमवार यानी 31 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी। इस दौरान राज्य सरकार वर्कप्लेस पर सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर जवाब दाखिल करेगी। राज्य सरकार के जवाब के बाद हम हड़ताल फिर से शुरू करने फैसला ले सकते हैं। दरअसल, कोलकाता के सागोर दत्ता हॉस्पिटल में 27 सितंबर को एक मरीज की मौत के बाद 3 डॉक्टरों और 3 नर्सों से पिटाई का मामला सामने आया था। इसी घटना से जूनियर डॉक्टर्स नाराज हैं। उन्होंने अस्पताल में प्रदर्शन भी किया। इस मामले में 4 प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया है।

शनिवार को एक डॉक्टर ने कहा कि राज्य सरकार हमें सुरक्षा देने पूरी तरह से विफल रही है। इसलिए शुक्रवार को सगोर दत्ता हॉस्पिटल में हमला हुआ। हम ममता सरकार को कुछ समय दे रहे हैं। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद शाम 5 बजे हम फैसला लेंगे। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ हमारी बैठकों को गंभीरता से नहीं लिया गया। मरीजों के परिवार के सदस्य हमारी एक महिला सहकर्मी को धमका रहे हैं।

## रिलायंस इंफ्रा को कलकत्ता हाई कोर्ट से मिली राहत, दामोदर वैली कॉरपोरेशन के खिलाफ जीता ऑर्बिटरेशन अवॉर्ड


कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने रघुनाथपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से जुड़ी एक याचिका पर फैसला सुनाया। 27 सितंबर को दिए गए अपने फैसले में कोर्ट ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पक्ष में मध्यस्थता फैसले को बरकरार रखा। यह याचिका दामोदर वैली कॉरपोरेशन की तरफ से अवॉर्ड को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। आर-इंफ्रा ने स्टॉक एक्सचेंज को दिए बयान में यह जानकारी दी। डीवीसी ने यह याचिका सितंबर 2023 में दायर की थी। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, ऑर्बिटरेशन अवॉर्ड (मध्यस्थता विवाद) लगभग 780 करोड़ रुपये का है, जिसमें संचित ब्याज शामिल है, और इसके अलावा 600 करोड़ रुपये के बैंक गारंटी को भी रिलीज किया जाएगा। कोर्ट ने अवॉर्ड को 'प्री-अवार्ड ब्याज पर राहत और बैंक गारंटी पर ब्याज दर में कमी के 181 करोड़ रुपये के मामले को छोड़कर' बरकरार रखा।

रिलायंस इंफ्रा ने कहा है कि वह मौजूदा समय में इस फैसले का विस्तार से रिव्यू कर रही है और कानूनी सलाह के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। यह कार्रवाई या तो कोर्ट की तरफ से स्वीकृत अवॉर्ड को लागू करने या 27 सितंबर के निर्णय को चुनौती देने के संबंध में होगी।

### पहले भी पेमेंट कर चुकी है दामोदर वैली कॉरपोरेशन कंपनी

कंपनी की वित्तीय वर्ष 2024 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने डीवीसी के खिलाफ दिसंबर 2019 में एक मध्यस्थता शुरू की और जीत हासिल की थी। डीवीसी को तब 898 करोड़ रुपये का भुगतान करने और 354 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जारी करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी ने बैंक गारंटी प्रस्तुत करके जमा की गई नकद राशि को निकाला, जिसे इसके ऋणदाताओं द्वारा ऐसी गारंटी प्रदान करने के बदले में प्राप्त किया गया था।

## रिसर्चर्स बोले- चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर पर उतराः यह 3.85 अरब साल पहले बना था; इस साइट पर कोई दूसरा मिशन लैंड नहीं हुआ



**नई दिल्लीः** चंद्र मिशन और सैटेलाइट्स की तस्वीरों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर्स में से एक पर उतरा। वैज्ञानिकों की टीम में अहमदाबाद के फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी एंड इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के रिसर्चर्स भी शामिल हैं। फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में एसोसिएट प्रोफेसर एस विजयन ने बताया कि यह क्रेटर 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था। नेक्टेरियन काल चंद्रमा के इतिहास में सबसे पुराने समय काल में से एक है।

एस विजयन ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट एक यूनीक जियोलॉजिकल सेटिंग है। वहां इससे पहले कोई दूसरा मिशन नहीं गया है। चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर से ली गईं तस्वीरें इस लैटिट्यूड पर चंद्रमा की पहली तस्वीरें हैं। तस्वीरें से पता चलता है कि चंद्रमा समय के साथ कैसे बदला है।

भारत ने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को 3 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया था। 22 दिन बाद 5 अगस्त को यह चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा था। चंद्रयान-3 ने लॉन्च होने के 41वें दिन 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंडिंग की। इसी के साथ भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन गया।

### क्रेटर क्या है और कैसे बनता है

किसी भी ग्रह, उपग्रह या अन्य खगोलीय वस्तु पर बड़े गड्ढे को क्रेटर कहा जाता है। ये क्रेटर ज्वालामुखी विस्फोट से बनते हैं। इसके अलावा किसी उल्का पिंड के किसी अन्य पिंड से टकराने से भी क्रेटर बनते हैं। गड्ढे से बाहर निकले सामान को इजेक्टा कहते हैं। एस विजयन ने बताया कि जब आप रेत पर गेंद फेंकते हैं तो रेत का कुछ हिस्सा वहां से निकल जाता है या बाहर की ओर उछलकर एक छोटे ढेर में तब्दील हो जाता है। इजेक्टा भी इसी तरह बनता है।

प्रज्ञान को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतारा था। चंद्रयान-3 एक ऐसे क्रेटर पर उतरा था, जिसका डायमीटर लगभग 160 किलोमीटर है। तस्वीरों से पता चला कि क्रेटर का आधा हिस्सा चंद्रमा पर सबसे बड़े और सबसे नामी बेसिन साउथ पोल-एटकेन बेसिन से बाहर फेंकी गई या निकली सामग्री के नीचे दबा हुआ था। चंद्रयान-3 जिस जगह पर उतरा था, 26 अगस्त 2023 को उसका नाम शिव शक्ति प्वाइंट रखा गया। शिव शक्ति प्वाइंट के पास एक अन्य क्रेटर से बाहर निकली इजेक्टा देखी गई। प्रज्ञान रोवर ने जो तस्वीरें ली हैं, उससे पता चला कि उसी नेजर की सामाग्री लैंडिंग साइट पर थी।

### चांद पर भारत का यह तीसरा मिशन था, पहले मिशन में पानी खोजा था

2008 में चंद्रयान-1 को लॉन्च किया गया था। इसमें एक प्रोब की क्रैश लैंडिंग कराई गई थी जिसमें चांद पर पानी के बारे में पता चला। फिर 2019 में चंद्रयान-2 चांद के करीब पहुंचा, लेकिन लैंड नहीं कर पाया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 चांद पर लैंड कर गया। चांद पर सकुशल पहुंचने का संदेश भी चंद्रयान-3 ने भेजा। कहा- 'मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद** 6

रांची, सोमवार, 30 सितंबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com

## इजराइल के खौफ से सारी दुनिया सहमी, संयुक्त राष्ट्र संघ

इजराइल का खौफ सारी दुनिया में छा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था भी इजराइल के सामने अपने आप को बेबस मान रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध विराम के निर्देश को इजराइल ने नहीं माना। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक से बाहर निकलने के तुरंत बाद लेबनान में हिजबुल्लाह के मुख्यालय में भारी बमबारी कर एक नए युद्ध का शंखनाद इजराइल ने कर दिया है। हिजबुल्ला के प्रमुख सैयद हसन नसरुल्लाह के साथ कई लोग इस हमले में मारे गए। हिजबुल्ला का मुख्यालय शहरी इलाके में था। 80 टन बारूद के बमों से हमले किए गए। 40 फ़ीसदी बेरूत बर्बाद हो गया है। हजारों लोगों की मौत हो गई है। यहां के लोगों को सड़कों पर आकर रहना पड़ रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से लेबनान को तबाह करने की धमकी देते हुए विश्व जनमत को न केवल हतप्रभ किया था। वरन लेबनान पर हमला करके जो तबाही बेरूत में मचाई है, उसके बाद सारी दुनिया के देश इजराइल से खौफ़जदा हो गए हैं। इजराइल और हमास का युद्ध जब से शुरू हुआ है। उसके बाद से लेबनान के साथ भी इजराइल का युद्ध शुरू हो गया है। तब से लेकर अभी तक लगभग 80000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 13 मई 2024 को संयुक्त राष्ट्र संघ की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। उसके अनुसार 35000 से ज्यादा लोग गाजा पट्टी में सामान्य नागरिक एवं हमास के लोग मारे जा चुके थे। इनमें से 7797 नाबालिग बच्चे, 4959 महिलाएं और 19924 बुजुर्गों की पहचान की गई थी। इजराइल ने अस्पताल और राहत शिविरों में भी लगातार बमबारी की। रेड क्रॉस जैसी संस्था औचित्यहीन हो गई। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह की चेतावनी अभी हिज्बुल्लाह संगठन को लेकर दी है, वैसी ही चेतावनी कई माह पहले उन्होंने हमास को लेकर दी थी। जिस तरह का नरसंहार इजराइल द्वारा किया जा रहा है। उसके बाद अब नर पिसाच के रूप में भी नेतन्याहू की पहचान सारी दुनिया में बनने लगी है। इजराइल ने जिस तरह से लेबनान में सिल-सिलेबार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में धमाके कराकर हिजबुल्लाह के लड़ाकुओं को अपने निशाने पर लिया। यह युद्ध का एक नया तरीका था। इजराइल ने लेबनान में करीब 5000 से अधिक पेजर में ब्लास्ट करवाकर हजारों हिजबुल्लाह के लडाकुओं को एक साथ समाप्त कर दिया। कई स्थानों पर वॉकी-टॉकी में भी विस्फोट हुए। इसके बाद सारी दुनिया के देशों में इजराइल को लेकर एक नई दहशत फैल गई है। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरणों के माध्यम से जासूसी और ट्रैकिंग का एक जाल बिछाया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अब हथियार बनाकर इजराइल द्वारा जो हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध की नवीन तकनीकी से इजराइल के सहयोगी देश भी दहशत में आ गए हैं। अमेरिका जैसा देश भी इजराइल से भयभीत हो गया है। यह सब आश्चर्यचकित करने वाला है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पास जो ताकत है, उसके बाद से वह अपनी ताकत को लेकर मदमस्त हैं। वह सारी दुनिया को अपनी उंगलियों में नचाने की मुद्रा में आ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में उन्होंने जो कहा है। उससे ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। सारी दुनिया के देश यह समझने में लगे हैं। इजराइल के पास ऐसी कौन सी ताकत है, जिसके कारण इजराइल सारी दुनिया के देशों के लिए एक चुनौती बन गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री जिस तरह से ईरान और अन्य देशों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उसके बाद से सारी दुनिया के देशों में एक अज्ञात भय देखने को मिल रहा है। ईरान के राष्ट्रपति को अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। इजराइल ने जिस तरह से संचार माध्यमों को अपना हथियार बनाया है। बहुत कम खर्चे में हजारों किलोमीटर दूर बैठकर अपने विरोधियों को खत्म करने की जो नई तकनीकी इजराइल के पास है। उससे सारी दुनिया में भय फैल गया है। यह पागलपन इजराइल के लिए भी संकट का कारण बन सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सिर में जिस तरह का खून सवार है। वह अपने और परायों का भी भेद नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ की बात भी नहीं मान रहे हैं। ऐसी स्थिति में दुनिया के देश तबाही के नए कगार पर आकर खड़े हैं। इजराइल के संकट से निपटने के लिए दुनिया के कई देश एकजुट होकर इजराइल का मुकाबला करने के लिए तैयार होते दिख रहे हैं। एक बार फिर सारी दुनिया में तृतीय विश्व युद्ध जैसे हालात बनते हुए दिख रहे हैं। इसमें कितनी तबाही होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। पिछले 100 सालों में दुनिया के देशों में जो सामाजिक और आर्थिक विकास हुआ है। तकनीकी के इस दौर में, उसे किस स्तर तक बचा के रखा जा सकता है। यह एक बड़ी चुनौती दुनिया के देशों के सामने आकर खड़ी हो गई है। जब लड़ाई होती है, तो दोनों ही पक्षों को भारी नुकसान होता है। निश्चित रूप से लड़ाइयों से किसी का फायदा होने वाला नहीं है। इजराइल की अर्थव्यवस्था दिनों-दिन खत्म होती जा रही है। इजराइल के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है। इस युद्ध से इजराइल को क्या मिलेगा, यह कहना मुश्किल है। इजराइल के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में नेतन्याहू को ताकत का जो अहंकार आ गया है, उसे वह जरूर पूरा होता हुआ मान रहे होंगे। दुनिया के सामने सबसे ताकतवर व्यक्ति नेतन्याहू बनना चाहते हैं। अभी तक तो उन्हें सफलता मिलती जा रही है। जो जीता वही सिकंदर की तर्ज पर नेतन्याहू ने इतिहास में अपना एक नया नाम दर्ज कर लिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

## धर्मनिरपेक्षताः पश्चिमी या आधुनिक?

भारत का स्वाधीनता संग्राम बहुवादी था और उसका लक्ष्य था धर्मनिरपेक्ष एवं प्रजातान्त्रिक मूल्यों की स्थापना। यह हमारे संविधान की उद्देशिका से भी जाहिर है, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को स्थान दिया गया है। संविधान के कई अनुच्छेदों का लक्ष्य सामाजिक न्याय की स्थापना है। समानता से आशय है हर नागरिक - चाहे उसकी जाति, लिंग या धर्म कोई भी हो - को समान दर्जा देना। संविधान के अधिकांश प्रावधान धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों पर आधारित हैं। 'धर्मनिरपेक्षता' - यह शब्द उद्देशिका में नहीं है मगर धर्मनिरपेक्षता, संविधान की नींव है, उसका निचोड़ है। संविधान का मसविदा डॉ आंबेडकर ने तैयार किया था, मगर उसके निर्माण में अलग-अलग राजनैतिक ताकतों ने भूमिका निभायी थी। संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हिन्दू राष्ट्रवादियों ने संविधान का इस आधार पर विरोध किया कि वह हमारे पवित्र ग्रंथों में निहित लैंगिक और जातिगत पदक्रम के चिरकालिक मूल्यों को प्रतिबिंबित नहीं करता। आरएसएस के मुखपत्र द आर्गेनाइजर ने 19 नवम्बर 1949 को लिखा, "हमारे संविधान में प्राचीन भारत की अद्वितीय सांविधानिक विकास यात्रा के भी कोई निशान नहीं हैं। स्पार्टा के लाइकर्जस या फारस के सोलन से भी काफ़ी पहले मनु का क़ानून लिखा जा चुका था। आज भी मनुस्मृति की दुनिया तारीफ़ करती है। भारतीय हिंदुओं के लिए तो वह सर्वमान्य व सहज स्वीकार्य है, मगर हमारे सांविधानिक पंडितों के लिए इस सब का कोई अर्थ नहीं है। "

हिन्दू राष्ट्रवादी हमारे धर्मनिरपेक्ष, प्रजातान्त्रिक गणतंत्र को हिन्दू राष्ट्र बताते रहे हैं और यह शाखाओं में दिए जाने वाले प्रशिक्षण का हिस्सा था और है। भारत की सरकारें धर्मनिरपेक्ष नीतियों पर चलने का प्रयास करती रहीं हैं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के हितार्थ कई सकारात्मक कदम उठाये गए हैं। शाहबानो मामले में गलत निर्णय लेने के बाद से, दक्षिणपंथियों की ताकत बढनी शुरू हुई। वे धर्मनिरपेक्षता का मजाक उड़ने के लिए उसे 'छद्म' कहने लगे और 'सिक्युलर' जैसे शब्द इस्तेमाल करने लगे। उसके बाद संविधान को बदलने की मांग उठी। पहले वाजपेयी सरकार ने भारत के संविधान की समीक्षा के लिए वेकटांचलैया आयोग बनाया। उसने अपनी सिफारिशें भी प्रस्तुत कर दीं मगर उनका इतना विरोध हुआ कि उन्हें ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया।

के। सुदर्शन ने सन 2000 में आरएसएस का सरसंघचालक बनने के बाद कहा कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है और उसकी जगह ऐसे संविधान को लेनी चाहिए जो भारतीय पवित्र पुस्तकों पर आधारित हो। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने संविधान को बदलने को अपनी मुख्य मांग बना लिया। अनंतकुमार हेगड़े उनमें से एक थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान को बदले जाने की ज़रुरत है। हाल में हुए लोकसभा आमचुनाव (2024) में 'अबकी पार चार सौ पार' का नारा इसी लिए दिया गया था ताकि नई सरकार संविधान बदलने की स्थिति में रहे। और एक कारण जिसके चलते भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा वह यह था कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान की प्रति अपने हाथ में पकड़कर यह कहना शुरू कर दिया कि उनका प्राथमिक लक्ष्य संविधान की रक्षा करना है।

## आदिवासी अधिकारवाले पेसा कानून पर गरमाई राजनीति

> पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव का कहना है कि- अनुसार ड्राफ्ट नियमावली को लेकर जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) से सुझाव लिए गये थे। इसके अलावा 14 विभागों का भी मंतव्य लिया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में ड्राफ्ट नियमावली प्रकाशित की गई थी। इस आधार पर करीब 400 अतिरिक्त सुझाव आए। इनमें से 267 सुझाव लिए जा चुके हैं। इस मामले में विधि विभाग से भी सहमति मिल गई है। इसी बीच ट्राइबल एडवाइज़री कमेटी में भी बात उठी। कुछ विधायकों की ओर से आपत्तियां भी आईं। उन आपत्तियों पर मंथन किया जा चुका है। निदेशक निशा उरांव के मुताबिक इस मसले पर मुख्य सचिव के स्तर पर एक और समीक्षा संभव है।

कुमार कृष्णन

लंबे जन संघर्ष के बाद 1996 में देश में पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा के नाम से जाना जाता है, लागू हुआ। मध्य प्रदेश के झाबुआ से सांसद रहे दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसकी अनुशंसा पर ही यह मॉडल कानून बना था। इस क़ानून के अनुसार, पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को आदिवासी समुदायों के गांव, समाज, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति के अनुरूप लागू किया जाना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों का वर्चस्व है। ये क्षेत्र 73वें संविधान संशोधन या पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते थे। पेसा अधिनियम का उद्देश्य भारतीय संविधान के भाग IX के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करना है। यह पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है। पांचवीं अनुसूची आदिवासियों की स्वशासन प्रणाली के संरक्षण और उनके सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास के लिए संवैधानिक ढांचा देती है। पेसा स्पष्ट रूप से कहता है कि आदिवासी समुदाय की समझ एवं परंपरा के अनुसार 'गांव' को परिभाषित किया जाना है। गांव की ग्राम सभा, जिसमें गांव के सभी मतदाता सदस्य होंगे, ही सामुदायिक संपत्तियों जैसे जल, जंगल, ज़मीन आदि की मालिक होगी। गांव में किसी प्रकार का भी विकास का कार्य ग्राम सभा की अनुमति से ही किया जाएगा। ग्राम सभा का निर्णय और राय सर्वोच्च माने जाएंगे।

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधन प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं। जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में बंधुआ मजदूरी की प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रवासी मजदूरों का रिकॉर्ड भी रखने का भी अधिकार देता है। देश के सात आदिवासी बहुल राज्यों ने इसे लागू कर दिया है। इसमें ग्राम सभा को अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आदिवासियों के अधिकार को लेकर पेसा एक्ट, 1996 यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया का मामला गरमाने लगा है। कई जगह नारा गुंजने लगा है- पहले पेसा कानून फिर वोट, नहीं पेसा कानून तो नहीं वोट। राज्यपाल संतोष गंगवार भी कह चुके हैं कि राज्य में पेसा कानून लागू करने की जरूरत है। वहीं झारखंड दौरे पर आयी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करें। झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है। झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। गांव के गांव खाली हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, लेकिन झारखंड में नहीं। हालांकि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच पी-पेसा एक्ट के तहत नियमावली की बात कर रहा है। यहां पी— पेसा में पी का मतलब उन 23 प्रावधान से है, जो अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष अधिकार देता है।

यह मामला इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि 29 जुलाई 2024 को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। यह मियाद कुछ दिन में पूरी होने वाली है। लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक नियमावली को लेकर तस्वीर साफ नहीं की गई है। बहुत जल्द झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है। इसलिए आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवी संगठनों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के विक्टर मालतो का कहना है कि झारखंड में जब पी-पेसा के तहत नियमावली बनी ही नहीं है तो फिर अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा कैसे गठित हो सकती है। स्पष्ट है कि फर्जी ग्रामसभा बनाकर जमीन अधिग्रहण, बालू घाटों की नीलामी हो रही है, जो संविधान के खिलाफ है। इससे अदिवासियों का हक छीना जा रहा है। यही नहीं फर्जी ग्राम सभा के जरिए डीएमएफटी और ट्राइबल सब प्लान के फंड का दुरुपयोग हो रहा है। विक्टर मालतो के अनुसार तीन तरह की ग्राम सभाएं होती हैं। एक अनुच्छेद 243(ए) के तहत ग्राम सभा होती है जो ग्राम पंचायत के माध्यम से चलती है। दूसरा वनाधिकार अधिनियमौ, 2006 के तहत ग्राम सभा होती है जो जमीन आवंटन के लिए होती है। तीसरी ग्राम सभा पारंपरिक होती है,जो संसद से पारित पेसा कानून के तहत चलती है। लेकिन राज्य सरकार इस संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इसलिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। तब कोर्ट ने हमारे हक में आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को दो माह के भीतर पी-पेसा के तहत नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है।

पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव का कहना है कि- अनुसार ड्राफ्ट नियमावली को लेकर जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) से सुझाव लिए गये थे। इसके अलावा 14 विभागों का भी मंतव्य लिया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में ड्राफ्ट नियमावली प्रकाशित की गई थी। इस आधार पर करीब 400 अतिरिक्त सुझाव आए। इनमें से 267 सुझाव लिए जा चुके हैं। इस मामले में विधि विभाग से भी सहमति मिल गई है। इसी बीच ट्राइबल एडवाइज़री कमेटी में भी बात उठी। कुछ विधायकों की ओर से आपत्तियां भी आईं। उन आपत्तियों पर मंथन किया जा चुका है। निदेशक निशा उरांव के मुताबिक इस मसले पर मुख्य सचिव के स्तर पर एक और समीक्षा संभव है। कोर्ट के आदेश के आलोक में फाइनल नियमावली जारी करने की तो सरकार के स्तर पर कोर्ट में राय प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के जो सुझाव हैं वो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 2010 और 2017 के आदेश के दायरे में नहीं आते हैं। पेसा के तहत ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए मॉड्यूल बनाने को लेकर केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने 15 मार्च 2024 को एक आदेश जारी किया था। इसके तहत लघु वन उत्पाद, लघु खनिज, भूमि के हस्तांतरण की रोकथाम, शराब और नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध, धन उधार देने पर नियंत्रण, प्रथागत तरीके से विवाद के समाधान जैसे छह बिंदुओं पर अलग-अलग कमेटी गठित कर ग्राम सभा को मजबूत करने

## स्वाभिमानी अभाव में रहता है पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता

> आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। समय भेदभाव नहीं करता सबको आइना दिखाता है इसलिए किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है।

नरेन्द्र भारती

बेशक स्वाभिमानी अभाव में रहता है पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता है अपने स्वभाव में रहता है। अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो। जीहजूरी करने वाला सिर झुकाकर ही चल सकता है। थर्ड श्रेणी में मुशिकल से पास हुए लोग आज उपदेश देते है कि हमने मेहनत की है मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है। समय आने पर धराशायी जरुर होगें। नकल व रिश्वत के बल पर सफलता हासिल करने वाले एक दिन बेनकाब होगें नकली पंख कब तक उड़ान देगें। गीदड़ को अगर शेर की खाल पहना दी जाए तो वह शेर नहीं बन जाता। जीहजूरी करने वालों को बंदरों की तरह ही नचाया जाएगा। मदारी उसे अपने हिसाब से नचाएगें। तिगड़म व जीहजूरी के बलबूते सफलता हासिल कर चुके कुछ लोग आज भले ही उंचे ओहदों पर पहुंचे है मगर यह लोग इनके काबिल नहीं है। तिगड़म व तलवे चाटकर सफलता हासिल करना आसान है मगर उसे बनाए रखना कठिन है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। जीहजूरी से सफलता हासिल करने वाले गुलामी में ही जीएंगें। एक मेहनती व स्वाभिमानी सिर उठाकर ही चलेगा। व औंधे मुंह गिरेगें। दूसरों का हक मारकर सफल बने लोगों को वक्त एक दिन जरुर आईना दिखाएगा जब असफल होकर उसी परिपाटी पर आएंगे। खुद तो यह लोग तिगड़मों से सैटल हो गए है अब अपने चिरागों को रोशन करने के लिए जुगाडतंत्र फिट करने में मशगूल रहते है। आज भले ही यह लोग अपने लाडलों को नकल के बलबूते अग्रसर कर रहे है लेकिन आगे पिछड़ जाएगें तब होश ठिकाने आएगें। तिगड़मों को ही सब कुछ मान बैठे हैं मगर चिरित्रहीन लोगों के साथ ही इनका नाता है। दूसरों को दुख देकर भले ही आज सुख भोग रहे है मगर जब समय अपना हिसाब मांगेगा तब दीवारों पर सिर पटकेगे कि हमने दूसरों के हको पर डाका डालकर कितना गलत किया था। तिगड़मबाज यह लोग अपने अबैध कामों के लिए हर नीति अपनातें है जबकि दूसरों के वैध व जरुरी कामों के लिए आनाकानी करते है। कहते है कि हाथ से छिना जा सकता है मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरुर मिलेगा। देर जरुर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरुर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते है बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है । आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते है कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते है कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते है यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा हैं । मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिन्दगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्व देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है। गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है मगर पल की खबर नहीं है। मानव को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए। आज कुछ तथाकथित अमीर बने लोग कारों में बैठकर ऐसे बन जाते है कि धरती पर चल रहे मानव को कीड़े-मकोड़े समझते है आज कारे तों छोटे से छोटे लोगों ने रखी है कार में बैठकर कोई बड़ा नहीं बन सकता समाज के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले के आगे कारों की चमक फीकी पड़ जाती है। यह लोग कार, कोठी और पैसे को ही जीवन का ध्येय मान बैठे हैं। महगें कपड़े पहन कर कोई आदमी बड़ा नहीं है बल्कि उसके गुणों के कारण ही पहचान होती है। कुछ लोग आत्मकेन्द्रित होते हैं बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए। समाज में ऐसे लोग घातक होते है। आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। समय भेदभाव नहीं करता सबको आइना दिखाता है इसलिए किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए अगर गरीब की बद्दुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए। मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इन्सान के रुप में हमेशा याद किया जा सके।

## महमूदः हास्य का जादूगर

दिलीप कुमार पाठक

हिन्दी सिनेमा में महमूद साहब की सिनेमाई यात्रा को याद न किया जाए तो एक प्रमुख चैप्टर से लोग महरूम रह जाएंगे। महमूद ने केंद्र में रहते हुए लंबे समय तक दर्शकों का ध्यान खींचा है। उनका कॉमिक, भावनात्मक अभिनय बेमिसाल रहा है। जिक्र ऐसे चलते-फिरते अभिनय इंस्टीट्यूशन का एक ऐसे एक्टर का जिसने अपने शुरुआती दिन मुफ़लिसी और तंगहाली में तो गुजारे, लेकिन जब उन्हें प्रतिभा बिखरने का मौका मिलाा तो बेशुमार ख्याति हासिल हुई । इसके बाद महमूद ने कभी पीछे पलट के नहीं देखा। उस एक्टर की एक्टिंग आज भी तमाम एक्टिंग स्कूल्स में सिलेब्स का हिस्सा है। कहने को तो महमूद एक कॉमेडियन थे, मगर किसी स्क्रिप्ट राइटर की स्क्रिप्ट के लिए महमूद कितने ज़रूरी थे, इसे हम ऐसे समझ सकते हैं कि जब बात पेमेंट की आती थी, तो उस आमुक फ़िल्म में काम करने वाले एक्टर के मुकाबले महमूद को कहीं ज्यादा पैसे मिलते थे। साथ ही फिल्म के पोस्टर में हीरो के साथ उनकी तस्वीर लगाई जाती थी, किसी भी कॉमेडियन के लिए यह शिखर था। 29 सिंतबर सन 1932 बंबई में जन्मे महमूद अली पर्दे पर लोगों को हंसाते या फिर रुलाते हुए महमूद के लिए ये कहना शायद अतिशयोक्ति नहीं है, महमूद जैसा कोई हुआ है और न ही कभी होगा। उनके बारे में मशहूर है कि उनका अंदाज ऐसा था कि उन्हें पर्दे पर देखने मात्र से ही दर्शक चहक उठते थे। अपनी सिनेमाई यात्रा में लगभग 300 फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाते हुए अभिनय का एक मानक स्थापित करते हुए महमूद आज भी सिनेमा के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए किसी इंस्टिट्यूट से कम नहीं हैं। यह उनका अपना कद है, कमाया तो उन्होंने अपनी मेहनत से लेकिन उनकी सिनेमाई यात्रा अब हम सभी सिने प्रेमियों के लिए साझी विरासत है। हम कितना सहेज पाए हैं, यह एक विमर्श का विषय है।

दर्शकों की तालियां किसी भी कलाकार के लिए ऊर्जा सरीखी होती हैं, ऐसे में जब हम इस सन्दर्भ में महमूद को देखते हैं, तो इस मामले के मद्देनजर महमूद वाक़ई बेमिसाल थे। महमूद के दौर की फिल्मों को देखें तो मिलता है कि फ़िल्म के मेन लीड की अपेक्षा ज्यादा तालियां, प्रशंसा महमूद की झोली में आईं। उस दौर में भी कॉमेडियन के लिए ज्यादा कोई स्पेस नहीं था, लेकिन आप अपनी प्रतिभा के साथ केंद्र में रहते हुए ख्याति तो पाते ही हैं, अपितु एक ट्रेंड मार्क सेट करते हैं। यही शख्सियत महमूद साहब की है। महमूद के बारे में एक दिलचस्प बात काफ़ी प्रचलित थी। वो ये कि, फ़िल्म में अभिनेता और अभिनेत्री कोई भी हो भले ही कितनी भी बड़ी बजट फिल्म हो चाहे बेशुमार पैसा क्यों न लगा हो, फ़िल्म तब तक हिट नहीं हो सकती, जब तक उसमें महमूद न हों। यह उनकी अपनी निजी कमाई है। बात अगर महमूद की शख्सियत और अभिनय कौशल की हो तो उस दौर में चाहे दिलीप कुमार, देवानंद, राज कपूर, अशोक कुमार आदि ध्रुव तारे रहे हों, या फिर किशोर कुमार हर कोई महमूद की अभिनय कौशल का दीवाना था। वहीँ महमूद साहब देव साहब, दिलीप साहब, राज कपूर, अशोक कुमार, आदि से थोड़ा दूरी बनाकर रखते थे। उनका कहना था कि मैं इनके बीच अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सकता। मुझे अपने लिए एक मुकाम इन दिग्गजों से हटकर बनाना पड़ेगा। बाद में महमूद साहब की नए अभिनेताओं में विनोद खन्ना, अमिताभ बच्चन , विनोद मेहरा, आदि के साथ ट्यूनिंग ज़मी, और क्या खूब ज़मी। इन सभी के लिए उस दौर में महमूद साहब एक अध्यापक की तरह थे। हमेशा अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, विनोद मेहरा आदि को अपने सेट पर बिना रीटेक बिना रिहर्सल अभिनय की सीख देते थे। यह विधा हर कलाकार को मिलती नहीं है। यह एक प्राकृतिक प्रतिभा है। एकाद महमूद जैसे अपनी तपस्या से उसको सिद्ध कर कर लेते हैं। कहते हैं कि मेहमूद जो भी बोलते थे वो निर्देशकों के लिए परफेक्ट होता था। महमूद बिना रिहर्सल के बिना रीटेक के शॉट देते थे। यह उनकी अदायगी अद्वितीय है।

# फूलगोभी की अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए क्या करें

**गोभी वर्गीय सब्जियों में फूलगोभी का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। इसकी खेती मुख्य रूप से श्वेत, अविकसित व गठे हुए पुष्प पुंज के उत्पादन हेतु की जाती है। इसका उपयोग सब्जी, सूप, अचार, सलाद, बिरियानी, पकौड़ा आदि बनाने में किया जाता है। फूलगोभी साथ ही यह पाचन शक्ति को बढ़ाने में अत्यन्त लाभदायक है। यह प्रोटीन, कैल्शियम व विटामिन ए तथा सी का भी अच्छा स्त्रोत है।**



## उपयुक्त जलवायु

इसकी सफल खेती के लिए ठंडी तथा आर्द्र जलवायु सर्वोत्तम होती है। अधिक ठंढा और पाले का प्रकोप होने से फूलों को अधिक नुकसान होता है। शाकीय वृद्धि के समय तापमान अनुकूल से कम रहने पर फूलों का आकार छोटा हो जाता है। अच्छी फसल के लिए 15 से 20 डिग्री तापमान सर्वोत्तम होता है।

## उन्नत किस्में

उगाये जाने के समय के आधार पर फूलगोभी को विभिन्न वर्गों में बाँटा गया है। इसकी स्थानीय और उन्नत दोनों प्रकार की किस्में उगायी जाती है। इन किस्मों पर तापमान तथा प्रकाश अवधि का बहुत प्रभाव पड़ता है। इसलिए इसकी उचित किस्मों का चुनाव और समय पर बुवाई करना अत्यन्त आवश्यक है। यदि अगेती किस्म को देर से और पिछेती किस्म को जल्दी उगाया जायेगा तो दोनों में शाकीय वृद्धि अधिक होगी फलस्वरूप फूल छोटा हो जायेगा तथा फूल देर से लगेंगे। इस आधार पर फूलगोभी को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे- अगेती, मध्यम और पिछेती।

**अगेती किस्में**

अर्ली कुंआरी, पूसा कतिकी, पूसा दीपाली, समर किंग, पावस और इम्पूब्ड जापानी आदि प्रमुख है। मध्यम किस्में- पन्त शुभ्रा, पूसा शुभ्रा, पूसा सिन्थेटिक, पूसा स्नोबाल, के- 1, पूसा अगहनी, सैगनी और हिसार न- 1 आदि प्रमुख है।

**पिछेती किस्में**

- पूसा स्नोबाल- 1, पूसा स्नोबाल- 2 और स्नोबाल- 16 आदि प्रमुख है। किस्मों की विस्तृत जानकारी के लिए यहाँ पढ़ें- फूलगोभी की उन्नत किस्में, जानिए उनकी विशेषताएं और पैदावार

## भूमि और तैयारी

फूलगोभी की खेती वैसे तो सभी प्रकार की भूमि में की जा सकती, परन्तु अच्छी जल निकास वाली दोमट या बलुई दोमट भूमि जिसमें जीवांश की प्रचुर मात्रा उपलब्ध हो, सबसे उपयुक्त है। इसकी खेती के लिए अच्छी तरह से खेत को तैयार करना चाहिए। इसके लिए खेत को 3 से 4 जुताई करके पाटा लगाकर समतल कर देना चाहिए।



## खाद एवं उर्वरक

फूलगोभी की अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए खेत में पर्याप्त मात्र में जीवांश का होना अत्यन्त आवश्यक है। खेत में 20 से 25 टन सड़ी हुई गोबर की खाद या कम्पोस्ट रोपाई के 3 से 4 सप्ताह पूर्व अच्छी तरह मिला देना चाहिए। इसके अतिरिक्त 120 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फास्फोरस और 40 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टर की दर से देना चाहिये। नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्र और फास्फोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा अंतिम जुताई या प्रतिरोपण से पहले खेत में अच्छी तरह मिला देना चाहिए तथा शेष आधी नाइट्रोजन की मात्रा दो बराबर भागों में बाँटकर खड़ी फसल में 30 एवं 45 दिन बाद उपरिवेशन के रूप में देना चाहिए।

## बीज और बुवाई

**बीज दर–** अगेती किस्मों की बीज दर 600 से 700 ग्राम तथा मध्यम एवं पिछेती किस्मों की बीज दर 350 से 450 ग्राम प्रति हेक्टेयर है।

**ग्रीष्मकालीन–** ग्रीष्मकालीन फसल के लिए फरवरी से मार्च में पौधशाल में बीज की बुवाई की जाती है और मार्च से अप्रैल में पौध का मुख्य खेत में रोपण किया जाता है।

## अगेती किस्म

अगेती किस्मों की फसल के लिए जून से जुलाई में पौधशाल में बीज की बुवाई की जाती है और जुलाई से अगस्त में पौध का मुख्य खेत में रोपण किया जाता है।

## मध्यम किस्म

मध्यम किस्मों की फसल के लिए जुलाई से अगस्त में पौधशाल में बीज की बुवाई की जाती है और अगस्त से सितम्बर में पौध का मुख्य खेत में रोपण किया जाता है।

## पिछेती किस्म

पछेती किस्मों की फसल के लिए सितम्बर से अक्टूबर में पौधशाल में बीज की बुवाई की जाती है और अक्टूबर से नवम्बर में पौध का मुख्य खेत में रोपण किया जाता है।





## सूक्ष्म तत्वों का महत्व

### बोरन

बोरन की कमी से फूलगोभी का खाने वाला भाग छोटा रह जाता है। इसकी कमी से शुरू में तो फूलगोभी पर छोटे-छोटे दाग या धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं एवं बाद में पूरा का पूरा फूल हल्का गुलाबी पीला या भूरे रंग का हो जाता है, जो खाने में कडुवा लगता है। फूलगोभी और फूल का तना खोखला हो जाता है तथा फट जाता हैं। इससे फूलगोभी की पैदावार और गुणवता दोनों में कमी आ जाती है। इसकी रोकथाम के लिए बोरेक्स 10 से 15 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से अन्य उर्वरक के साथ खेत में डालना चाहिए।

### मॉलीब्डेनम

इस सूक्ष्म तत्व की कमी से फूलगोभी का रंग गहरा हरा हो जाता है तथा किनारे से सफेद होने लगती है, जो बाद में मुरझाकर गिर जाती है। इससे बचाव के लिए 1. 0 से 1.50 किलोग्राम मॉलीब्डेनम प्रति हेक्टर की दर से मिट्टी में मिला देना चाहिए। इससे फूलगोभी का खाने वाला भाग अर्थात फल पूर्ण आकृति को ग्रहण कर ले और रंग श्वेत अर्थात उजला तथा चमकदार हो जाय तो पौधों की कटाई कर लेना चाहिए। देर से कटाई करने पर रंग पीला पड़ने लगता है और फूल फटने लगते हैं। जिससे बाजार मूल्य घट जाता है।

## बुवाई की विधि

फूलगोभी के बीज सीधे खेत में नहीं बोये जाते हैं। इसलिए बीज को पहले पौधशाला में बुवाई करके पौधा तैयार किया जाता है। एक हेक्टर क्षेत्र में प्रतिरोपण के लिए लगभग 75 से 100 वर्ग मीटर में पौधा उगाना पर्याप्त होता है। पौधों को खेत में प्रतिरोपण करने के पहले एक ग्राम स्टेप्टोसाइक्लिन को 8 लीटर पानी में घोलकर 30 मिनट तक डुबाकर उपचारित कर लें। फिर उपचारित पौधो को खेत में लगाना चाहिए।

अगेती फूलगोभी की खेती के समय के वर्षा अधिक नहीं होती है। इसलिए इसका रोपण कतार से कतार 40 सेंटीमीटर तथा पौधो से पौधो 30 सेंटीमीटर की दूरी पर करना चाहिए। परन्तु मध्यम तथा पिछेती किस्मों में कतार से कतार 45 से 60 सेंटीमीटर एवं पौधो से पौधो की दूरी 45 सेंटीमीटर रखनी चाहिए और ग्रीष्मकालीन के लिए कतार से कतार की दुरी 45 सेंटीमीटर और कतार में पौधे से पौधे की 30 सेंटीमीटर दुरी रखनी चाहिए।

## सिंचाई प्रबन्धन

पौधों की अच्छी बढवार के लिए मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में नमी का होना अत्यन्त आवश्यक है। सितम्बर के बाद 10 या 15 दिनों के अन्तराल पर आवश्यकतानुसार सिंचाई करते रहना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु में 5 से 7 दिनों के अन्तर पर सिंचाई करें।

## खरपतवार नियंत्रण

फूलगोभी में फूल तैयार होने तक दो से तीन निराई-गुड़ाई से खरपतवार पर नियंत्रण हो जाता है, परन्तु व्यवसाय के रूप में खेती के लिए खरपतवारनाशी दवा पेंडीमेथिलीन 3.0 लीटर को 1000 लीटर पानी में घोल कर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव रोपण के पहले काफी लाभदायक होता है।

## निराई-गुड़ाई

फूलगोभी के पौधों की जड़ों के समुचित विकास के लिए निराई-गुड़ाई अत्यन्त आवश्यक है। इस क्रिया से जड़ों के आसपास की मिट्टी ढीली हो जाती है तथा हवा का आवागमन अच्छी तरह से होता है, जिसका अनुकूल प्रभाव उपज पर पड़ता है। वर्षा ऋतु में यदि जड़ों के पास से मिट्टी हट गयी हो तो चारों तरफ से पौधों में मिट्टी चढ़ा देना चाहिए।

## कीट एवं रोकथाम

फूलगोभी में मुख्य रूप से लाही, गोभी मक्खी, हीरक पृष्ठ कीट, तम्बाकू की सूड़ी आदि कीड़ों का प्रकोप होता है। लाही कोमल पत्तियों का रस चूसती है। खासकर सर्दी के समय कुहासा या बदली लगी रहे तो इसका आक्रमण अधिक होता है। गोभी मक्खी पत्तियों में छेदकर अधिक मात्रा में खा जाती है। हीरक पृष्ठ कीट की सूड़ी पत्तियों की निचली सतह पर खाते हैं तथा छोटे छिद्र बना लेते हैं।

जब इसका प्रकोप अधिक होता है, तो छोटे पौधों की पत्तियाँ बिल्कुल समाप्त हो जाती है, जिससे पौधे मर जाते हैं। तम्बाकू की सूड़ी के वयस्क मादा कीट पत्तियों की निचली सतह पर झुण्ड में अण्डे देती है। 4 से 5 दिनों के बाद अण्डों से सूड़ी निकलती है और पत्तियों को खा जाती है। सितम्बर से नवम्बर तक इसका प्रकोप अधिक होता है।

उपरोक्त सभी कीटों का जैसे ही आक्रमण शुरू हो तो नुवाक्रान, रोगर, थायोडान किसी भी कीटनाशी दवा का 1.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोल कर आवश्यकतानुसार छिड़काव करना चाहिए।



## रोग एवं नियंत्रण

फूलगोभी में मुख्य रूप से गलन रोग, काला विगलन, पर्णचित्ती, अंगमारी, पत्ती का धब्बा रोग और मृदु रोमिल आसिता रोग लगते हैं। यह फफूंदी के कारण होता है। यह रोग पौधा से फूल बनने तक कभी भी लग सकते है। पत्तियों की निचली सतह पर जहाँ फफूंद दिखते हैं उन्हीं के ऊपर पत्तियों के ऊपरी सतह पर भूरे धब्बे बनते हैं। जो कि रोग के तीव्र हो जाने पर आपस में मिलकर बड़े धब्बे बन जाते हैं। काला गलन नामक रोग भी काफी नुकसानदायक होता है। रोग का प्रारंभिक लक्षण 'ट' आकार में पीलापन लिये होता है। रोग का लक्षण पत्ती के किसी किनारे या केन्द्रीय भाग से शुरू हो सकता है, यह बैक्टीरिया के कारण होता है। उपरोक्त रोगों से बचाव के लिए रोपाई के समय पौधों को स्ट्रेप्टोमाइसीन या प्लेन्टोमाइसीन के घोल से उपचारित कर ही खेत में लगाना चाहिए। दवा की मात्रा आधा ग्राम दवा + 1 लीटर पानी बाकी सभी रोगों से बचाव के लिए फफूदीनाशक दवा इन्डोफिल एम- 45 की 2 ग्राम या ब्लाइटाक्स की 3 ग्राम मात्रा को 1 लीटर पानी में दर से घोल कर आवश्यकतानुसार छिड़काव करना चाहिए।



## फल कटाई

फूलगोभी कि कटाई तब करें जब उसके फल पूर्ण रूप से विकसित हो जाएँ, फल ठोस तथा आकर्षक होने चाहिए। फूलगोभी कि किस्मों के अनुसार रोपाई के बाद अगेती 60 से 70 दिन, मध्यम 90 से 100 दिन और पछेती 110 से 180 दिन में कटाई के लिए तैयार हो जाती है।

## पैदावार

उपरोक्त तकनीक द्वारा फूलगोभी की खेती करने से प्रति हेक्टेयर 150 से 250 क्विंटल तक पैदावार मिल जाती है।

## भण्डारण

फलों के साथ पत्तियां लगे रहने पर 85 से 90 प्रतिशत की आद्रता के साथ और 14 से 22 डिग्री सेल्सियस तापमान पर इन्हें एक महीने तक रखा जा सकता है।

## डंठल रोट लक्षण

संक्रमण पानी से लथपथ, गोलाकार क्षेत्रों के रूप में शुरू होता है, जो जल्द ही सफेद, कुट्टी कवक विकास द्वारा कवर हो जाते हैं. रोग बढ़ने पर प्रभावित ऊतक नरम और पानीदार हो जाता है. कवक अंततः पूरे गोभी के सिर को उपनिवेशित करता है और बड़े, काले, बीज जैसी संरचनाओं का निर्माण करता है जिसे रोगग्रस्त ऊतक पर स्क्लेरोटिया कहा जाता है. **नियंत्रण** : पौधों के भीतर हवा के आवागमन के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए प्रचलित हवाओं की दिशा में पंक्तियों को लगाया जाना चाहिए. सफेद मोल्ड वाले क्षेत्रों को गैर-अतिसंवेदनशील फसलों जैसे अनाज (मक्का, राई, गेहूं, आदि) के साथ लगाया जाना चाहिए. गोभी और अन्य अतिसंवेदनशील फसलों (फूलगोभी, सेम, मटर, आदि) को उन खेतों में नहीं लगाना. क्योंकि अतिसंवेदनशील फसलों की निरंतर फसल के परिणामस्वरूप मिट्टी में कवक का निर्माण होगा और रोग की घटनाओं में वृद्धि होगी.

## ब्लैक रोट

यह जीवाणुजनित रोग गर्म और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में आम है. संक्रमित पौधे पीले हो जाते हैं, निचली पत्तियों को गिरा देते हैं, और मर सकते हैं. एक अंकुर के केवल एक तरफ पत्तियां प्रभावित हो सकती हैं. दूषित बीज के कारण संक्रमित पौधे कई हफ्तों तक लक्षणों का विकास नहीं कर सकते हैं. ब्लैक रोट का लक्षण स्थानीय संक्रमण के कारण होता है. संक्रमित ऊतक हल्का हरा-पीला हो जाता है और फिर भूरा हो जाता है और मर जाता है. प्रभावित क्षेत्र आमतौर पर वी-आकार के होते हैं. रोग बढ़ने पर ये क्षेत्र बढ़ जाते हैं. संक्रमित पत्तियों, तनों और जड़ों में नसें कभी-कभी काली हो जाती हैं. संक्रमित पौधों के सिर छोटे रह जाते हैं और इसकी गुणवत्ता कम हो जाती है.

## नियंत्रण

बीमारी को नियंत्रित करने के लिए काली सड़न सहनशील किस्मों का प्रयोग सबसे अच्छी विधि है. बीज को एग्रीमाइसिन -100 (100 पीपीएम) या स्ट्रेप्टोसाइक्लिन (100 पीपीएम) के साथ इलाज किया जाता है. जल निकासी की सुविधा के लिए उठाए गए बेड पर रोपण किया जाना चाहिए. काले सड़न के लक्षणों के लिए पौधों का अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए और प्रभावित पौधों को हटा दिया जाना चाहिए और नष्ट कर दिया जाना चाहिए.

# नेतन्याहू के तीखे तेवर बोले- वो तुम्हे मारे इससे पहले तुम उसे मार डालो





न्यूयार्क(ईएमएस)। इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद अपने पहले सार्वजनिक बयान में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने अनगिनत इजरायलियों और कई अमेरिकी और फ्रांसीसी नागरिकों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार एक मास मर्डरर (सामूहिक हत्यारे) से अपना हिसाब चुकता कर लिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की अपनी यात्रा से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि हसन नसरल्लाह की हत्या एक ऐतिहासिक मोड़ था। उन्होंने कहा कि नसरल्लाह की मौत इजरायल के टारगेट्स को हासिल करने के लिए एक जरूरी शर्त थी। पीएम ने यहां तक कह दिया की दुश्मन आपको मारने के लिए उठे इससे पहले आप उसे मार डालो।

नेतन्याहू ने कहा कि ये महत्वपूर्ण दिन हैं, हम उस स्थिति में हैं जिसे ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा जाएगा। एक साल पहले, 7 अक्टूबर को, हमारे दुश्मनों ने हम पर हमला किया और सोचा कि इज़रायल का सफाया होने वाला है। एक साल बाद हमने एक के बाद एक झटके दिए और एक के बाद एक उपलब्धि हासिल की। हम जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने दुश्मनों पर हमला जारी रखने, अपने निवासियों को उनके घरों में वापस लाने और अपने सभी बंधकों को वापस लाने के लिए दृढ़ हैं। हम उन्हें एक पल के लिए भी नहीं भूलते। मेरे भाइयों और बहनों, प्रिय इज़राइल के नागरिकों, आज मैं आपको ज़ोर देकर कहता हूं कि फिर से हम साथ मिलकर लड़ेंगे। और ईश्वर की मदद से हम साथ मिलकर जीतेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर हमले करने के निर्देश दिए थे, क्योंकि हाल के दिनों में इजरायली रक्षा बलों द्वारा हिज्बुल्लाह पर किए जा रहे हमले पर्याप्त नहीं थे। नेतन्याहू ने आगे कहा कि नसरल्लाह ईरान की बुराई की धुरी का केंद्रीय इंजन था। उन्होंने कहा कि इजरायल अपने दुश्मनों पर हमला जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### नसरल्लाह की मौत की रुस-चीन ने की निंदा, युद्ध रोकने का किया आग्रह

लेबनान के हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की इजरायली हमलों में मौत की खबर ने मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हिलाकर रख दिया है। इजरायल ने अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमानों से हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर 80 टन बम गिराए, जिससे नसरल्लाह और अन्य प्रमुख नेताओं की मौत हो गई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे बदला करार दिया, जो हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले का जवाब था।

इस घटना के बाद चीन और रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने इसे लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए इजरायली की कार्रवाई की निंदा की और क्षेत्र में युद्ध को फैलने से रोकने के लिए तत्काल प्रयास करने का आग्रह किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों को बिना देरी किए हिंसा रोकनी चाहिए। खासकर लेबनान और गाजा में।

रूस ने भी इस हमले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक हत्या है और इसके गंभीर परिणामों होने की चेतावनी भी दी। वहीं तुर्किये ने भी इजरायली की इस कार्रवाई की निंदा की है। नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच संघर्ष और तेज हो सकता है। यह घटना मध्य पूर्व में पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को और भड़का सकती है, जहां इजरायल और हमास के बीच भीषण संघर्ष जारी है।

### नसरल्लाह का खात्मा आतंकी हमलों से पीड़ितों के लिए न्याय: बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत को न्यायोजिकत बताया है। नसरल्लाह जिसकी मौत एक इजरायली हवाई हमले में हुई है। चार दशकों से हिज़्बुल्लाह का नेतृत्व करने और कई अमेरिकी, इजरायली और लेबनानी नागरिकों की मौत का ज़िम्मेदार होने का आरोप नसरल्लाह पर था। बाइडन ने कहा कि नसरल्लाह का खात्मा इज़राइल के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों से पीड़ितों के लिए न्याय है। खासतौर पर वे अमेरिकी जो उनके नेतृत्व में मारे गए थे। बाइडन ने यह भी कहा कि नसरल्लाह ने 7 अक्टूबर, 2023 के हमास के हमले के बाद उत्तरी सीमा पर इज़राइल के खिलाफ मोर्चा खोलने का फैसला लिया था। इसके जवाब में, अमेरिका ने इज़राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया और आतंकवादी समूहों के खिलाफ उसकी कार्रवाइयों को सही ठहराया।

### इजरायल हमले में नसरल्लाह की मौत पर सीरिया में मना जश्न

इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिज्बुल्लाह मुख्यालय पर हमला कर उसे जमींदोज कर दिया। इस हमले में हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह समेत संगठन के कई टॉप कमांडर मारे गए हैं। एक तरफ जहां इस्लामिक वर्ल्ड में नसरल्लाह की मौत का मातम है, वहीं दूसरी ओर सीरिया में उसके खात्मे का जश्न मनाया जा रहा है। हसन नसरल्लाह का कद अरब वर्ल्ड में एक नायक के रुप में है और इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह है, इजरायल के सामने उसका प्रतिरोध। लेकिन इसी अरब वर्ल्ड में बहुत सारे लोग नसरल्लाह को खलनायक भी मानते हैं।

## हानिया, सिनवार और नसरल्लाह के खात्मे के बाद अब किसका नंबर है?

तेहरान,(ईएमएस)। नसरल्लाह की हत्या के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई ने खुद को सुरक्षित जगह पर छिपा लिया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि उन्हें भी इजरायली हमलों का डर सताने लगा है। अब देखना होगा कि इजरायल गाजा और लेबनान के बाद अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी ईरान पर भी हमला करता है या नहीं। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही अदावत से दुनिया वाकिफ है, और इस नई घटना ने इस संघर्ष को और भी तीव्र बना दिया है। अब सवाल उठने लगा है कि आखिरकार हानिया,सिनवार और नसरल्लाह के बाद अब इजरायल की रडार पर कौन है।

नसरल्लाह की मौत के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या इजरायल अपने दुश्मन ईरान से भी बदला लेगा, क्योंकि हिजबुल्लाह और हमास को पर्दे के पीछे से समर्थन देने वाला मुख्य खिलाड़ी ईरान ही है। हिजबुल्लाह के साथ लंबे समय से जुड़े नसरल्लाह ने संगठन को बेहद ताकतवर बनाया था, और ईरान के साथ उसके गहरे संबंध थे। नसरल्लाह की मौत के बाद, इजरायल के लिए राहत की सांस लेना स्वाभाविक है, क्योंकि हिजबुल्लाह अब एक बड़े झटके का सामना कर रहा है। इजरायल इससे पहले हमास के चीफ इस्माइल हानिया और याह्या सिनवार को भी मार चुका है, जिससे हमास की शक्ति को भी काफी कमजोर कर दिया गया था। 7 अक्टूबर के हमलों के बाद से इजरायल अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है, और अब उसने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मौत के घाट उतार दिया है। इजरायली सेना द्वारा की गई एयरस्ट्राइक में नसरल्लाह की मौत की पुष्टि खुद हिजबुल्लाह ने भी की है। नसरल्लाह का मारा जाना इजरायल के लिए एक बड़ी जीत मानी जा रही है, क्योंकि वह इजरायल का प्रमुख दुश्मन था और पिछले कई दशकों से लेबनान और ईरान की मदद से इजरायल के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए था।



पेरिस में मॉडल्स स्प्रिंग समर कलेक्शन पेश करती हुईं।

## सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष से वापस लाने का मिशन शुरु,फरवरी में धरती पर होगी लैंडिंग

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। जून में कुछ दिनों के लिए नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर, जो अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजा गया था। इसके बाद कुछ तकनीकि कारणों के चलते उनकी वापसी अभी तक नहीं हो पाई है। लेकिन अब पूरी तैयारी के साथ दोनों वैज्ञानिकों को धरती पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रेस्क्यू मिशन के लिए अपने कैप्सूल को अंतरिक्ष में भेजा है। इस मिशन की जिम्मेदारी नासा के अनुभवी अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव पर है, जो आईएसएस के लिए उड़ान भर रहे हैं। दोनों का मुख्य कार्य विलियम्स और विल्मोर को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इस मिशन की सफलता के बाद विलियम्स और विल्मोर को फरवरी के अंत तक धरती पर वापस लाया जाएगा। इस दौरान, सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष स्टेशन के कमांडर के रूप में प्रोमोट किया गया है, जबकि नासा की टीम उनके सुरक्षित वापसी के लिए लगातार काम कर रही है। विलियम्स और विल्मोर की वापसी से आईएसएस पर क्रू की संख्या फिर से सामान्य हो जाएगी, क्योंकि फिलहाल आईएसएस पर नौ लोग मौजूद हैं, जबकि क्षमता सिर्फ सात लोगों की है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी साल जून में कुछ दिनों के लिए आईएसएस पर भेजे गए थे, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में देरी हो गई। बोइंग के स्टारलाइनर यान, जो उन्हें वापस लाने के लिए भेजा गया था, थ्रस्टर और हीलियम लीक जैसी समस्याओं के कारण खाली लौट आया। इस असफलता के बाद नासा ने स्पेसएक्स के साथ समझौता किया और उनके यान को इस मिशन के लिए इस्तेमाल करने का निर्णय लिया।नासा ने इस बचाव मिशन के लिए स्पेसएक्स के यान में दो सीटें खाली रखने का समझौता किया है। स्पेसएक्स के इस कैप्सूल में चार सीटें हैं, जिनमें से दो सीटें निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव के लिए और दो विलियम्स और विल्मोर की वापसी के लिए रखी गई हैं। हालांकि नासा हर छह महीने में आईएसएस के क्रू को बदलता है, लेकिन इस आपात स्थिति के कारण कुछ योजनाओं में बदलाव करना पड़ा है। शुरुआत में नासा ने ज़ेना कार्डमैन और स्टेफ़नी विल्सन को इस मिशन में भेजने का निर्णय लिया था, लेकिन उनके स्थान पर अब रेस्क्यू मिशन को प्राथमिकता दी गई है।



बुखारेस्ट में एक ब्यूटी कंटेस्ट के दौरान एक जज एक मैनी कून कैट को देखते हुए।

## लेबर पार्टी की सांसद डफील्ड ने दिया इस्तीफा, पीएम स्टारमर पर लगाए गंभीर आरोप

### -वर्तमान नीतियों की आलोचना, पार्टी के फैसलों को क्रूर और अनावश्यक बताया

लंदन,(ईएमएस)। कैंटरबरी की सांसद रोजी डफील्ड ने लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है साथ ही पीएम कीर स्टारमर और पार्टी की वर्तमान नीतियों की आलोचना भी की। डफील्ड, जो 2017 से कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, उन्होंने पार्टी के फैसलों को क्रूर और अनावश्यक करार दिया। उन्होंने कहा कि इन नीतियों ने न सिर्फ जनता को बल्कि खुद पार्टी सांसदों को भी निराश किया है।

इस्तीफे में डफील्ड ने सीधे तौर पर पीएम स्टारमर पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टारमर ने 2019 से 1,07,145 पाउंड मूल्य के महंगे तोहफे स्वीकार किए हैं, जिनमें सूट और चश्मे शामिल हैं। डफील्ड ने इसे आम जनता की पहुंच से बाहर बताते हुए इसे पार्टी की नीतियों और विचारधारा के विपरीत बताया है। उन्होंने लिखा कि मैं यह देखकर शर्मिंदा हूं कि आपने और आपकी टीम ने गौरवशाली पार्टी को किस तरह बदनाम कर दिया है।

डफील्ड ने लेबर पार्टी की उन नीतियों की आलोचना की जो दो बच्चों की लाभ सीमा को बनाए रखने और बुजुर्गों के सर्दियों के ईंधन भुगतान को सीमित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह नीतियां गरीबों के खिलाफ अन्याय हैं और अमीरों के हित में बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जब गरीबों के लिए सरकार के फैसले इतने कठोर हैं, वहीं पीएम और उनकी टीम महंगे इवेंट्स में मुफ्त तोहफों का मजा ले रहे हैं।

डफील्ड ने अपने इस्तीफे में डायने एबॉट का भी जिक्र किया। बता दें एबॉट ने आरोप लगाया था कि उन्हें आगामी आम चुनावों में लेबर पार्टी द्वारा चुनाव में खड़ा होने से रोका गया था। हालांकि, कीर स्टारमर ने बाद में कहा कि एबॉट हेक्नी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन से खड़ी हो सकेंगी। डफील्ड ने इसे पार्टी के अंदरूनी विभाजन और असहमति के रूप में प्रस्तुत किया। डफील्ड पहले भी लैंगिक मुद्दों पर पार्टी नेतृत्व से असहमति जता चुकी हैं।

लेबर पार्टी के ट्रांसजेंडर सुधारों का उन्होंने खुले तौर पर विरोध किया था। इस मुद्दे पर पार्टी में उनके प्रति नाराजगी भी देखी गई थी। सोशल मीडिया पर उनके इस्तीफे के बाद तीखी प्रतिक्रिया हुई। लेबर सांसद नादिया व्हिटोम ने कहा कि पार्टी को पहले ही डफील्ड से दूरी बना लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि रोजी डफील्ड ने सबसे कमजोर समुदायों को अमानवीय बनाने का काम किया है। वहीं, प्रसिद्ध लेखिका जे.के. रोलिंग ने डफील्ड का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि डफील्ड ने महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई है और उन्हें साहसी महिला बताया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : ट्रंप ने कमला हैरिस को बताया मानसिक रूप से विकलांग

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव चल रहा है और नंवबर में राष्ट्रपति के नाम पर अंतिम मोहर लगेगी। इससे पहले दोनों उम्मीदवारों के बीच तीखे हमले तेज होते जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं और एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। इस बार रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर तीखा व्यक्तिगत हमला किया है। ट्रंप ने शनिवार को एक रैली में कमला हैरिस की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्हें मानसिक रूप से विकलांग तक कह दिया। यह बयान उस समय आया जब हैरिस ने दक्षिणी सीमा का दौरा किया और शरणार्थियों पर नकेल कसने के साथ सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया था।हैरिस की हालिया सीमा यात्रा का उद्देश्य अवैध रूप से सीमा पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और शरणार्थियों पर नियंत्रण स्थापित करना था। ट्रंप ने उनकी इन टिप्पणियों को बकवास करार देते हुए उनकी आलोचना की। चुनावी अभियान के दौरान ट्रंप की यह टिप्पणी एक और विवाद खड़ा कर सकती है, विशेष रूप से ऐसे वक्त में जब वे अपने बयानबाजी में आक्रामक रुख अपना रहे हैं।

विस्कॉन्सिन के प्रेयरी डू चिएन में आयोजित रैली में ट्रंप ने एक घंटे से ज्यादा समय तक चले अपने भाषण में हैरिस को बार-बार निशाना बनाया। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन की मानसिक क्षमताओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा, जो बाइडेन मानसिक रूप से विकलांग हो गए हैं, कमला का जन्म इसी तरह हुआ था। ट्रंप ने हैरिस की सीमा नीतियों पर टिप्पणी करते हुए कहा, केवल एक मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति ही हमारे देश के साथ ऐसा होने की अनुमति दे सकता है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब चुनावी सर्वेक्षणों में उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर देखी जा रही है। हालिया सर्वेक्षण में 69 प्रतिशत मतदाताओं ने हैरिस को बुद्धिमान बताया, जबकि ट्रंप के लिए यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से कम था। इस सर्वे में हैरिस को 71 प्रतिशत स्वतंत्र मतदाताओं का समर्थन भी मिला।

## बलूचिस्तान प्रांत में हमलावरों ने मजदूरों को गोलियों से भूना, पीएम ने की निंदा

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में हुए हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि हमला प्रांत के पंजगुर जिले में शनिवार रात को किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मजदूर काम के लिए अस्थायी रूप से एक स्थानीय ठेकेदार के घर में सो रह रहे थे, जिस पर हमलावरों ने हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक पूर्वी पंजाब प्रांत के रहने वाले मजदूर थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है और बलूचिस्तान के सीएम को अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर संभव कोशिश करने का निर्देश दिया। पीएमओ ने एक बयान में शरीफ के हवाले से गया है कहा कि हम पाकिस्तानी धरती से आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से 66 की मौत, कई लोग लापता

काठमांडू,(ईएमएस)। नेपाल में मूसलाधार बारिश से भूस्खलन और बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 66 लोगों की मौत हुई और 60 लोगों के घायल होने की खबर है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने एक बयान में कहा कि 69 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान काठमांडू घाटी में हुआ है। यहां 34 लोगों की मौत हुई है। सुरक्षा बलों ने तीन हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया है। सरकार ने घायलों को मुफ्त इलाज और इस तबाही में सिर से छत गंवा चुके लोगों के लिए जल्द पुनर्वास का काम शुरू करने का फैसला लिया है। उन्होंने आगे कहा कि देश के कई हिस्सों में राजमार्ग और पुल भी नष्ट हो गए हैं। राजमार्गों को साफ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

नेपाल पुलिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से देश के बाकी हिस्सों से काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित करीब सभी राजमार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। भूस्खलन की वजह से काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बीच सभी राज्य सरकारों से रविवार से तीन दिन के लिए स्कूल बंद रखने और मंगलवार तक सभी विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है। नेपाल में इस साल मानसून में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। उफनती नदियों से काठमांडू के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है। कई घर डूब गए हैं और लोगों को ऊपरी मंजिल पर जाना पड़ा है। चार लोगों को लेने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। ये लोग अपने घर छोड़ने में असमर्थ थे। काठमांडू के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवा काफी समय तक बाधित रही।



## विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया- नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव

तेलअवीव(ईएमएस)। हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। खासकर इजरायल और ईरान के बीच तो कुछ हो सकता है,कि स्थित का अंदाजा लगाया जा रहा है। यहां तक कहा जाने लगा है कि इस वक्त दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर है। कभी भी कुछ भी हो सकता है। इस हमले के बाद से इलाके में भय और तनाव का माहौल है। लेबनान में लगभग 100,000 लोग विस्थापित हो गए हैं, जबकि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र भी हिज़बुल्लाह के रॉकेट हमलों का सामना कर रहे हैं।

इजरायली हमले से लेबनान में अफरा-तफरी मच गई और कई रिहायशी इमारतें भी नष्ट हो गईं। लेबनानी अधिकारियों के अनुसार, बेरूत के आसपास हुए इन हमलों में छह लोगों की मौत हुई और 90 से अधिक लोग घायल हो गए। हिज़बुल्लाह ने अपने बयान में इस हमले को क्रूर बताते हुए कहा कि इसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई है और संगठन ने किसी भी हथियार या मिसाइल भंडार की उपस्थिति को खारिज किया। इस हमले के बाद से इलाके में भय और तनाव का माहौल है। लेबनान में लगभग 100,000 लोग विस्थापित हो गए हैं, जबकि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र भी हिज़बुल्लाह के रॉकेट हमलों का सामना कर रहे हैं।

# बालों को लम्बा और घना चाहते हैं तो अपनाएं घरेलू उपाय...

यदि आप भी अपने बालों के झड़ने से परेशान हैं और बिना पैसे खर्च किए हेयर ग्रोथ चाहती हैं तो यह लेख आपके लिए ही है। हम आपके बालों के विकास के लिए कुछ अच्छे घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं और ये सभी प्राकृतिक और आसान हैं, तो चलिए जानते हैं उन नुस्खों के बारे में जो आपके बालों को घना बना सकते हैं। यदि आपके पास ताज़ा आंवला उपलब्ध है, तो आप इसे निचोड़ कर उसका रस निकाल लीजिये। फिर उस रस से अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से मालिश कीजिए। थोड़ी देर बाद अपने बालों को शैम्पू से धो लीजिए, बेहतर परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार इसका उपयोग करें।

आजकल के मॉर्डन युग में चाहे हेयर स्टाइल कोई भी ट्रेंडिंग हो लेकिन हर कोई अपने बालों को घना और मुलायम रखना चाहता है। खासतौर पर महिलाएं अपने बालों को लेकर काफी चिंतित रहती हैं। अक्सर अपने बालों की देखभाल के लिए वह हेयरस्पा , हेयर मसाज और भी कई तरह के ट्रीटमेंट लेती रहती हैं, लेकिन कई बार ये ट्रीटमेंट्स आपके बालों को और क्षति पहुंचा देते हैं। ऐसे में कई महिलाएं केवल होममेड उपचार पर ही भरोसा करती हैं और उन्हें ही अपनाती हैं।

वैसे तो बालों का झड़ना एक आम समस्या है। यद्यपि नए किस्म के बालों के बढ़ने के लिए उनका गिरना स्वाभाविक होता है, असली समस्या तब उत्पन्न होती है जब बालों का विकास या तो धीमा होता है या बिलकुल भी नहीं होता है। आपके बाल आपकी शान होते हैं और यदि आपके बाल पतले, रूखे और क्षतिग्रस्त दिख रहे हैं, तो जाहिर है यह आपको काफी परेशान करता है। यदि आप भी



अपने बालों के झड़ने से परेशान हैं और बिना पैसे खर्च किए हेयर ग्रोथ चाहती हैं तो यह लेख आपके लिए ही है। हम आपके बालों के विकास के लिए कुछ अच्छे घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं और ये सभी प्राकृतिक और आसान हैं, तो चलिए जानते हैं उन नुस्खों के बारे में जो आपके बालों को घना बना सकते हैं।



### प्याज का रस

वैसे देखा जाए तो हाल-फिलहाल में हेयरकेयर के मामले में प्याज ने अपार लोकप्रियता प्राप्त कर ली है और लोग इसके इस्तेमाल पर काफी विश्वास भी जाता रहे हैं, यह आपके बालों और स्कैल्प दोनों के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है। प्याज बालों के टूटने और झड़ने को रोकने के साथ-साथ बालों के विकास को बढ़ाने में मदद करता है। इसकी वजह इसमें मौजूद सल्फर तत्व है जो बालों को मजबूत, चमकदार और घना बनाता है। प्याज की गर्माहट स्कैल्प की रक्त की आपूर्ति को बढ़ाता है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

### विधि

सबसे पहले एक प्याज को पीस ले और उसका रस निकाल लीजिये। इसके बाद उस रस को अपने स्कैल्प पर लगाएं और एक घंटे के लिए छोड़ दें। फिर इसे शैम्पू से अच्छी तरह से धो लीजिये, सप्ताह में दो बार इसका उपयोग करें। यदि आपको प्याज की महक से दिक्कत होती हैं, तो आप किसी भी एशेंशियल ऑयल को रस में मिलाकर उपयोग कर सकते हैं।

### मेथी

मेथी के बीज ऐसे पोषक तत्वों से भरे होते हैं जो आपके बालों की बनावट में सुधार करते हैं। यह बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है और डैंड्रफ जैसी परेशानियों का इलाज भी करते हैं। यह बालों की जड़ों को पोषण देता है और जिससे बालों का टूटना भी कम हो सकता है।

### विधि

रात भर एक कप पानी में कुछ चम्मच मेथी दाना भिगोएं। सुबह इसे पीस कर एक पेस्ट की तरह



तैयार कर लें। फिर इस पेस्ट को हेयर मास्क की तरह अपने बालों पर लगाएं और इसे 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें। यह सब करने के बाद अपने बालों को ठंडे पानी से धो लीजिये। आप सप्ताह में एक बार इस प्रक्रिया को दोहरा सकते हैं।

### आँवला



आंवला बालों के विकास के लिए सबसे अच्छे उपचारों में से एक है। आपने शायद अपनी मां या दादी से आंवले के फायदों के बारे में जरूर सुना होगा और सच बताएं तो ये घरेलू नुस्खे बहुत कारगर साबित होते हैं। आंवला फैटी एसिड से भरा होता है जो बालों के विकास को प्रोत्साहित करता है।

### विधि

यदि आपके पास ताज़ा आंवला उपलब्ध है, तो आप इसे निचोड़ कर उसका रस निकाल लीजिये। फिर उस रस से अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से मालिश कीजिए। थोड़ी देर बाद अपने बालों को शैम्पू से धो लीजिए, बेहतर परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार इसका उपयोग करें। बालों के विकास को बढ़ावा देने के लिए आप नारियल के तेल के साथ आंवला पाउडर का भी उपयोग कर सकते हैं।

**नोटः** बालों के झड़ने का एक कारण तनाव भी हो सकता है और साथ ही यह सही आहार सेवन पर निर्भर करता है। इसलिए, यदि आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं, तो हम आपको जल्द से जल्द एक त्वचा विशेषज्ञ से मिलने का सुझाव देते हैं।

### डिस्क्लेमर

अगर आपको इनमें से किसी भी चीज से एलर्जी है या आपकी स्किन संवेदनशील है, तो इन घरेलू उपचार का उपयोग करने से बचें और उन्हें आज़माने से पहले अपने चिकित्सक से संपर्क करें।

# मीठा नीम ऐंटिइंफ्लमेट्री गुणों से भरपूर होता है

## दिल और लिवर का रखता है खास खयाल

नीम के गुणों के बारे में हम सभी जानते हैं। लेकिन वह इतना कड़वा होता है कि उसे खाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। हां, कुछ लोग उसकी नई-नई कोंपल जरूर खाते हैं। क्योंकि ये स्वाद में उतनी अधिक कड़वी नहीं होती हैं और सेहतमंद गुणों से भरपूर होती हैं। लेकिन मीठे नीम की पत्तियां आप पूरे साल खा सकते हैं। खास बात यह है कि इन पत्तियों का उपयोग करी तैयार करने में, चटनी और सॉस तैयार करने में, इसके साथ ही सांभर तैयार करने में मुख्य रूप से किया जाता है।





### सांभर और कढ़ी में खाते हैं मीठा नीम

- राजस्थान में कढ़ी और दक्षिणी भारत में में सांभर का स्वाद मीठे नीम की पत्तियों के बिना अधूरा माना जाता है। मीठा नीम कुकिंग और रेसिपी की दुनिया में करी पत्ता के नाम से जाना जाता है।
- वहीं, भारत का दिल कहे जानेवाले मध्य प्रदेश के इंदौर में स्वादिष्ट पोहा बनाने के लिए करी पत्ता का उपयोग किया जाता है। आपको शायद पता होगा कि इंदौर का पोहा अपने स्वाद के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है।

### इस तरह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है

मीठा नीम सिर्फ भोजन में स्वाद बढ़ानेवाला पौधा नहीं बल्कि एक आयुर्वेदिक औषधि भी है। इस पौधे की पत्तियां विटमिन-सी के गुणों से भरपूर होती हैं। इस कारण मीठे नीम का सेवन आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करता है।



### ह्रदय की बीमारियों से बचाएं

- मीठे नीम (करी पत्ता) में ऐंटिइंफ्लामेट्री गुण पाए जाते हैं। साथ ऐंटिऑक्सीडेंट्स का भी यह बेहतरीन सोर्स होता है। इसलिए शरीर के अंदरूनी हिस्सों में आनेवाली सूजन से आपको बचाता है।
- ब्लड सर्कुलेशन को सही बनाए रखने में सहायक होता है। इसके साथ ही शरीर में कॉलेस्ट्रॉल की मात्रा को नहीं बढ़ने देता है। इससे आपका हार्ट पूरी तरह सुरक्षित रहता है और ताउम्र सही तरीके से काम करता रह सकता है।

### लिवर की समस्याओं से बचाए

- कोरोना वायरस का इंफेक्शन इस समय अपने चरम पर है। आपको पता होगा कि यह वायरस शरीर में प्रवेश करने के बाद आपके फेफड़ों और लिवर पर सबसे पहले असर करता है। ताकि आपके शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की सप्लाई को रोका जा सके।
- वायरस द्वारा ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आपका शरीर कमजोर हो सके और वायरस जल्दी से जल्दी आपके शरीर के सभी अंगों को अपनी चपेट में ले ले।
- इस संक्रमण काल में अपनी डेली डायट में करी पत्ते का सेवन करना आपको कोरोना के खतरनाक संक्रमण से बचाने में सहायक हो सकता है। क्योंकि करी पत्ता में हेप्टोप्रोटेक्टिव प्रॉपर्टीज और टैनिन नामक तत्व पाए जाते हैं। ये दोनों ही लिवर की कार्यक्षमत बढ़ाने में सहायता करते हैं।

### इस तरह करें डेली डायट में शामिल

- पोहा, कढ़ी और सांभर में करी पत्ता पारंपरिक रूप से खाया जाता है। लेकिन आप साबूदाना खिचड़ी, नमकीन दलिया, चटनी, दाल और सब्जी बनाते समय भी करी पत्ता का उपयोग कर सकते हैं। इससे आपके भोजन का स्वाद तो बढ़ेगा ही, साथ ही आपकी सेहत भी बेहतर बनी रहेगी।

# हस्तरेखा से जानें कब आएगा धन

आपके हाथ की रेखाएं भी काफी कुछ बताती हैं। ज्योतिष और हस्तरेखा के अनुसार रेखाएं यह भी बताती हैं कि वह धनवान बनेगा या नहीं। इस बात में कुछ सच्चाई तो है कि आपके हाथ की लकीरें आपकी किस्मत का हाल बताती हैं। इन लकीरों में किस्मत से जुड़े कई रहस्य निहित रहते हैं। ज्यादातर लोग यही जानना चाहते हैं कि उनके जीवन में धन की क्या स्थिति रहेगी। आज हम आपको हाथ की रेखाओं से जुड़े उन संकेतों के बारे में बताएंगे जिनसे जीवन में धन की स्थिति के बारे में पता चलता है।

### अचानक मिलता है लाभ

यदि आपकी हथेली भारी और उंगलियों का आधार एकसमान होता है, साथ ही भाग्यरेखा एक से अधिक हो तो यह भाग्य में एक से अधिक धन प्राप्ति के साधन और लाभ का संकेत देता है। ऐसे व्यक्तियों को अचानक लाभ मिलता है।



### व्यवसाय में होता है नाम

किसी मनुष्य की भाग्य रेखा हथेली में मोटी से पतली होती प्रतीत हो और जीवन रेखा गोल और शनि पर्वत ऊंचा हो तो व्यक्ति व्यवसाय में खूब पैसा अर्जित करता है और धनवान रहता है।

### पैतृक संपत्ति से होता है लाभ

यदि किसी व्यक्ति की जीवन रेखा के साथ मंगल रेखा चल रही हो और हथेली भारी हो तो यह इस बात का संकेत है कि वह व्यक्ति करोड़पति बन सकता है। साथ ही ऐसे व्यक्ति को अपनी पुश्तैनी संपत्ति से भी बड़ा लाभ मिलता है।

### विदेश में मिल सकता है धन

हाथ की हथेली में भाग्य रेखा अगर जीवन रेखा से दूर और चंद्र पर्वत से एक पतली रेखा निकलकर भाग्यरेखा से मिलती प्रतीत हो तो व्यक्ति विदेश में रहकर खूब धन यश कमा सकता है। ऐसे लोगों का भाग्योदय शादी के बाद होता है।

### धनवान बनाती है यह रेखा

किसी व्यक्ति की हथेली में चंद्रमा से एक रेखा जाकर भाग्यरेखा से मिले लेकिन भाग्य रेखा पतली प्रतीत हो और सीधे शनि पर्वत पर खत्म हो रही तो यह आपके करोड़पति बनने की सूचक होती है।

### तिल बनाता है करोड़पति

किसी व्यक्ति के हाथ की उंगलियां सीधी हो और जीवन रेखा गोल आकार में हो साथ ही शुक्र पर्वत पर तिल का निशान हो तो आप निश्चित ही बहुत धन कमाएंगे।

### त्रिकोण का निशान देता है यह संकेत

किसी व्यक्ति के हाथ में भाग्य रेखा, बुध रेखा और मस्तिष्क से त्रिकोण का निशान बनता हो तो वह आगे चलकर अमीर आदमी बनता है।

# अगल-अलग भाषाएं सीख कर पाएं अच्छी नौकरी

अगर आप तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं तो हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही अलग-अलग भाषाएं सीखना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। अलग-अलग और नई तरह की भाषा आपको एक अच्छी नौकरी भी दिला सकती है। अगर इन भाषाओं का ज्ञान हिंदी के साथ हो तो आपको नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**स्पेनिशः** अगर किसी भाषा को वाकई वैश्विक भाषा का दर्जा मिल सकता है तो वो स्पेनिश है। दुनिया भर में इस भाषा से जुड़े रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं, जो स्पेनिश बोलते हैं। इसके अलावा मुसाफिरों की तादाद भी काफी है। इसे सीखना तुलनात्मक रूप से आसान है। स्पेन के अलावा ये भाषा दक्षिण अमेरिका के कई देशों और मेक्सिकों में भी बोली जाती है।

**जर्मनः** जर्मनी के अलावा स्विटजरलैंड में भी ये भाषा काफी प्रचलित है और ये दोनों देश यूरोप में कारोबार का केंद्र माने जाते हैं। ऐसे में ये भाषा कारोबार के लिहाज से अहम है।

**फ्रेंचः** दुनिया भर में 20 करोड़ से ज्यादा लोग यह भाषा बोलते हैं। दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में आप फ्रेंच बोल-सुन सकते हैं। ये 8 देशों की भाषा है और संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक दर्जा हासिल है।

**अंग्रेजीः** अंगेजी का महत्व आपको पता ही है। लंदन, अमेरिका समेत यूरोप में प्रमुख तौर पर बोली जाने वाली भाषा है। इससे करियर की असीम संभावनाएं आपके लिए खुलती हैं।

जापानीः अंग्रेजी में कई ऐसे शब्द हैं, जो इसी भाषा में पहुंचे हैं। अगर एशिया के रोबोटिक केंद्र में जगह बनानी है तो जापानी सीखना अनिवार्य समझ लीजिए।

**अरबीः** 30 करोड़ लोग यही भाषा बोलते हैं। दुबई और आबु धाबी जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की भाषा है। ये भाषा कई क्षेत्रों में रोजगार दिला सकती है। पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई देशों में ये भाषा इस्तेमाल होती है।

# कानपुर टेस्ट रद्द हुआ तो भारतीय टीम को होगा नुकसान

कानपुर (ईएमएस)। यहां भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बारिश के कारण मैच का रद्द होना तय है। अगर ऐसा होता है तो भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में नुकसान उठाना पड़ेगा। इसका कारण है कि ये सीरीज डब्ल्यूटीसी चक्र का हिस्सा है। ऐसे में मैच के परिणाम का असर अंक तालिका पर भी पड़ेगा। अब तक भारत ने इस चक्र में कुल 10 मुकाबले खेलकर 7 जीते हैं जबकि एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम के दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम के पास 86 अंक हैं और उसकी जीत का प्रतिशत 71.67 अंक हैं। इस समय भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है और ऐसे में अगर कानपुर टेस्ट बारिश के कारण नहीं होता तो उसे 4 अंक मिलेंगे। इसके साथ ही 11 टेस्ट के बाद उसकी जीत का प्रतिशत 68.18 पहुंच जाएगा। इस मैच के रद्द होने से भारतीय टीम को नुकसान होगा और दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया के जीत प्रतिशत 62.50 अंक से उसका अंतर कम हो जाएगा। दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो उसकी जीत का प्रतिशतक 39.29 है और वह तालिका में छठे स्थान पर है। बांग्लादेश की टीम ने अब तक 7 मैच खेलकर 3 जीते हैं। इसलिए उसपर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### तीसरे दिन भी लंच तक नहीं शुरु हो पाया खेल

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन भी बारिश के कारण लंच तक खेल शुरु नहीं हो पाया। इससे पहले दूसरे दिन का खेल भी बारिश से नहीं हो पाया था। पहले दिन भी दूसरे सत्र में खेल रोक दिया गया था। उसी के बाद अब तक खेल नहीं हो पाया। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आज तीसरे दिन रविवार को भी बारिश की संभावना है पर सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की संभावन है। ऐसे में मैच ड्रॉ होना तय लग रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे और 35 ओवर ही फेंके जा सके थे उसके बाद बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। भारतीय टीम दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। गत रात हुई बारिश से गीली आउटफील्ड को सुखाने में मैदानी स्टाफ ने काफी प्रयास किये पर लाभ नहीं हुआ। अब दोपहर दो बजे एक बार फिर अंपायर मैदान का निरीक्षण करेंगे। उसी के बाद ही खेल को लेकर कोई फैसला होगा।

## आईपीएल नीलामी में चुने जाने के बाद खेलने से इंकार करने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगेगा प्रतिबंध

मुम्बई (ईएमएस)। अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नीलामी में खरीदे जाने के बाद उपलब्ध नहीं रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगेगा। आईपीएल जनरल काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने नीलामी में चुने जाने के बाद बिना किसी वैध कारण के नहीं खेलने वाले विदेश खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध लगेगा। हालांकि चोटिल होने या किसी और आवश्यक कार्य से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों पर कार्रवाई नहीं होगी। आईपीएल जीसी की ओर से कहा गया, कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं बताता है तो उसे दो सत्र के लिए नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। वहीं अनफिट होने पर उसकी पुष्टि उसके घरेल बोर्ड को करनी होगी तभी उसे सही माना जाएगा। प्रतिबंध के अलावा आईपीएल ने मिनी-नीलामी में खिलाड़ियों की फीस को विनियमित करने के लिए भी उपाय पेश किए हैं। विदेशी खिलाड़ियों को अब बाद की मिनी नीलामी में शामिल होन के लिए मेगा नीलामी में पंजीकरण करना होगा। यह नियम खिलाड़ियों को मिनी नीलामी में संभावित रूप से उच्च बोली हासिल करने के लिए मेगा नीलामी को छोड़ने से रोकता है।

## निशेत ने समर्थन के लिए अपने पुराने स्कूल को कहा धन्यवाद

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय शटलर नितेश कुमार ने अपने पुराने स्कूल, नेवी चिल्ड्रेंस स्कूल, विजाग को उनके कठिन समय में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। हाल ही में पेरिस पैरालंपिक 2024 में पैरा-बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले नितेश, जिन्होंने पुरुष एकल एसएल 3 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया।



उन्होंने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, ने इस जीत को देश और अपने स्कूल को समर्पित किया। इस मौके पर नितेश ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा, सफलता पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि अपने विकास और मेहनत पर ध्यान दें। खुद पर विश्वास रखें और अपने सपनों का पीछा करें।नितेश ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैंने पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता। इस सफलता में एनसीएस विजाग का बड़ा योगदान है। मेरे सबसे कठिन समय में, जब मैं अपनी दुर्घटना के बाद स्कूल में दाखिल हुआ, मेरे प्रिंसिपल और केमिस्ट्री टीचर ने मुझे ढांढस बंधाया और लगातार मेरा समर्थन किया। नितेश ने बताया कि स्कूल में रहते हुए वह खेलों में ज्यादा रुचि नहीं रखते थे, लेकिन वहां की अद्वितीय खेल संस्कृति ने उन्हें प्रेरित किया। नितेश ने कहा, स्कूल के दिनों में मैं खेल के मैदान के बाहर से साथी छात्रों का समर्थन करता था, लेकिन आज पैरालंपिक में जब मुझे अपने स्कूल समुदाय का समर्थन मिला, तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। नितेश जल्द ही अपने स्कूल का दौरा करने और अपनी जीत का जश्न छात्रों और शिक्षकों के साथ मनाने की योजना बना रहे हैं।
एनसीएस विजाग की पूर्व प्रिंसिपल निकिता तोमर मान, जो अब नोएडा के इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल हैं, ने नितेश की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, एक शिक्षक के रूप में मेरे लिए इससे बड़ी संतुष्टि की कोई बात नहीं हो सकती कि नितेश जैसे छात्र ने अपनी सफलता में मेरी छोटी सी भूमिका को याद किया। यह किसी भी शिक्षक के लिए गर्व की बात है। भारत ने इस पैरालंपिक में कुल पांच पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। यह पैरालंपिक खेलों के किसी भी संस्करण में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने पहली बार महिलाओं की स्पर्धाओं में भी पोडियम हासिल किया।



बीजिंग में महिलाओं के चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलती हुई कैमिला रुकहीमोला।

## पूरन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

### रिजवान को पीछे छोड़ा

जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 में एक नया रिकार्ड बनाया है। पूरन एक कैलेंडर वर्ष में टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान का रिकार्ड तोड़ दिया। पूरन ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 15 गेंदों में 27 रन बनाये। इसी के साथ ही पूरन इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। उन्होंने 66 मैचों की 65 पारियों में 42.02 की औसत से कुल 2,059 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160.85 रहा जबकि सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 रन था। उन्होंने इस साल 14 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं रिजवान ने साल 2021 में 48 टी20 में 56.60 के औसत से एक शतक और 18 अर्द्धशतक के साथ ही 2,036 रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन था। सीपीएल 2024 : पूरन ने अब तक 9 पारियों में 39.00 की औसत से 312 रन बनाए हैं, जिसमें 175.28 की स्ट्राइक रेट और 97 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। प्रतियोगिता में उनके नाम दो अर्धशतक हैं और वह चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं आईपीएल 2024 में इस बार पूरन ने इस साल 62.37 की औसत से 499 रन बनाए थे जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल थे। इसके अलावा टी20 विश्व कप में आयोजित टी20 विश्व कप में पूरन ने 7 पारियों में 38.00 की औसत से 228 रन बनाए थे जिसमें एक अर्धशतक और 98 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। इसके अलावा यूएई में इंटरनेशनल लीग में पूरन ने 20 मैचों में 50.64 की औसत से 4 अर्द्धशतक के साथ 709 रन बनाए थे औ एमआई अमीरात को खिताब दिलाया था। एसए 20 में उन्होंने एक अर्धशतक के साथ 86 रन बनाये।

## लंबी उम्र तक खेलने के लिए फिटनेस जरुरी : रोहित

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हैं जिससे वह उत्साहित हैं क्योंकि काफी कम खिलाड़ी ही ये उपलब्धि हासिल कर पाते हैं। साथही कहा कि इतनी लंबी उम्र तक खेलने के लिए जीवन में फिटनेस की अहम भूमिका भूमिका होती है।
रोहित ने कहा, मैं पिछले 17 साल से खेल रहा हूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब पहुंच गया हूं। 500 मैच, दुनिया भर में काफी कम क्रिकेटरों ने ही खेले हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के लिए आपको अपनी फिटनेस बनाने के साथ ही मानसिक रुप से भी तैयारी करनी होती है क्योंकि हमारा काम खेल के लिए 100 फीसदी तैयार रहना होता है। फिर अगर आप पीछे की ओर जाते हैं, तो उस तैयारी में फिटनेस भी शामिल होती है।
रोहित ने इसके साथ ही कहा कि टी20 विश्व कप के बाद उन्होंने टी20 प्रारुप से इसलिए संन्यास लियास क्योंकि ये सही समय था। इसके साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी आगे आ रहे थे जिनके लिए जगह भी बनानी थी। विश्वकप जीतने के बाद मुझे लगा कि अब इस प्रारुप से आगे जाना चाहिये। गौरतलब है कि रोहित ने 151 टी20आई मैचों में 4,231 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और 32 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 रन रहा है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।
रोहित ने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में उनके लिए फिटनेस का मतलब शारीरिक रूप से दिखना नहीं है, बल्कि यह है कि वे मैदान पर अपनी टीम को क्या दे सकते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप टेस्ट मैच में 5 दिनों में पूरी तीव्रता के साथ टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और क्या आप वनडे में 100 ओवरों तक अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और क्या आप टी20आई में भी ऐसा ही कर सकते हैं।

## भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरे दिन का खेल भी बारिश से धुला

कानपुर (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण रद्द हो गया। बारिश के कारण तीसरे दिन भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह आउटफील्ड गीला होने के कारण मैच पहले लंच तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए पर इसके बाद भी मैदान नहीं सूखा। रोशनी भी कम थी इसलिए सवा 2 बजे मैच अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद खेल रद्द कर दिया। वहीं इससे पहले दूसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया था। आज तीसरे दिन भी सुबह हल्की बारिश हो रही थी। इसके कारण मैच शुरु होने के समय को लगातार आगे बढ़ाया गया पर जब खेल होने की कोई संभावना नहीं दिखी तो इसे रद्द करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की संभावन है।

## 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता सचिन ने

नई दिल्ली (ईएमएस)। महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अब भी मैन ऑफ द मैच का खिताब पाने में सबसे आगे हैं। सचिन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता है। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 14 बार और वनडे में 62 बार यह अवॉर्ड हासिल किया। यह रिकॉर्ड अब तक अटूट है, और उनके सबसे करीब मौजूदा भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जिन्होंने 534 मैचों में अब तक 67 बार मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता है। विराट ने टेस्ट में 10, वनडे में 41 और टी20 में 16 बार यह पुरस्कार जीता है। हालांकि, विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है, इसलिए अब उनके पास टेस्ट और वनडे में यह रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। तीसरे स्थान पर पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या हैं, जिन्होंने 586 मुकाबलों में 58 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। उन्होंने टेस्ट में 4, वनडे में 48 और टी20 इंटरनेशनल में 6 बार यह पुरस्कार जीता।



चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं, जिन्होंने 519 मैचों में 57 बार यह अवॉर्ड जीता। श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा 594 मैचों में 50 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड्स के साथ पांचवें स्थान पर हैं। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस सूची में 484 मैचों में 42 मैन ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ नौवें स्थान पर हैं। विराट कोहली के पास अभी भी वनडे और टेस्ट में प्रदर्शन कर सचिन तेंदुलकर के इस बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है।



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटन और क्रिस्टल पैलेस के खिलाड़ी।

## ब्रैडमैन एक महान बल्लेबाज, नहीं तोड पाया कोई उनका रिकॉर्ड

### - कई रिकॉर्ड आज भी है अटूट, जिन्हें तोड़ पाना बेहद मुश्किल

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया भर में क्रिकेट का सबसे महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन को माना जाता है। इसमें कोई अतिश्योक्ति भी नहीं है। डॉन ब्रैडमैन के कई रिकॉर्ड आज भी कोइ नहीं तोड पाया हैं। उनके रिकार्डो को तोड़ पाना बेहद मुश्किल है। खासतौर पर ब्रैडमैन का 99.94 का



टेस्ट बल्लेबाजी औसत एक ऐसा रिकॉर्ड है जो आज तक किसी भी बल्लेबाज के करीब नहीं आ सका। यह आंकड़ा क्रिकेट की दुनिया में एक बेंचमार्क है, जिसे महान सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और ब्रायन लारा जैसे दिग्गज भी पार नहीं कर पाए। सचिन का औसत 53.78, लारा का 52.88 और गावस्कर का 51.12 है, जो ब्रैडमैन के असाधारण औसत के मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा, ब्रैडमैन का इंग्लैंड के खिलाफ 5028 रन और 19 शतकों का रिकॉर्ड भी किसी बल्लेबाज के लिए चुनौती बना हुआ है।सचिन तेंदुलकर, जिनके नाम सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक हैं, ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 11 टेस्ट शतक बनाए, जबकि सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक ठोके। हालांकि, ये संख्या भी ब्रैडमैन के इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतकों से काफी दूर हैं। ब्रैडमैन का एक और बड़ा रिकॉर्ड 1936-37 एशेज सीरीज में कप्तान के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ 810 रन बनाना है, जो आज तक कायम है।
इस मामले में सुनील गावस्कर वेस्ट इंडीज के खिलाफ 732 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लारा और सचिन भी इस आंकड़े के करीब नहीं पहुंच सके। सबसे तेज 6000 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड भी ब्रैडमैन के नाम है, जिन्होंने इसे 68 पारियों में पूरा किया था। यह उपलब्धि भी आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ सका। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 6000 रन बनाने के मामले में गावस्कर (117 पारियां), सचिन (120 पारियां) और लारा (126 पारियां) भी ब्रैडमैन से काफी पीछे हैं। इस रिकॉर्ड के करीब कोई बल्लेबाज नहीं पहुंच पाया है।

## न्यूज़ीलैंड पर पारी की हार का खतरा मंडराया

गॉल (ईएमएस)। श्रीलंका के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी मेहमान टीम न्यूजीलैंड पर हार का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि श्रीलंका ने इस मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 500 रन से ज्यादा की बढ़त हासिल कर ली है। मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पांच विकेट 199 रनों पर ही खो दिये। इससे अब फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रनों की जरुरत है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल ने 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 32 रन बनाये थे। दोनों ने ही छठे विकेट के लिए 78 रन बनाये हैं।. न्यूजीलैंड ने सुबह पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन बनाये थे और सुबह के पहले सत्र में ही बचे हुए आठों विकेट खो दिये। इससे उसकी टीम 88 रन ही बना पायी। श्रीलंका के लिए पहली पारी में प्रबाथ जयसूर्या ने 42 रन देकर छह विकेट लिए जबकि पेइरिस ने 33 रन पर तीन विकेट लिए। कीवी टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पीछे थी। इस प्रकार उसे फॉलोआन खेलना पड़ा। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी की शुरुआत भी खराब रही और सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं उनके जोड़ीदार डेवोन कॉनवे 61 और कप्तान केन विलियमसन भी 46 रन ही बना पाये। धनंजय डिसिल्वा ने कॉनवे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। पेइरिस ने इसके बाद विलियमसन और रचिन रविंद्र को आउट करके न्यूजीलैंड की उम्मीदें तोड़ी दी। इस प्रकार टीम ने अपनी पांच बड़े विकेट 121 रनों के अंदर ही खो दिये। . ब्लंडेल और फिलिप्स ने हालांकि इसके बाद टीम को संभालने का प्रयास किया।

## श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर 2-0 से सीरीज जीती

गॉल (ईएमएस)। मेजबान श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली है। न्यूजीलैंड की टीम इस मैच में चौथे दिन फालोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 360 रन ही बना पायी। वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में केवल 88 रनों पर आउट हो गये। इस प्रकार उसे 514 रनों से पीछे होने के कारण फॉलोऑन खेलना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) की अच्छी पारियों से 360 रन बनाये पर ये पर्याप्त नहीं थे। कीवी टीम ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत तय हो गयी थी।
यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका की जीत में बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रहे कामिंदु मेंडिस की अहम भूमिका रही। प्रभात ने पहले मैच की तरह ही इस में भी 9 विकेट लिए और इस प्रकार सीरीज में 18 विकेट के साथ ही उन्हें सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। वहीं कामिंदु मेंडिस को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। कामिंदु ने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाये थे। कामिंदु ने इस पारी के साथ ही सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रुप से तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर पहुंच गए। प्रभात ने पहले टेस्ट मैच में भी 9 विकेट लिए थे। श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उसकी संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

## भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण जीते

लिमा (ईएमएस)। भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में खेली जा रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में ये पदक जीते हैं। भारत के चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलावल्ली ने 10 मीटर एयर पिस्टल की पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों को हासिल कर नंबर एक स्थान शीर्ष स्थान पाया। भारतीय निशानेबाज दूसरे स्थान पर रहने वाले रोमानियाई निशानेबाजों से 10 अंक आगे रहे। वहीं इटली के निशानेबाज 1707 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें कांस्य पदक जीता। भारत को हालांकि एक निशानेबाज उमेश चौधरी को फाइनल के लिए देर से पहुंचने से नुकसान हुआ और उनके दो अंक काटे गये जिससे वह व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण नहीं जीत पाये।

## आईपीएल खेलने वाले खिलाड़ियों को मिलेंगे हर मैच के 7.5 लाख रुपए : जय शाह

मुम्बई (ईएमएस)। अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों को प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस मिलेगी। ये उनके अनुबंध के अलावा 1.05 करोड़ रुपए हो सकती है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी दी है। जय शाह ने कहा कि हर फ्रेंचाइजी सत्र के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए रखेगी। जय शाह ने सोशल मीडिया पर कहा, आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस शुरू करने से उत्साहित हैं। इससे एक सत्र में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अलावा 1.05 करोड़ रुपए भी मिलेंगे। वहीं हर फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए आवंटित करेगी। इससे आईपीएल खेलने वाले हमारे खिलाड़ियों को लाभ होगा। वहीं आईपीएल नियम में भब बदलाव किया गया है। अब टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटने कर पायेंगी।

## केकेआर के मेंटर बने ब्रावो

मुम्बई (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर होंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में गेंदबाजी कोच रहे थे। ब्रावो को केकेआर में गौतम गंभीर की जिम्मेदारी दी गयी है। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने केकेआर का मेंटर बनने का प्रस्वाव स्वीकार कर लिया है। मैं इससे पहले सीएसके में रहा था इसलिए उसका भी आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही कहा कि सीएसके में मेरे प्रशंसकों और दुनिया भर के सभी सीएसके प्रशंसकों से मैं आपसे हमेशा की तरह मुझे अपना आशीर्वाद और समर्थन देने का अनुरोध करता हूं। मुझे पता है कि यह आप लोगों के लिए एक मुश्किल क्षण है पर यह एक ऐसा क्षण है जिसके लिए मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें मेरा समर्थन करना जारी रखें। ब्रवो ने आईपीएल में सीएसके के साथ 4 आईपीएल खिताब जीते हैं। उनके नाम आईपीएल इतिहास में 183 विकेट हैं। उन्होंने 2013 और 2015 में पर्पल कैप भी जीती थी। ब्रावो अपने जीवन में आने वाले नए अध्याय को लेकर उत्साहित हैं।

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

मुम्बई (ईएमएस)। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। इस टीम में तेज गेंदबाज मयंक यादव को प्रवेश मिला है। मयंक ने आईपीएल में 157 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह चोटिल होने के कारण तीन मैचों के बाद ही बाहर हो गये थे। वहीं अब फिट होकर इस तेज गेंदबाज ने वापसी की है। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में जगह मिलने से सभी हैरान हैं। भारतीय टीम को टी20 सीरीज में तीन मैच ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में खेलने हैं। नितीश कुमार रेड्डी टीम में नये चेहरे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव। टी20 में दोनों टीमें के बीच अब तक 14 टी20 मैच हुए हैं। इसमें बांग्लादेश को केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वहीं भारतीय टीम ने 13 मुकाबले जीते हैं।

# शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी की उम्मीदःअमेरिका के जॉब डेटा से लेकर विदेशी निवेशकों पर नजर, 5 फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबईः** इस हफ्ते शेयर बाजार में तेजी रहने की उम्मीद है। डोमेस्टिक और ग्लोबल इकोनॉमिक डेटा, ऑटो सेल्स डेटा, मार्केट वॉचडॉग सेबी की मीटिंग जैसे फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका ने कहा- उम्मीद है कि फ्रंटलाइन शेयरों के कारण बाजार में पॉजिटिव मोमेंटम जारी रहेगा। इस हफ्ते 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर बाजार बंद रहेगा। पिछले हफ्ते सेंसेक्स 1027 अंक चढ़कर 85,571 पर और निफ्टी 388 अंक चढ़कर 26,175 के स्तर पर बंद हुआ था।



### पांच फैक्टर्स से तय होगी बाजार की चालः

**1. पॉवेल स्पीच और इकोनॉमिक डेटाः** ग्लोबली निवेशकों की नजर 30 सितंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की स्पीच रहेगी। सितंबर की मीटिंग में रेपो रेट में 0.50% की कटौती के बाद ये स्पीच अहम मानी जा रही है। इसके अलावा, जॉब ओपनिंग्स, अनएम्प्लॉयमेंट रेट, नॉन-फार्म पेरोल, व्हीकल सेल्स और फैक्ट्री ऑर्डर डेटा पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिका सबसे बड़ी इकोनॉमी है, ऐसे में इसके हर बड़े फैसले का असर दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है।

**2. क्रूड ऑयल की कीमतों पर नजरः** हिजबुल्लाह लीडर हसन नसरल्लाह की मौत से मीडिल ईस्ट में टेंशन बढ़ गई है। ऐसे में निवेशकों की नजर तेल की कीमतों पर भी रहेगी। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स पिछले हफ्ते 3.66% गिरकर 71.95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। क्रूड अभी सभी प्रमुख मूविंग एवरेजेस से नीचे कारोबार कर रहा है। वहीं क्रूड फ्यूचर्स जुलाई के आखिरी हफ्ते से क्लोजिंग बेसिस पर 80 डॉलर प्रति बैरल के निशान से नीचे बना हुआ है। तेल की कम कीमतें भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए फायदेमंद हैं।

**3. डोमेस्टिक इकोनॉमिक डेटाः** निवेशकों का फोकस 30 सितंबर को जारी होने वाले अगस्त महीने के राजकोषीय घाटे और इंफ्रास्ट्रक्चर आउटपुट डेटा पर होगा। 2024 की जून तिमाही के करेंट अकाउंट और एक्सटर्नल डेट का डेटा भी 30 सितंबर को ही जारी होगा।। इसके अलावा, सितंबर के लिए मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज पीएमआई का फाइनल डेटा 1 अक्टूबर और 4 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। बैंक लोन और डिपॉजिट ग्रोथ नंबर्स 4 अक्टूबर को जारी होंगे। विदेशी मुद्रा भंडार का डेटा भी इसी दिन जारी किया जाएगा।

**4. ऑटो सेल्स डेटा जारी होगाः** सितंबर महीने के ऑटो सेल्स डेटा पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स, टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जैसे ऑटो स्टॉक फोकस में रहेंगे।

**5. घरेलू और विदेशी निवेशकः** निवेशकों की नजर घरेलू और विदेशी निवेशकों पर भी रहेगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई ने अकेले शुक्रवार (27 सितंबर) को 1209 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। घरेलू निवेशकों यानी डीआईआई ने 6886 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एफआईआई ने पिछले हफ्ते कैश सेगमेंट में 3,933 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, लेकिन सितंबर में उन्होंने अब तक 22,404 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। जबकि सप्ताह के लिए डीआईआई ने 15,962 करोड़ रुपए की खरीदारी की। महीने के लिए कुल निवेश 24,212 करोड़ रुपए हैं।

**6. ग्लोबल मार्केटः** अगले हफ्ते ग्लोबल मार्केट कैसा परफॉर्म करते हैं इस पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.33% बढ़कर 42,313 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक 0.39% गिरकर 18,119 पर बंद हुआ।

शुक्रवार को एशियाई बाजारों में भी तेजी देखने को मिली थी। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 2.32% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 3.55% की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2.88% चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स ने 27 सितंबर को 85,978 और निफ्टी ने 26,277 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद इसमें गिरावट रही।

# स्विगी सीईओ बोले- आधी रात तक काम क्यों करते होः कहा- सक्सेस के लिए पागल होना जरूरी नहीं

**नई दिल्लीः** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने कॉर्पोरेट वर्किंग में 'हसल-कल्चर' का विरोध करते हुए इसे एक 'नॉनसेंस' आइडिया कहा है। योरस्टोरी की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में कपूर ने कहा कि आधी रात तक काम क्यों कर रहे हो, किसने बोला है? घर जाओ, कुत्ता है, बीवी है, गर्लफ्रेंड है, बच्चे हैं, कुछ तो करो। रोहित का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कई नेटिजन्स ने उन्हें नॉर्मल बिहेवियर के लिए उनकी प्रशंसा की है। हालांकि 'हसल-कल्चर' पर इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति सहित कई भारतीय सीईओ लोगों से ऑफिस में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए ओवरटाइम काम करने की सलाह देते रहे हैं।



### सफल होने के लिए पागल होने की जरूरत नहीं

कपूर ने कहा कि कुछ बनने के लिए सब कुछ त्याग कर देना एक गलत सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि सक्सेस के लिए काम करते हुए पागल होना जरूरी नहीं है। कोई भी कड़ी मेहनत से भाग नहीं सकता क्योंकि जीवन में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता है, लेकिन पागल होने की कीमत पर नहीं।

कपूर का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईवाई पुणे में काम कर रहे सीए की मौत ने वर्क कल्चर के बारे में चर्चाओं को फिर से शुरू कर दिया है।

### रोहित के इस कॉमेंट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने काफी कॉमेंट किए...

- 'आखिरकार कोई हम सभी से सामान्य लोगों की तरह बात कर रहा है।'
- 'यह विचार स्विगी को जोमैटो को हराने में सक्षम बनाता है।'
- 'यह सच है, जो लोग 8 घंटे में अपना काम पूरा नहीं कर सकते, वे इसे 12-14 घंटे में भी पूरा नहीं कर पाएंगे।'
- 'आखिरकार किसी ने समझदारी भरी बात कही।'
- 'नारायण मूर्ति अपनी लोकेशन जानना चाहते हैं।'
- 'इस बारे में लोगों को ज्यादा बात करने की जरूरत है।'

# इस बार ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं: लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

### एमपीसी की मीटिंग 7-9 अक्टूबर को होगी

मुंबई : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग 7-9 अक्टूबर को होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में ब्याज दर पर फैसला लिया जाएगा। पिछली मीटिंग अगस्त को हुई थी, जिसमें कमेटी ने लगातार 9वीं बार दरों में बदलाव नहीं किया था। अक्टूबर में होने वाली मीटिंग में भी ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। मीटिंग के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 9 अक्टूबर को देंगे। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। RBI ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं।



### अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

इससे पहले 18 सितंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की थी। चार साल बाद की गई इस कटौती के बाद ब्याज दरें 4.75% से 5.25% के बीच हो गई थी। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है, ऐसे में इसके सेंट्रल बैंक के हर बड़े फैसले का असर दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है।

### 2020 से रिजर्व बैंक ने 5 बार में 1.10% ब्याज दरें बढ़ाईं

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कोरोना के दौरान (27 मार्च 2020 से 9 अक्टूबर 2020) दो बार ब्याज दरों में 0.40% की कटौती की। इसके बाद अगले 10 मीटिंग्स में सेंट्रल बैंक ने 5 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की, चार बार कोई बदलाव नहीं किया और एक बार अगस्त 2022 में 0.50% की कटौती की। कोविड से पहले 6 फरवरी 2020 को रेपो रेट 5.15% पर था।

### भारत में मार्च 2025 तक 0.50% की कटौती हो सकती है

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट डॉ. वी के विजयकुमार ने कहा कि भारत में मार्च 2025 तक 0.50% की कटौती हो सकती है। आरबीआई ने 8 फरवरी 2023 के बाद से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। अभी रेपो रेट 6.50% है। वॉलफोर्ट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के फाउंडर विजय भराड़िया ने कहा की कि दर में कटौती एक साहसिक कदम है जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सहित अन्य वैश्विक केंद्रीय बैंकों को सॉफ्टर मॉनेटरी स्टांस अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

## लॉफिंग ज़ोन

सेठ जी के रेडीमेड कपड़ो के शोरूम में चोरी हो गई। उनके एक खास दोस्त ने पूछा, 'आपके शोरूम में चोरी हो गई, काफी नुक्सान हुआ होगा?'

सेठ जी बोले, 'अरे भाई दीवाली के सीजन पर दी गई पैंतीस प्रतिशत छूट की वजह से इतना ज्यादा नुक्सान नहीं हुआ। अगर छूट न दी होती तो नुक्सान कहीं ज्यादा हो जाता।'

□ □ □

उदयपुर के पुराने महल को देखते हुए एक पर्यटक बहुत 'थक गया, वहीं पुराने जमाने की एक कुर्सी रखी थी। वह उसी पर बैठ गया। इस पर महल दिखाने वाला गाइड गुस्सा होकर बोला, 'साहब इस पर न बैठें यह कुर्सी महाराणा उदय सिंह की हैं।'

'बहुत थक गया हूं, भैया थोड़ी देर बैठ लेने दो। महाराणा आएंगे तो उठ जाऊंगा।' पर्यटक महाशय बोले।

□ □ □

अध्यापक अपने एक सबसे प्रिय छात्र से कहा, 'राजू तुम अपनी मां का कहना तो मानते होगे?'

'जी सर, वह जितना कहती हैं उससे भी ज्यादा मानता हूं।'

'वह कैसे?'

राजू 'जब मां कहती है जा। फ्रिज में रखी आधी मिठाई खा ले तो पूरी खा लेता हूं।'

## आज का इतिहास

1929 आविष्कारक फ्रिट्ज वान ओपेक ने राकेट चालित विमान का परीक्षण किया.

1949 रूसी नाकेबंदी के दौरान बर्लिन को अमरीका और ब्रिटेन ने आपूर्ति जारी रखी जो समाप्त हुई.

1966 जर्मन युद्ध अपराधी अल्बर्ट स्पीयर और बाल्डर वान शिराश को 20 साल की सजा काटने के बाद स्पांडाऊ जेल से रिहा किया गया.

1985 अमरीकी वैज्ञानिक चार्ल्स रिश्टर का निधन.

1989 भारत में निर्मित प्रथम पनडुब्बी शाल्की का जलावतरण.

1993 महाराष्ट्र के लातूर में आए भूकंप में 15 हजार से अधिक लोग मारे गए.

2001 कांग्रेस के लोकप्रिय नेता माधवराव सिंधिया का उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के निकट हुई एक भयंकर विमान दुर्घटना में निधन.

2002 भारत व श्रीलंका चैम्पियन्स ट्राफी के संयुक्त विजेता बने.

2005 शिलांग के गारो हिल्स में दो जिलों में पुलिस फायरिंग में 9 मरे व 89 घायल हुए.

## दैनिक पंचांग

**30 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.09 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 09.23 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.39 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.44 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.31 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.34 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 20.14 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 22.13 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.26 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 02.42 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.54 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 274 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 19.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 06.19 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 01.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 05.56 बजे तदनन्तर वणिज 19.07 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 54' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872118 **जूलियन दिन** 2460583.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 26 **विशेष** प्रदोष व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, त्रयोदशी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 6703



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पेंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होंठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

**शब्द पहेली -6702 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6244

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 15 | 38 | 36 | | | 27 | 16 | |
| 20 | | 3 | | 7 | | 8 | | 5 | 21 |
| 22 | 4 | | 2 | | | | 8 | | 20 |
| | | 3 | | 2 | | 3 | | 2 | 34 |
| | | | 6 | | 9 | | 7 | | 34 |
| 34 | | 7 | | 5 | | 8 | | | |
| 43 | 9 | | 3 | | 5 | | 7 | | |
| 15 | | 4 | | | | 5 | | 6 | 24 |
| 18 | 4 | | 8 | | 7 | | 5 | | 21 |
| | 24 | 19 | | | 40 | 41 | 20 | 15 | |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 6243 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 22 | 19 | 22 | | 23 | 22 | 17 | 16 | |
| 14 | 7 | 2 | 5 | | 7 | 8 | 9 | 2 | 26 |
| 16 | 3 | 8 | 5 | | 6 | 7 | 3 | 6 | 22 |
| 18 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | | | | |
| | | | | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 27 |
| 18 | 7 | 2 | 5 | 4 | | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | | 8 | 7 | 3 | 18 |
| | 21 | 11 | 13 | 27 | | 28 | 26 | 16 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5188

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | 6 | | 2 |
| 4 | 25 | 2 | 32 | | 36 | |
| | | | 6 | 7 | | 3 |
| | 31 | 3 | 42 | | 33 | |
| 3 | 2 | 7 | | 4 | 5 | |
| | 37 | | 35 | 3 | 30 | |
| 2 | | 6 | | 1 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5187 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 4 | 33 | 2 | 32 | 2 | 28 | 7 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 6 | 33 | 5 | 42 | 3 | 31 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 27 | 3 | 35 | 5 | 40 | 5 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली -4548

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 17 | | 77 | | 25 | | 20 | = | 49 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 3 | | 70 | | 50 | = | 55 |
| | | | | | | | | |
| 32 | | 24 | | 20 | | 10 | = | 18 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 40 | | 58 | | 75 | | 60 | = | 32 / 83 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली -4547**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 30 | + | 20 | - | 8 | = | 62 |
| - | | + | | + | | x | | - |
| 17 | - | 8 | + | 10 | + | 1 | = | 20 |
| + | | ÷ | | - | | + | | + |
| 40 | ÷ | 2 | x | 3 | ÷ | 10 | = | 6 |
| - | | + | | + | | + | | - |
| 20 | x | 5 | x | 3 | ÷ | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 23 | + | 24 | - | 30 | + | 43 | = | 36 / 60 |


## शब्दजाल - 6235

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | ग | म | गा | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| ट | रा | र | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ला | ती | ड़ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | म | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'हट' शब्द लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

छटपटाहट, जगमगाहट, चिकनाहट, झिलझिलाहट, चहचहाहट, चरमराहट, चिड़चिड़ाहट, तड़पाहट, बौखलाहट, बुलाहट

**शब्दजाल - 6234 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# मंईयां सम्मान यात्रा के सातवें दिन कारवाँ पहुँचा पश्चिम सिंहभूम ज़िला के मनोहरपुर, कोल्हान प्रमण्डल की महिलाओं के प्रति प्रकट किया जा रहा आभार

पश्चिम सिंहभूम : मंईयाँ सम्मान यात्रा के सातवें दिन की शुरुआत पश्चिम सिंहभूम ज़िला के मनोहरपुर स्थित मनीपुर मैदान से हुई। मंईयाँ सम्मान यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री श्रीमती बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच के कारण ही राज्य की महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रहीं हैं।



### महिलाएं कमजोर नहीं हैं , वे आत्मनिर्भर बन रही हैं

कृषि मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अब महिलाएं कमजोर नहीं हैं। वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने माननीय सांसद श्रीमती जोबा मांझी का उदाहरण देते हुए कार्यक्रम में आयीं हज़ारों महिलाओं से कहा कि उन्होंने अपने जीवन में बहुत सी मुश्किलों का सामना किया और आगे बढ़ी हैं । सरकार महिलाओं के साथ है। आप भी आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की यही सोच है।

### सरकार की सोच है कि महिलाएं आगे बढ़ें

मंत्री श्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इस योजना के आने से राज्य की महिलाएं बहुत खुश हैं। महिलाओं के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है।सरकार की सोच है कि गांव की महिलाएं घर से बाहर निकलें और आगे बढ़ें। उन्हें आर्थिक समर्थन सरकार देगी। गांव के विकास से झारखंड का विकास होगा। सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के माध्यम से अब तक झारखंड की लाखों महिलाओं को आर्थिक लाभ दिया है।

### जेएमएमएसवाई मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सराहनीय पहल

माननीय सांसद श्रीमती जोबा मांझी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा लाई गई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की पहल बहुत सराहनीय है। उनकी सोच दूरदर्शी है । वे झारखंड को विकास के पथ पर आगे लेकर जा रहे हैं। सर्वजन पेंशन,अबुआ आवास योजना ,सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना जैसी योजनाओं की शुरुआत कर झारखंड वासियों को इन योजनाओं से जोड़ रहे हैं। राज्य की हर महिला आत्मनिर्भर बने, इसी सोच के साथ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की गई है।

### जेएमएमएसवाई की तीसरी किस्त बहुत जल्द

माननीय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की दो किस्त बहनों के बैंक खाते में जा चुकी है। जल्द ही तीसरी किस्त भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्यार, सम्मान और प्रोत्साहन चाहिए। मंईयाँ सम्मान यात्रा महिलाओं के आत्मसम्मान को आगे ले जाने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलाएं बहुत योग्य हैं । महिलाएं अपने जीवन में बहुत कुछ कर सकती हैं । आप आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें खुद की पहचान बनानी है। हमें खुद के लिए लड़ाई लड़नी है और जीतना भी है।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं हज़ारों की संख्या में महिलाएँ उपस्थित थीं।

## चुनाव क्विज़ -2024 की ऑनलाइन परीक्षा पुनः 2 अक्टूबर को होगी

**रांची** : झारखण्ड राज्य के लिए "चुनाव क्विज़ - 2024" की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन स्थानीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिनांक 29 सितम्बर को किया गया था। यह परीक्षा पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए प्रातः 9 से 9:30 बजे के मध्य लॉगिन के साथ प्रारम्भ होनी थी। लेकिन कुछ तकनीकी खामियों के कारण कई प्रतिभागियों को लॉगिन में कठिनाईयां आईं जिस कारण वे अपनी परीक्षा पूरी नहीं कर सके। हालांकि बाद में तकनीकी कमी को दूर कर लिया गया लेकिन तब तक कई प्रतिभागी अपनी परीक्षा पूरी करने से वंचित रह गए। इसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने "चुनाव क्विज़ - 2024" की ऑनलाइन परीक्षा का पुनः आयोजन दिनांक 2 अक्टूबर को कराने का निर्णय लिया है, ताकि सभी प्रतिभागियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। पुनः होने वाले इस परीक्षा के लिए लॉगिन दिनांक 2 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे के मध्य किया जा सकेगा। लॉगिन के उपरांत परीक्षा पूरी करने के लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा। पंजीकृत प्रतिभागियों द्वारा यह परीक्षा लैपटॉप, डेस्कटॉप कंप्यूटर या मोबाइल किसी भी माध्यम से दी जा सकती है। दिनांक 29 सितम्बर की "चुनाव क्विज़ - 2024" की ऑनलाइन परीक्षा पुनर्परीक्षा के कारण निरस्त की गई है। 2 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा का परिणाम उसी दिन शाम 7 बजे क्विज वेबसाइट https://jharkhand.indiaelectionsquiz.com/ पर अपलोड कर दिया जाएगा।

## स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता सभी के जीवन प्रमुख हिस्सा बने - डॉ ब्रजेश




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में एन एस एस द्वारा आयोजित किए जा रहे स्वच्छता सेवा के अंतर्गत आज दिनांक 29 सितंबर को स्वच्छता संकल्प सभा एवं जागरूकता रैली का आयोजन बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में किया गया। इस अवसर पर आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता हमारे जीवन का प्रमुख हिस्सा बनाने की आवश्यकता है एवं हमारे सोच में स्वच्छता दिखनी चाहिए।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सपना देखा था कि हमारा देश संपूर्ण स्वच्छ बनें इसके लिए सामूहिक रूप से कार्य करना होगा एवं स्वच्छ, सुंदर एवं हरित देश के निर्माण में सबको अपना बहुमूल्य समय देना होगा। आज राँची विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से स्वच्छता जागरूकता रैली का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ चंचल लकड़ा एवं डॉ शिल्पी आभा खलखो ने किया। स्वच्छता जागरूकता रैली बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ होकर डीएस पी एम यू, आर्ट्स ब्लॉक, हातमा बस्ती एवं सरना टोली से होते हुए पुनः बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में समाप्त हो गया। जागरूकता रैली का दौरान एन एस एस के स्वयंसेवक " ,महात्मा गांधी का यह संदेश - गंदगी मुक्त हो अपना देश, स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता , स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छता अभियान सभी के लिए स्वाभिमान आदि नारा लगा रहे थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ भारती द्विवेदी,डॉ कुमारी उर्वशी, अनुभव चक्रवर्ती,टीम लीडर्स क्रमशः रिकेष, पुरुषोत्तम, क्षणिका, विधी, कुमार शौर्य खलखो आदि का उल्लेखनीय भूमिका रही।

## बिष्टुपुर नरभेराम स्कूल में राजेश्वरी मोदी ने बताया 'आजीवन खुश रहने का मंत्र'



जमशेदपुर। रविवार को बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार (एनआरएसपी) टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज (''आजीवन खुश रहने का मंत्र'') कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (गुरू मां राज दीदी) ने लगभग ढाई घंटे तक प्रशंसा, प्रेरणा व प्रोत्साहन से पाएं सुख, शांति, समृद्धि से संबंधित सकारात्मकता से भरे अपने विचार विस्तार से कई प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा जीवन दो जोन में बंटा है। ए यानि सकारात्मकता और बी यानि नकारात्मकता। उन्होंने दोनों जोन के बारे में कहानियों के माध्यम से समझाया। राज दीदी ने घर के सदस्यों सास-बहू, जेठानी, देवरानी, से लेकर दोस्तों के बीच की नकारात्मकता को दूर करने की चर्चा की। राज दीदी ने जीवन जीने के मंत्र के 5 -सूत्र भी सबसे साझा किये। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपकी बुराई करें तो उसे नजर अंदाज करें। उसकी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदले। राज दीदी ने आगे कहा कि हर व्यक्ति के जुबान पर माँ सरस्वती विराजमान है। विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही बेहतर जीवन का निर्माण करती हैं। आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे। हर्ट न हों क्योंकि हर्ट सबसे निम्न तर की ऊर्जा है जो आपके जीवन में आते हुए सुख, शांति, समृद्धि को रोकती है। हमें हमेशा शुभ और सकारात्मक बातें करनी चाहिए। किसी भी मनुष्य को अपशब्द और नकारात्मक बातें नहीं करनी चाहिए। तोल मोलकर बोले व शब्दों की शक्ति को पहचाने। ऐसा नहीं बोले जिससे किसी को तकलीफ हो। उन्होंने कहा कि जो दूसरों को देंगें वही आपको वापस मिलेगा। किसी को हर्ट करेंगें तो हर्ट होगें और तब हर्ट हो तो आत्मचितन करें। राजेश्वरी मोदी ने कहा कि जीवन की भाग दौड़ व तेज गति में किसी का भी हक ना लें। अपने निर्मल मन व सहज स्वभाव से जीवन को आसान बनाया जा सकता है। अनेक प्रश्नो के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्नेह सब पर खूब बरसायें। स्नेह व समर्पण से हम लोगो का विश्वास जीतते है जो हमे जीवन पर्यंत खुशियां देता है। मौके पर संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल (सुल्तानिया) ने बताया कि एनआरएसपी लगातार सतयुग लाने के लिए काम कर रहा है, जहां लोग विचारों, शब्दों और कर्मों में सकारात्मक हैं। एनआरएसपी का मानना है कि अच्छे स्वास्थ्य, धन, सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर एक सफल जीवन के प्रबंधन, नेतृत्व और जीने में संबंध मुख्य बल हैं।


## मधुपुर के पतरो नदी में युवक डूबा, दोस्तों के साथ गया था पार्टी मनाने

मधुपुर थाना क्षेत्र के पतरो नदी में डूबने से भेड़वा निवासी 28 वर्षीय ग्यासुद्दीन अंसारी नामक युवक की मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद शनिवार देर रात मृतक का शव नदी से निकाला गया। घटना को लेकर मृतक के पिता मो मोईनुद्दीन ने धीरज कुमार ठाकुर व किशन कुमार दे को नामजद अभियुक्त बनाते हुए हत्या का मामला दर्ज किया है। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार हैं। इधर परिजनों व आक्रोषित ग्रामीणों ने रविवार को आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर शव के साथ मधुपुर- गिरिडीह मुख्य मार्ग के डालमिया कुप के पास करीब एक घंटे तक जाम कर दिया और जमकर हो हंगामा किया। जाम की सूचना पर एसडीपीओ सुमित सौरव लकड़ा,थाना प्रभारी त्रिलोचन तामसोय एसआई मो०नईम, शंकर रजक, मोहम्मद औरंगजेब, मोहम्मद युसूफ मल्लिक, सुमित कुमार एएसआई सामांत कुमार पुलिस जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आक्रोषित परिजनों और लोगों को समझाया।

## हक और अधिकार से वंचित युवाओं की सशक्त आवाज है युवा आजसू

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : सरकार ने चुनाव से पहले युवाओं से कई लोकलुभावन वादें किए थें। 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाली सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलने का काम किया है। युवा आज पेपर लीक, परीक्षा परिणाम और नियुक्ति पत्र जैसी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है।

उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उनके कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू के मिलन समारोह में कही। इस दौरान आशीष कुमार चौरसिया उर्फ प्रधान जी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 46 के बड़ी संख्या में युवाओं ने युवा आजसू की सदस्यता ग्रहण की।



उन्होंने कहा कि युवा आजसू शुरुआत से ही युवाओं से जुड़े सभी प्रकार के मुद्दों को मुखरता से उठाती आई है। हक और अधिकार से वंचित राज्य के युवाओं की सशक्त आवाज बन चुका है युवा आजसू। युवाओं का बढ़ता विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, अभिषेक झा, प्रशांत पाठक, रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहें।

इन्होंने सदस्यता ग्रहण की -

जितेंद्र शर्मा, रवि शंकर सिंह, उमेश साहू, समुद्र कुमार चौरसिया, चंदन वर्मा, अनुज झा, सूरज वर्मा, टिंकू मिश्रा, अमरजीत चौहान, कृष्ण मुरारी चौधरी, देव कुमार कुमार, राकेश कुमार यादव, दिनेश सिंह, शैलेश कुमार सिंह, अभिषेक कुमार दीपक रंजन, राहुल रंजन अरविंद मुखिया, मनोज चंद्रवंशी, मनु कुमार, संजय चंद्रवंशी, संतोष कुमार चौधरी, कुमार अभिषेक, नागेंद्र कुमार, सुदामा कुमार सिंह, आनंद द्विवेदी, देवेंद्र कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार, मोहन चंद्रवंशी, मनीष कुमार ,अंकित कुमार, मिथिलेश कुमार, राकेश कुमार, नगीना, संदीप कुमार सिंह, बलराम कुमार, अविनाश कुमार, अमरेश सिंह, मनोज कुमार, जितेंद्र मालाकार, राहुल कुमार कुंदन कुमार सिंह, श्रवण कुमार गहलोत, गया सिंह, आनंद कुमार, विकास कुमार ,राधे महतो, सीताराम महतो ,सुरेश साहू, संतोष ठाकुर ,संजय ठाकुर, गुंजन गोपाल, अजय कुमार वर्मा, अमित कुमार ,सोनू महतो समेत कई युवाओं ने युवा आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

## भू-माफियाऔर बाहरियो के द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा का ग्रामीणों ने किया विरोध

रांची(मोहसिन आलम):बुटी गांव के टंगराटोली में गैर मजरूआ खास जमीन को भू माफियाऔर बाहरियो के द्वारा जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, जिसका खाता संख्या 139 प्लॉट नं 1849, कुल रकबा 68 डिसमिल है। जिसे रविवार क्रो बुटी,खिजूर टोला, महुरम टोली,डुमरदगा आदि गांव के ग्रामीणों ने अवैध निर्माण पर रोक लगा दी है और जब तक जमीन मालिकों और ग्रामीणों के साथ बैठक करके एक सहमती नही बन जाती है तब तक काम को पूर्ण रूप से प्रशासन से रोक लगाने की मांग की गई है। जमीन के मालिक 9 थे। सभी के वंशजों एवं ग्रामीणों के साथ आम सहमती नही बनती है, तब तक आगे कुछ काम नही होगा, जमीन मालिकों के नाम निरंजन चौधरी, महेश चौधरी, चिंता मणि महतो, रामनाथ महतो, बोधनाथ ओहदार, जनक नाथ ओहदार, बलदेव नाथ ओहदार, मोगा चौधरी, तीर्थ नाथ महतो हैं।ज्ञात हो कि जनहित में तत्कालीन सांसद राम टहल चौधरी द्वारा सांसद निधि से उपरोक्त प्लॉट के पूर्व दिशा में



जन जागृति मंच सह वाचनालय का निर्माण आम सहमति से कराया गया था, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राम टहल चौधरी तत्कालीन सांसद द्वारा 9 मार्च 2019 को किया गया एवं मंच द्वारा उस समय से कार्यालय का देखरेख एवं सामाजिक कार्य किया जाता रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि इस विषय पर कभी जमीन दलाल या भू माफिया द्वारा मंच के पदाधिकारीगण से संपर्क किए बगैर निर्माण को जारी रखा जाता है। जिसका बीच-बीच में विरोध होता रहा है लेकिन धनबल और षड्यंत्र के तहत लोग इस भूमि पर काबिज होने का विगत एक साल से प्रयास जारी रखा है।परेशान होकर बुटी मोड़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने उक्त प्लाट पर जाकर वहां चल रही काम पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। मौके पर तीन जमीन मालिक, सैकड़ों ग्रामीणों के साथ उपस्थित थे। ग्रामीणों का नेतृत्व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रांची जिला महानगर अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने किया। मौके पर शिक्षाविद मोहनलाल महतो, जन जागृति मंच के कार्यकारी अध्यक्ष महावीर मुंडा, वरीय उपाध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष अजीत महतो, उपाध्यक्ष कर्मदेव बैठा, संरक्षक राजलक्ष्मी वाला,मंजिता देवी, महेंद्र महतो, राम ओहदार आदि उपस्थित थे।

## गैंगस्टर गणेश सिंह के शूटर की हत्याःजमशेदपुर के डिमना रोड पर दिनदहाड़े फायरिंग

जमशेदपुरः रविवार सुबह जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र के डिमना रोड पर करीब 11 बजे अपराधियों ने विकास साहू उर्फ कांड़ा की गोली मारकर हत्या कर दी। बाइक पर सवार अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया और डिमना चौक की ओर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही विकास के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपराधियों ने विकास के गले के पीछे की ओर गोली मारी थी।

### सीसीटीवी की छानबीन कर रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही उलीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार, आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, और मानगो थाना प्रभारी निरंजन कुमार एमजीएम अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उसे सील कर दिया। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान हो सके।

### जाम का फायदा उठा मारी गोली

विकास के चचेरे भाई प्रिंस के अनुसार, विकास मिठाई बनाने और बेचने का काम



करता था। हर दिन सुबह वह पान दुकान जाता था और फिर गणेश सिंह के घर जाने की योजना होती थी। रविवार को भी वह स्कूटी से पान दुकान के लिए निकला, लेकिन घर से 100 मीटर दूर सड़क पर लगे जाम का फायदा उठाते हुए अपराधियों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

### गैंगस्टर गणेश सिंह का शूटर था विकास

विकास कुख्यात गैंगस्टर गणेश सिंह का शूटर था। वह कोरोना काल में आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका था। हाल ही में पुलिस ने उस पर सीसीए के तहत कार्रवाई की थी और उसे हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया था। शनिवार रात को उलीडीह थाना प्रभारी ने विकास से फोन पर संपर्क किया था, लेकिन विकास ने किसी खतरे या परेशानी से इनकार किया था।

## चौपारण थाना प्रभारी ने शराब तस्करों के मंसूबों पर फेरा पानी, भारी मात्रा में अवैध शराब के खेप को पकड़ा

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चौपारण(हजारीबाग): चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व मे चौपारण पुलिस ने बीती रात्री को भारी मात्रा मे अवैध शराब जप्त कर तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया। इस संबंध मे थाना प्रभारी ने बताया की पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा गुप्त सूचना मिली कि ग्राम रामपुर में एक बोलेरो वाहन सं० BR27 9144 पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लोड कर तस्करी करने के लिये बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर टीम गठित कर त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम कठम्बा के पास पहुंचा तथा उक्त बोलेरो वाहन के आने का इंतेजार करने लगा कुछ समय बाद उक्त बोलेरो आते हुए दिखाई दिया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रुकने का इशारा किया गया परन्तु पुलिस बल को देखकर बोलेरो चालक गाड़ी को रोककर गाड़ी से उतर कर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से भाग रहे चालक को पकड़ लिया गया। पुलिस गिरफ्त में आए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम लालु यादव पिता धनराज यादव ग्राम- अम्बातरी थाना- चौपारण जिला हजारीबाग बताया तथा बोलेरो का




विधिवत तलाशी लेने पर गाड़ी के अन्दर 23 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 10 पेटी केन बियर बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-338/24 दिनांक- 29/09/24 धारा-317(5)/3(5)/272/274/275/292 'भा0न्या0नं0 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर पुलिस गिरफ्त में आए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया एवं अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।छापेमारी दल मे थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, बादल कुमार महतो, जेठा हेम्ब्रम एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अजय कुमार ने 500 लोगों के बीच किया पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण , कहाः लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्रतिबद्धता

जमशेदपुर । पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने गोलमुरी स्थित दुसाध भवन में 500 लाभुकों के बीच पेंशन का प्रमाण पत्र, राशनकार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया. इस दौरान लगभग 200 लोगों के बीच वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र, 150 राशनकार्ड और 150 लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया. मौके पर डा. अजय कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्रतिबद्धता है. हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिला सकें. इसके लिए लगातार जनकल्याण रथ के माध्यम से जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन सरकारी योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे है. अभी तक 10 हजार से ज्यादा लोग जनकल्याण ऱथ से लाभांवित हो चुके हैं. हजारों की संख्या में मईंया सम्मान योजना का लाभ आधी आबादी को मिल चुका है. जनकल्याण रथ हमेशा लोगों का सहयोग करता रहेगा. डा. अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही है. कुछ लोगों को राज्य में हो रहे विकास कार्य दिख नहीं रहे हैं , उन्हें अपना चश्मा ठीक करा लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां राज्य की आधी आबादी को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा मईंया सम्मान योजना चलायी जा रही है.

## सीआईआई झारखंड ने कृत्रिम बुद्धिमता को लेकर विवांता होटल में आईसीटी कॉनक्लेव के 5वें संस्करण का आयोजन किया

जमशेदपुर । सीआईआई झारखंड ने "भविष्य के विकास को खोलना और अगले युग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा रणनीतियों का तालमेल" विषय पर आईसीटी कॉन्क्लेव के 5वें संस्करण का आयोजन गोलमुरी स्थित होटल विवांता में किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा के एकीकरण पर विचार-विमर्श किया, जिससे बुद्धिमान और सुरक्षित डिजिटल परिवर्तन के एक नए युग की नींव रखी जा सके। तकनीकी प्रगति की शक्ति पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा रणनीतियों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, कॉन्क्लेव का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा रणनीतियों के संलयन को अगले युग में उद्योगों के विकास के लिए अंतिम विकास इंजन के रूप में देखना था। सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष और एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रंजोत सिंह ने अपने स्वागत भाषण के साथ सत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि "डिजिटल होना वह है जो हम किसी भी अन्य चीज़ से




ज़्यादा करते हैं और यह पिछले दो दशकों में एक बहुत बड़ा बदलाव है। उन्होंने मेक इन इंडिया पर ज़ोर दिया और कहा कि भारत को बहुत जल्द डिजिटल रूप से विकसित देश बनाना है। आज हम डिजिटल राजस्व के मामले में 5.5 बिलियन की अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं और अर्थव्यवस्था का लक्ष्य 2032 तक 55.37 बिलियन तक पहुँचना है। भारत को पूरी तरह से विकसित करने के लिए बहुत सारे अवसर होने जा रहे हैं और उन अवसरों के साथ-साथ चुनौतियाँ भी हैं। मौके पर सरजीत झा, संयोजक आईसीटीई, स्टार्टअप और इनोवेशन पैनल और प्रमुख-बिजनेस ट्रांसफोमेशन सर्विसेज एंड डिजिटल, टाटा स्टील लिमिटेड ने कहा, "हम डेटा संचालित निर्णय लेने के युग में हैं और डेटासेंटर मंदिर हैं। उन्होंने भारत के डेटा केंद्रों पर दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती संपत्ति के रूप में जोर दिया। 1.451 बिलियन की आबादी के साथ, भारत डेटा में समृद्ध है और प्रति व्यक्ति डेटा खपत में अग्रणी है। उल्लेखनीय रूप से वैश्विक रूप से सभी डिजिटल लेनदेन का 40% भारत में होता है, जो जीडीपी में पांचवें स्थान पर है। उन्होंने भारतीय एसएमई से इन अवसरों को भुनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने का आग्रह किया। सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष और हाईको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ तपस साहू ने कहा कि हमें डिजिटलीकरण को एक संस्कृति के रूप में स्वीकार करना चाहिए, इसे समझना चाहिए, इसकी कल्पना करनी चाहिए, इसे अपनाना चाहिए और यही आगे बढ़ने का तरीका है। श्री साहू ने इस प्रतिमान बदलाव को एक आकर्षक केस स्टडी के साथ दर्शाया जिसमें अमेरिका के सात शीर्ष वकीलों की तुलना एक एआई से की गई , ताकि यह देखा जा सके कि कौन कानूनी निर्णय तेजी से ले सकता है। वकीलों को सही निर्णय लेने में छह दिन लगे, जबकि एआई ने इसे केवल चार घंटों में किया। यह दिखाता है कि एआई कार्यों को गति दे सकता है और दक्षता में सुधार कर सकता है। उन्होंने सभी से विकास के लिए डेटा और नई तकनीकों को स्वीकार करने और चुनौतियों को स्वीकार करने और आगे बढ़ने का आग्रह किया।

सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष और टाटा स्टील लिमिटेड, टिनप्लेट डिवीजन के ईआईसी उज्ज्वल चक्रवर्ती ने उद्योगों को डिजिटल परिवर्तन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि प्रौद्योगिकी में अधिक जानकारी प्राप्त करने की अपार संभावनाएं हैं। सीआईआई भारतीय उद्योग परिसंघ निर्णय लेने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और कंपनियों के लिए नए राजस्व स्रोत खोलने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एआई और डेटा रणनीतियों के बीच इस नए युग के सहयोग पर विचार-विमर्श किया कि वे उद्योगों को नया आकार देने, नवाचार को बढ़ावा देने और संगठनों को तेजी से जटिल होते वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने में कैसे महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, "डेटा नया तेल है और एआई वह इंजन है जो इसे कल के नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए परिष्कृत करता है" । सीआईआई आईसीटीई, स्टार्टअप और इनोवेशन पैनल के सह-संयोजक और स्पार्क्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट प्रेसिडेंट शिवम कमानी ने सीआईआई के उन सत्रों के आयोजन की सराहना की जो समय पर, प्रासंगिक हैं और विभिन्न उद्योगों में प्रौद्योगिकी विकास और डिजिटल विकास को बढ़ावा देते हैं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।